सूर्योदय 7:3 सूर्यास्त 6:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.6 न्यू | 17.6 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 17.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77311.80 |
| निफ्टी | 23381.60 |
| सोना 85,665 | चांदी 95,533 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मैं खास प्लानिंग के साथ उतरा था बल्लेबाजी करने

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 11 फरवरी 2025 | 29 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 44, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमृतसर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए 'विस्फोट' में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। इस दौरान एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को गोली लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सांसद इंजीनियर राशिद को मिली कस्टडी पैरोल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से सांसद इंजीनियर राशिद को दिल्ली हाईकोर्ट ने दो दिन की कस्टडी पैरोल दी है। यह पैरोल उन्हें संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दी गई है। पैरोल की मांग को लेकर इंजीनियर राशिद कुछ दिनों से भूख हड़ताल पर थे। इसके चलते उनकी तबीयत भी बिगड़ गई थी और उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राशिद को 2016 में जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत अरेस्ट किया गया था। 2019 से वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। राशिद ने जेल में रहते हुए ही 2024 लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

### लंपी स्किन डिसीज के लिए वैक्सीन को लाइसेंस

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ग्रुप की कंपनी बायोवेट की डेयरी पशुओं को होने वाली बीमारी लंपी स्किन डिसीज के लिए बनाई वैक्सीन को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने लाइसेंस दे दिया है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया की पहली वैक्सीन है जो तेजी से फैलने वाले वायरल इन्फेक्शन से मवेशियों को बचाएगी। इस बीमारी के लक्षणों में बुखार, त्वचा पर सूजन और लिम्फ नोड्स का बढ़ना शामिल हैं। बायोवेट ने इस वैक्सीन को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से तैयार किया है।

### कुपवाड़ा में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**जम्मू।** भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) ने संयुक्त रूप से कुपवाड़ा के करनाह तहसील के अमरोही गांव में तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। बरामदगी में 2 एके-47 राइफलें, 2 एके मैगजीन और 12 एके राउंड्स (7.62 मिमी) हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

28 से पहले निजी क्लीनिकों का करवाएं पंजीकरण: सीएमओ -पेज 2
ई-परिवार पर 99.84 प्रतिशत परिवार सदस्य सत्यापित: सुक्खू -पेज 3
प्रदेश में 90 पंचायत भवनों का होगा निर्माण, राशि जारी -पेज 6
स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे ट्रंप -पेज 13
इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर -पेज 14

# सोनिया गांधी ने जनगणना में देरी पर केंद्र सरकार को घेरा

## कहा- कानून से वंचित 14 करोड़ लोगों को नहीं मिल रहा हक, खिलाएगा कौन?

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बोलीं- खाद्य सुरक्षा सभी का मौलिक अधिकार**

**कांग्रेस** संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राज्यसभा में जनगणना में देरी पर केंद्र सरकार की आलोचना की और उसे जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि 14 करोड़ लोग भारतीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) से वंचित हैं, उन्हें खिलाएगा कौन? उन्होंने सरकार से जल्द जनगणना कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। उन्होंने जनगणना कराने में चार साल की देरी का जिक्र करते हुए चिंता जताई कि इस साल भी जनगणना होने की संभावना नहीं है।

सितंबर, 2013 में यूपीए सरकार का पेश किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम देश की 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल थी। इसने लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर कोविड-19 संकट के दौरान। इस अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए आधार बनाया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत ग्रामीण आबादी का 75 फीसदी और शहरी आबादी का 50 फीसदी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के हकदार हैं। वहीं, संसद में मंगलवार को महाकुंभ भगदड़ को लेकर हंगामा हो सकता है।

## सोने की नीलामी के नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई: सीतारमण



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि भारत में सोने की मांग कम नहीं हुई है और इसके विपरीत, यह बढ़ रही है। यदि कोई उधारकर्ता स्वर्ण ऋण का भुगतान करने में विफल रहता है तो बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की ओर से सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने को लेकर कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) समान नियमों की ओर से निर्देशित होते हैं। उनका कहना था कि यदि कोई उधारकर्ता स्वर्ण ऋण का भुगतान करने में विफल रहता है, तो बैंक या एनबीएफसी को नीलामी के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन एनबीएफसी और बैंकों की ओर से सोने की नीलामी के लिए बहुत अच्छी तरह से निर्धारित और सख्त प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने लोकसभा को बताया कि इन प्रक्रियाओं का पालन एनबीएफसी और बैंकों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि इन प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया जाता है, तो वास्तव में इस पर हमें कार्रवाई करनी होगी, लेकिन प्रक्रियाओं का पालन बैंकों द्वारा किया जाता है। वित्त मंत्री ने स्वर्ण ऋण भुगतान में चूक होने पर संस्थाओं की ओर से सोने की नीलामी किए जाने के संबंध में द्रमुक नेता कनिमोझी करुणानिधि के पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए यह टिप्पणियां कीं।

# यूपीएस लागू करने पर कैबिनेट में करेंगे चर्चा: विक्रमादित्य

## बोले- हिमाचल में जब ओपीएस लागू की, तब यूपीएस नहीं थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) को लागू करना है या नहीं, इस पर कैबिनेट मीटिंग में चर्चा की जाएगी। इसमें कर्मचारियों के नफा-नुकसान का ध्यान रखा जाएगा। स्टेट पर फाइनेंशियल बर्डन, जिससे कम हो, यह सब देखा जाएगा।

विक्रमादित्य के इस बयान के बाद कर्मचारियों में हलचल है। हिमाचल के कर्मचारी यूपीएस को खारिज कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस वक्त ओपीएस लागू किया था, तो उस दौरान यूपीएस नहीं था। केंद्र ने अब यूपीएस लागू किया है। लिहाजा, अब इसे लेकर भी चर्चा के बाद फैसला करेंगे। हमारा मकसद कर्मचारियों के हित देखना है। उन्होंने कहा कि केंद्र के पास हिमाचल के कर्मचारियों के 9000 करोड़ रुपए फंसे हैं, इसलिए पर्सनल डिपार्टमेंट बार-बार केंद्र से पत्राचार कर रहा है।



केंद्र को भी हर चीज को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। हम संघीय ढांचे में रह रहे हैं। राज्य और केंद्र सबके अपने-अपने अधिकार हैं। बता दें कि केंद्र सरकार भी हिमाचल को बार-बार चिट्ठी लिखकर यूपीएस लागू को कह रहा है, लेकिन अब तक राज्य सरकार केंद्र के दबाव के आगे नहीं झुकी। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने एनपीएस की जगह ओपीएस को बहाल कर दिया है। इससे 2003 के बाद भर्ती जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं, उन्हें पुरानी पेंशन मिलनी शुरू हो गई है। 2003 से 2023 के बीच का केंद्र के पास इन कर्मचारियों का एनपीएस के तौर पर 9000 करोड़ रुपए जमा है। केंद्र इसे हिमाचल को नहीं लौटा रहा है। इसी तरह हिमाचल में ओपीएस बहाल करने के बाद केंद्र ने एनपीएस के बदले मिलने वाली ग्रांट भी बंद कर दी है।

## एलओसी पर पाकिस्तान की कायराना हरकत सेना की टुकड़ी पर फायरिंग, एक जवान घायल

**एजेंसी, जम्मू**


**जम्मू**-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर स्थित (एलओसी) कलाल क्षेत्र में सोमवार को पाकिस्तान ने एक बार फिर से अपनी कायराना हरकत को अंजाम दिया है। दोपहर 2.40 बजे भारतीय सेना की टुकड़ी सीमा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान भारतीय सैनिकों को निशाना बना कर पाकिस्तान की ओर से स्नाइपर हमला किया गया।

इस हमले में भारतीय सेना का एक जवान घायल हुआ है। घायल सैन्य जवान को प्राथमिक उपचार के दौरान हवाई मार्ग से सैन्य अस्पताल 150 जीएच राजौरी शिफ्ट किया गया। घायल सैन्य जवान की पहचान हवलदार पुरन सिंह 4 कमाऊ (कलाल बटालियन) के रूप में हुई है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू की बिगड़ी तबीयत, सभी बैठकें रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू बीमार पड़ गए हैं, उन्हें वायरल फीवर हो गया है, जिसके चलते उन्होंने अपनी सभी आधिकारिक बैठकों को स्थगित कर दिया है।



सीएम सुक्खू के अस्वस्थ होने के कारण जनता दरबार भी नहीं लग सका। इससे आम लोगों को उनसे मिलने का अवसर नहीं मिला। मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूरा दिन आराम करने का निर्णय लिया है।

वह अपने सरकारी आवास ओक ओवर में ही रह रहे हैं, जहां डॉक्टरों की एक टीम उनकी नियमित जांच कर रही है। उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सचिवालय आने का कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है।

सीएम कार्यालय के अनुसार, डॉक्टरों ने उन्हें पूर्ण आराम की सलाह दी है, ताकि वह जल्द से जल्द स्वस्थ होकर पुन: अपने कार्यों को संभाल सकें। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लोग उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# आग से रोहड़ू में दो मंजिला पुश्तैनी मकान जलकर राख

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**हिमाचल** के शिमला जिले के रोहड़ू के नावर टिक्कर के टीलूधार में आग लगने से दो मंजिला पुश्तैनी घर जलकर राख हो गया। इसमें करीब 6 कमरों के अलावा रसोई और बाथरूम जलकर राख हो गए।

गनीमत यह रही कि घटना के वक्त घर में कोई नहीं था, जिसके कारण इस अग्निकांड में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। यह घटना रविवार देर रात को पेश आई, जब टीलूधार में नैंटा परिवार के पुश्तैनी घर में अचानक आग लग गई। मकान पुराने किस्म का लकड़ी से बना हुआ था, जिसके कारण चंद



मिनटों में आग पूरे घर में फैल गई और मकान जलकर राख हो गया। मकान में आग की लपटें देख परिजनों और ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी और ग्रामीण स्वयं आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही घर पूरी तरह जलकर राख हो गया है। आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी संजू ने बताया कि सूंदर नैंटा, सुरजन नैंटा और बलवन नैंटा तीनों भाइयों का पुश्तैनी मकान था, लेकिन वर्तमान समय मे मकान में कोई नहीं रह रहा था। लाखों के नुकसान का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

# लाहौल-स्पीति का ताबो सबसे ठंडा, न्यूनतम तापमान -5.6 डिग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पर्वतीय इलाकों में आज बर्फबारी की संभावना**

**हिमाचल** प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को मौसम साफ रहा। इससे औसतन न्यूनतम तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस का उछाल दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, सिरमौर, चंबा और शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम बिगड़ सकता है। इन इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना जताई है। वहीं, 12, 13 और 14 फरवरी को प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। 15 और 16 फरवरी को फिर से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के तीन स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है। सबसे ठंडा क्षेत्र लाहौल-स्पीति का ताबो रहा, जहां न्यूनतम तापमान -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज गया। केलाग में न्यूनतम तापमान -4 डिग्री और कुकुमसेरी में -3.1 डिग्री रहा। किन्नौर जिले के कल्पा में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## 'परीक्षा पे चर्चा' : प्रधानमंत्री मोदी ने स्टूडेंट्स को दिया गुरुमंत्र

# खुद को चुनौती दें; लेकिन परीक्षा का दबाव न लें, पेरेंट्स पढ़ाई का प्रेशर न डालें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण के प्रसारण में पोषण, दबाव पर नियंत्रण और नेतृत्व जैसे कई मुद्दों पर छात्रों से बातचीत की। मोदी ने छात्रों से कहा कि 'ज्ञान' और परीक्षा दो अलग-अलग चीजें हैं। किसी को भी परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए।

देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए छात्रों के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि छात्रों को किसी दायरे में बांधा नहीं जाना चाहिए और उन्हें अपनी अभिलाषा



को तलाशने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीएम ने छात्रों से कहा कि खुद को चुनौती दें, लेकिन परीक्षा का दबाव न लें। पेरेंट्स भी पढ़ाई का प्रेशर न डालें। पीएम ने 10वीं ओर 12वीं के स्टूडेंट्स से बोर्ड एग्जाम्स को लेकर भी बातचीत की।

### मोदी विदेश दौरे पर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस दौरे पर रवाना हुए। पीएम मोदी पहले फ्रांस में 10 से 12 फरवरी तक रहेंगे और उसके बाद अमेरिका जाएंगे, जहां वह 12 से 14 फरवरी तक रुकेंगे।

# हमीरपुर के डॉ. सुभाष यंग टैलेंट में शुमार

## स्क्रब टाइफस पर किए शोध को मिली शाबाशी, अब पोलैंड में सेमिनार में लेंगे हिस्सा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हमीरपुर** जिले से ताल्लुख रखने वाले डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा यंग टैलेंट में शुमार हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज नेरचौक में कार्यरत मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुभाष अब मई महीने में पोलैंड के क्रोक में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मेडिसिन वर्ल्ड कॉन्टैक्ट-2025 सेमिनार में हिस्सा लेंगे।



डॉ. सुभाष शर्मा

कोलकाता में पिछले महीने हुई नेशनल लेवल की कॉन्फ्रेंस में उनके शोध पर उन्हें अव्वल माना गया। इस कॉन्फ्रेंस में करीब 500 पेपर पढ़े गए, जिसमें स्क्रब टाइफस बीमारी पर डॉक्सीसाइक्लिन दवाई को समय पर शुरू करने के लिए जो शोध किया है, उसमें डॉक्टर सुभाष के शोध को शाबाशी मिली है। इसी आधार पर उन्हें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए स्पॉन्सर किया है। सारा खर्च इंटरनेशनल संस्था ही उठाएगी। एपीकोन-2025 वैज्ञानिक समिति ने इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ मंच और सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति के लिए दो मैकमास्टर पुरस्कार प्रदान किए हैं। इसमें डॉ. सुभाष और डॉ. जन्नू चंदना कुमारा साई शामिल हैं। उधर, मेडिकल कॉलेज नेरचौक के ही मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रोफेसर राजेश भवानी को भी एफआईसीपी में फैलोशिप मिली है। राष्ट्रीय स्तर पर इस कॉन्फ्रेंस में कुल 180 लोगों को यह फैलोशिप मिली है, जिसमें हिमाचल से वह अकेले हैं। डॉ. सुभाष ने ऐसे मरीजों पर शोध किया, उससे बहुत फायदा हुआ। शोध में कहा कि तेज बुखार की स्थिति में डॉक्सीसाइक्लिन ही बेहतर दवा है। रूरल एरिया में शुरुआती लक्षण के समय ही इस दवा का प्रयोग हो जाना चाहिए। इससे मरीजों को फायदा होगा। इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं और मरीज को बचाया जा सकेगा। 7 दिन तक 100 एमजी की गोली के जरिए इस बुखार पर काबू पाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### 100 से ज्यादा मरीजों पर शोध: भवानी



राजेश भवानी।

**प्रोफेसर** राजेश भवानी ने बताया कि डॉक्टर सुभाष ने स्क्रब टाइफस बीमारी को लेकर 100 से ज्यादा मरीजों पर शोध किया। तेज बुखार आने की स्थिति में मरीज का जो नुकसान होता है, उसकी वजह देरी से इलाज शुरू होना और इस मामले में डॉक्सीसाइक्लिन दवा के शुरुआती प्रयोग को ही इसके बचाव का बेहतर तरीका बताया था। उनके डाटा को प्रथम प्राइज मिला। इस पर डॉ. सुभाष को 10000 का रिवॉर्ड भी दिया गया।

## दरकार | आधारभूत ढांचे की अभी तक कमी, टूरिस्ट हब बनाने के लिए सरकार का प्रयास

# ऊना के अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स का बड़ा स्कोप

**राजेश शर्मा, ऊना**

**ऊना** जिले के अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स को प्रमोट करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की दरकार है। हालांकि, इसे विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री ने भी साइट का दौरा किया था। इस जगह ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का इवेंट कामयाब रहा है। इसके बाद अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स का बड़ा स्कोप दिख रहा है।

बता दें कि ऊना के कुटलैहड़ में बीहड़ू नामक स्थान और आसपास कई फिल्म निर्माता शॉट ले चुके हैं। प्री-वेडिंग और अन्य एल्बम के लिए यहां कई राज्यों से लोग पहुंचते हैं। यहां पैराग्लाइडिंग





का भी सफल ट्रायल हो चुका है। बाहरी राज्यों से आए खिलाड़ियों ने इसे रोइंग, क्याकिंग और कैनोइंग की प्रैक्टिस के लिए बेहतर स्पॉट बताया है। फिलहाल इस जगह वाटर स्पोर्ट्स के लिए प्रॉपर सेटअप नहीं है। इसके लिए राज्य सरकार की नजर-ए-इनायत का इंतजार अभी तक है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी टूरिस्ट स्पॉट अंदरौली को अहम बता चुके हैं, जिन्होंने इस एरिया में वाटर स्पोर्ट्स और टूरिज्म को प्रमोट करने की बात कही थी। यूथ सर्विसेज एंड स्पोर्ट्स मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह ने भी अंदरौली को स्पोर्ट्स कैलेंडर में लाने, वाटर स्पोर्ट्स के लिए बजट प्रावधान और मास्टर प्लान तैयार करने का भरोसा दिया था। मुख्यमंत्री अघलौर में बिजली के प्रोजेक्ट का काम शुरू कराने पहुंचे थे, तो वे भी यहां पहुंचे थे। तीन साल पहले पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का शुभारंभ किया था। पहले बीबीएमबी से अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज की परमिशन दिलाई गई। (अनंत ज्ञान)

**कई** सुविधाएं वाटर स्पोर्ट्स के लिए उपलब्ध कराई हैं। यहां पूरी योजना बनाई है। यहां वाटर स्पोर्ट्स के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यहां पुल का निर्माण भी चार चांद लगाने जा रहा है।



**-विवेक शर्मा**
**विधायक, कुटलैहड़**

### रेलवे और एयर कनेक्टिविटी

**कुटलैहड़** का अंदरौली उभरता टूरिस्ट स्पॉट है, जो मैदानी एरिया में पड़ता है। इस स्पॉट के लिए रोड और रेल कनेक्टिविटी अच्छी है। नई दिल्ली से सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस से 5 घंटे में ऊना पहुंचा जा सकता है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट से अंदरौली के लिए ढाई घंटे का समय लगता है। अगर कुछ प्रयास किया जाए, तो यहां पर्यटन व्यवसाय को और पंख लगेंगे।

## महाकुंभ: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। राष्ट्रपति सुबह विशेष विमान से प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंचीं, जहां राज्य की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहां से वह अरैल पहुंचीं और नाव से संगम में पहुंचकर स्नान किया। नाव से घाट जाते समय राष्ट्रपति ने साइबेरियाई पक्षियों को दाना भी डाला। संगम में स्नान करने के बाद मुर्मू ने गंगा में नारियल और पुष्प अर्पित किए और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, गंगा आरती और पूजा-अर्चना की।



### भारी भीड़: संगम स्टेशन 14 फरवरी तक बंद

**महाकुंभ** का सोमवार को 29वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज 92.97 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। वहीं, प्रयागराज शहर में जबरदस्त भीड़ है। इसे देखते हुए अरैल घाट से संगम तक बोट बंद की गई है। इसके अलावा, संगम स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया है।

# न्यूज ब्रीफ

## अमृतसर के काशी ने जीती बड़ी माली

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल की सकरोह पंचायत के कोहला गांव में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में प्रसिद्ध सिद्ध चानों मंदिर के महंत चमन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दंगल में क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। दंगल में सीधी कुश्तियों में बड़ी माली और छोटी माली करवाई गई। पांच सीधी कुश्तियों में 31000, 11000, 9000, 7000 रुपए के मुकाबले रखे गए थे, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। दंगल के दौरान एक से बढ़कर एक मुकाबले हुए। छोटी माली में जोत मलकपुर और सूरज खैरदी के बीच जबदस्त मुकाबला हुआ, जिसमें जोत मलकपुर ने विजय हासिल की। वहीं, बड़ी माली में युवराज पट्टी और काशी अमृतसर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें काशी अमृतसर ने जीत हासिल की। विजेता रहे पहलवानों को महंत चमन लाल ने नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान सकरोह कुलदीप चंद, ठाकुर प्रताप सिंह, प्रधान सठवीं दलजीत सिंह, मनदीप ठाकुर, लोकेंद्र ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## नादौन में करियर काउंसिलिंग की दी जानकारी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्नातक के बाद 'प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें' विषय पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंजीनियर विशाल ठाकुर रहे। उन्होंने सिविल सेवाओं सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण रणनीतियों, संसाधनों और सही अध्ययन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की बदलती प्रवृत्तियों, पाठ्यक्रम की समझ, समय प्रबंधन, उत्तर लेखन कौशल और वैकल्पिक विषयों के चयन में सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. रवीकांत गर्ग तथा प्रकोष्ठ के सदस्य प्रो. अभिनंदन जैन, प्रो. योगेश कौंडल, प्रो. सम्मी राठौर, प्रो. नवीन शर्मा, प्रो. अंजु शर्मा एवं प्रो. आदिका शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर योजना बनाने, परीक्षा पैटर्न को समझने और समसामयिक विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक प्रो. रवीकांत गर्ग ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों से इस तरह के मार्गदर्शन सत्रों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

## सासन स्कूल के छात्रों ने सुना पीएम का संभाषण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला सासन में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभाषण सुनते हुए। इस मौके पर स्कूल हेड मास्टर पूनम छैला, अध्यापक संजीव कुमार, रणवीर चौहान, रमन शर्मा व अन्य अध्यापकों ने भी भाग लिया। (छाया : सुनील)

## परीक्षा पर चर्चा में छात्रों को मिले प्रेरणादायक संदेश

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा के तनाव और तैयारी को लेकर आयोजित किए गए विशेष कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा 2025 का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा को एक सकारात्मक अवसर के रूप में अपनाने पर जोर दिया और कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं को परखने और निखारने का एक सुनहरा अवसर है। (अनंत ज्ञान)

## नादौन शहर को स्वच्छ बनाने में करें सहयोग : सोनी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी द्वारा किया गया। इसमें नगर परिषद उपाध्यक्ष उषा सौंधी व नगर परिषद के पार्षद सुमन कुमारी, सुषमा अवस्थी, अनीता देवी, संदीप जैन व मनोरमा देवी के अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नगर परिषद के सचिव रमन कुमार, सफाई प्रभारी अक्षित सोनी व अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक चलेगा। नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने जनता से आग्रह किया है कि वे गीला-सूखा कचरा व हानिकारक कचरा अलग-अलग दें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने व नादौन शहर को सुंदर बनाने में अपना पूरा योगदान दें।

## नर्सिंग की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा पर निकाली रैली




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर गौतम कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना और लोगों को सुरक्षित यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था। रैली को कॉलेज के प्रबंधक जगदीश गौतम और कॉलेज के सचिव डॉ. रजनीश गौतम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाए गए। इस रैली में जीएनएम प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अध्यापकों दीक्षा, मनीषा के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा पर जागरूक रैली का आयोजन किया।

## गांव गहरा में बताई बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा कालाअंब ने नाबार्ड के सहयोग से ग्राम पंचायत कालेअंब के गांव गहरा में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक ललित कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण, गृह निर्माण ऋण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और कई अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए भी प्रेरित किया और बैंक की जमा योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कैशलेस बैंकिंग के बारे में भी बताया तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए।

# डीजल मिलावट में तेल कंपनी से 25 लाख का डैमेज वसूलेगी एचआरटीसी : राजकुमार

हिमाचल में एचआरटीसी के 'बेड़े' में ज्यादातर बसें अच्छी हालत में नहीं हैं। हमीरपुर डिवीजन की हालत भी कुछ ऐसी ही है, लेकिन जैसे-तैसे व्यवस्था को बनाया गया है। कई नए बस रूट चलाए जाने की प्रपोजल है। कई नए लंबे रूट चलाए जा चुके हैं, लेकिन बसें उन रूटों के मुताबिक निगम के पास उपलब्ध नहीं हैं। स्टाफ की कमी है, कितनी बसें कंडम होने की स्थिति में हैं। हमीरपुर के मंडलीय प्रबंधक **राजकुमार पाठक** से इसी से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश हैं ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** के साथ हुई उनकी बातचीत के मुख्यांश:-

*सवाल: मंडलीय क्षेत्र के छह डिपो में कितनी खराब बसें हैं, कितनी कंडम होने की स्थिति में हैं और कितनी दिक्कतें आ रही है?*

**जवाब:** तकरीबन 650 बसें इस डिवीजन में हैं। निगम के 6 डिपो हैं और इनमें जैसे ही 15 साल का पीरियड बसों का मुकम्मल होता है, इन्हें कंडम कर दिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी यदि बसें अच्छी स्थिति में हैं तो उनकी बेहतर मरम्मत करके उन्हें चलाया जा रहा है।

*सवाल: कितने नए बस रूट घाटे में हैं?*

**जवाब:** देखिए, निगम की बसें लोगों की सुविधा के लिए हैं। यह कई अलग-अलग श्रेणियां को फ्री में भी सेवा उपलब्ध करवाती हैं। महिलाओं को आधे रेट पर सेवाएं दे रही हैं, जिनका प्रॉफिट मिला-जुला रहता है और इसमें जो रूट घाटे पर असर करते हैं, उन्हें भी बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि उनका घाटा कम किया जा सके।

*सवाल: नए रूट कहां-कहां से शुरू हो रहे हैं?*

**जवाब:** लंबे रूटस पर कई बसें चलाई गई हैं। अवाहदेवी-दिल्ली रूट पर जो रात्रि बस सेवा भैया ऊखली, विझड़ होकर चलती है, उसे वाया शाहतलाई बागशाल होकर चलाया जाएगा। इसकी प्रपोजल हेड ऑफिस को भेजी गई है और जैसे ही रोड की स्थिति ओके होगी, इसे चालू कर दिया जाएगा। इस पास रूट से लोगों को काफी फायदा होगा।



*सवाल: देहरा में खराब डीजल की सप्लाई आने के मामले में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है, कितना डैमेज वसूलने की तैयारी है संबंधित कंपनी से?*

**जवाब:** हेड ऑफिस को तकरीबन 25 लाख रुपए का डैमेज वसूलने के लिए कहा गया है। यही रिपोर्ट भेजी गई है। संबंधित डीजल कंपनी से इसकी वसूली होगी। देहरा के डिपो में ही इसकी सप्लाई आई थी। इसके अलावा कुछ अन्य प्राइवेट पेट्रोल पंपों पर ऐसी खराब सप्लाई आई है।

हमीरपुर के मंडलीय प्रबंधक से
**विशेष बातचीत**

*सवाल: कमाऊ पूत के हिसाब से सबसे बढ़िया बस डिपो कौन सा है? सबसे अच्छा बेहतर इनकम वाला रूट भी कोई है क्या?*

**जवाब:** पहले नंबर पर इस डिवीजन में नालागढ़ डिपो है उसके बाद हमीरपुर का नाम आता है। प्रति किलोमीटर एवरेज के हिसाब से भी नालागढ़ डिपो अच्छी परफॉर्मेंस दे रहा है। हमीरपुर से दिल्ली वोल्वो बस रूट सबसे बेहतर पैसा दे रहा है। इसकी प्रति किलोमीटर के हिसाब से 80 से 85 की एवरेज इनकम की रही है।

*सवाल: वृंदावन या अयोध्या रूट पर चलने वाली बसें रेगुलर क्यों नहीं हो सकतीं?*

**जवाब:** शुरू में रेगुलर ही चलाई गई थीं। रोजाना यह रात्रि बस सेवाएं चलती थीं, लेकिन टोल टैक्स और यात्रियों की कमी की वजह से इन्हें रेगुलर चला पाना मुश्किल हुआ था। इसीलिए अब शुक्रवार को यह बस सप्ताह में एक दिन चलती है। उसमें रिजल्ट बेहतर हैं।

*सवाल: और कितने नए बस रूट पाइपलाइन में हैं?*

**जवाब:** अभी मुकम्मल तौर पर इसका ब्योरा तो नहीं दिया जा सकता, लेकिन हेड ऑफिस से जैसे ही नए बस रूट की स्वीकृति आएगी, बताया जाएगा।

*सवाल : स्टाफ की कमी के कारण कितनी परेशानी है अलग-अलग डिपुओं में?*

**जवाब:** कुछ कमी तो है, लेकिन सरकार ने कहा है कि ड्राइवरों की और भर्ती हो रही है। जैसे ही यह भर्ती होगी, यह दिक्कत भी दूर हो जाएगी। फिलहाल व्यवस्था बनाकर सिस्टम चलाया जा रहा है।

# काले बिल्ले लगाकर जताया विरोध

### बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के युक्तिकरण और पदों को समाप्त करने को लेकर जताया रोष

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के सभी कर्मचारियों ने सोमवार को काले बिल्ले लगाकर प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य बिजली बोर्ड में जनरेशन और ट्रांसमिशन में 700 पद समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे पहले भी 53 इंजीनियर के पद समाप्त कर दिए थे। कर्मचारियां व अधिकारियों में प्रदेश सरकार द्वारा युक्तिकरण व केंद्रीयकरण के नाम पर जो पद समाप्त किए जा रहे हैं, उसको लेकर आक्रोश है। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने जिन पदों पर पदोन्नति होनी थी, उन पदों को भी समाप्त कर दिया है।

**आज हमीरपुर में आयोजित की जाएगी महापंचायत**

प्रदेश बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर्स, पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार को काले बिल्ले लगाकर ही विरोध जताया है। मंगलवार को हमीरपुर में महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी और टाउन हॉल से गांधी चौक तक रैली भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि फील्ड कर्मचारियों की भारी कमी चल रही है, बावजूद इसके 1030 पद टीमेट और हेल्परों के पद नहीं भरे गए। उन्होंने बताया कि आए दिन फील्ड स्टाफ के साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन फिर भी बोर्ड प्रबंधन खामोश बैठा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिन पदों पर प्रमोशन होनी हैं, उनके आदेश पिछले 6 महीनों से जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा पेंशनरों में भी प्रदेश सरकार और बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ काफी रोष है।



बिजली बोर्ड के कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर कराम करते हुए।

उन्होंने बताया कि बिजली बोर्ड के पेंशनरों को ओपीसी नहीं मिली है, जबकि ओपीएस पेंशन रूल 1972 लागू कर दिया गया है।

बिजली बोर्ड के पेंशनरों को ग्रेज्यटी नहीं मिली है वहीं लीवइनकैशमेंट भी 2023 से नहीं दी जा रही है। इसके अलावा 1-1-2016 से संशोधित वेतनमान एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। डीए का एरियर भी पेंडिंग पड़ा हुआ है। इसके अलावा कर्मचारियों के टीए बिल पास नहीं हो रहे हैं और वर्ष 2022 से ओवर टाइम के बिल भी लंबित हैं। उन्होंने बताया कि आउट सोर्स पर रखे 81 चालकों को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जबकि हम पिछले लंबे समय से यह मांग कर रहे हैं कि आउटसोर्स के लिए पॉलिसी बनाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों और अधिकारियों के अलावा पेंशनरों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में सभी जिलों में बिजली महापंचायत आयोजित की जाएगी।

उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी या अधिकारियों के जो भी मुद्दे हैं, उन्हें बैठकर ही सुलझाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आयोजित महापंचायत में आगे के आंदोलन के बारे में भी चर्चा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# 28 से पहले निजी क्लीनिकों का करवाएं पंजीकरण, अन्यथा होगी कार्रवाई : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**लोगों को दी केवल पंजीकृत क्लीनिक्स में इलाज करवाने की सलाह**

स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले संस्थानों का पंजीकरण करने के लिए 28 फरवरी तक की समय सीमा तय की है। सोमवार को चेतावनी जारी करते हुए डॉ. प्रवीण कुमार चौधरी ने क्लिनिकल इसटाब्लिस्मेंट्स ( रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट 2010 के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने संस्थानों का 28 फरवरी तक पंजीकरण करवाएं और अधिनियमों के नियमों के प्रावधान का पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध क्लिनिकल इसटाब्लिस्मेन्ट्स (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट 2010 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ने कहा है कि इस अधिनियम के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों को बुनियादी ढांचे, स्टाफिंग, उपकरण और रिकॉर्ड रखरखाव से संबंधित न्यूनतम मांगों का पालन करना अनिवार्य है ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हमारे जिले में कई क्लीनिक पंजीकृत हैं, लेकिन काफी अभी अभी भी पंजीकरण से वंचित हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। एक पंजीकृत क्लीनिक में प्रशिक्षित स्टाफ, आवश्यक उपकरण, स्वच्छ वातावरण और आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारियां होती है। मरीजों को शुल्क की जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाती है और उनके चिकित्सा रिकॉर्ड का सही तरीके से रखरखाव किया जाता है, जबकि एक अपंजीकृत क्लीनिक में आवश्यक सुविधाओं की कमी हो सकती है, जैसे कि अपर्याप्त स्टाफ पुराने या अनुपयुक्त उपकरण अनुयुक्त और स्वच्छता मानकों का पालन न करना, जिससे मरीजों की सुरक्षा और उपचार के गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनता से अनुरोध किया कि वे केवल पंजीकृत क्लीनिकल इसटाब्लिस्मेन्ट्स में ही उपचार करवाएं और किसी भी अनियमितता की सूचना संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय या मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर के पास दें। हम जल्द ही इस अधिनियम के प्रति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे ताकि जनता इससे भली-भांति परिचित हो और उसका पालन करे।

## संजय पुरी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी संजय पुरी का बीते रोज हृदयगति रुकने से निधन हो गया है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। संजय पुरी अपने पीछे दो बेटे व पत्नी छोड़ गए हैं। वह 57 वर्ष के थे। वे अपने परिवार के साथ महाकुंभ में स्नान करने गए थे। प्रयागराज में उन्हें साइलेंट हार्टअटैक से उनकी मृत्यु हो गई। उनकी डैडबॉडी नादौन लाई गई।

सोमवार को नादौन श्मशानघाट में उन्हें काफी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने संजय पुरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति की प्रार्थना की है। उन्होंने शोकग्रस्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की है।

# सन्नी ने डीसी को भेंट किया उनका चित्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कलात्मक प्रतिभा के धनी सन्नी कुमार ने अपनी स्केचिंग कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए डीसी अमरजीत सिंह का एक बेहतरीन चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया। हमीरपुर डिग्री कॉलेज में जनसंचार (जेएमसी) के छात्र सन्नी ने सोमवार सुबह डीसी कार्यालय में यह चित्र सौंपा, जिसे देखकर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की।

सन्नी कुमार स्केचिंग की दुनिया में एक उभरता हुआ नाम हैं। उन्होंने कई नामी हस्तियों जैसे सांसद अनुराग ठाकुर और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भी स्केच तैयार किए हैं, जिन्हें सराहा गया है। सन्नी को वर्ष



स्केचिंग के उस्ताद सन्नी कुमार, डीसी अमरजीत सिंह को उनका चित्र भेंट करते हुए।

2022 में 'किसमें कितना है दम' प्रतियोगिता में स्केचिंग के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था। सन्नी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही पेंटिंग का शौक था और नौवीं कक्षा से उन्होंने स्केचिंग करना शुरू कर दिया। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा दिया।

उनका मानना है कि स्केचिंग एक बेहतरीन कला है, जिससे कोई भी अपनी प्रतिभा को निखार सकता है। अपनी इस सफलता के बाद भी सन्नी लगातार अपनी कला को निखारने और नए आयाम देने में जुटे हुए हैं। उनका सपना है कि वह अपनी स्केचिंग कला को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और इसे एक बड़े स्तर पर पहचान दिलाएं। (अनंत ज्ञान)

## ऊना ने पहली पारी में 79 ओवर में 4 विकेट पर 320 रन बनाए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन क्रिकेट प्रतियोगिता का मैच सिरमौर और ऊना की टीम के बीच क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शुरू हुआ। सिरमौर ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ऊना की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 79 ओवर में 4 विकेट पर 320 रन बना लिए हैं।

**बल्लेबाज पृथ्वी राज ने 72 व अमनप्रीत ने 61 नाबाद रन बनाए**

बल्लेबाज अंकित कलसी ने 39, राघव आंगरा ने 37, अमित कुमार ने 60 रन बनाए, जबकि पृथ्वी राज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 नाबाद व अमनप्रीत ने 61 नाबाद रन बनाए। सिरमौर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ, जबकि जयनीत सिंह ने 1 विकेट ली। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम मंगलवार को 320 रन से आगे खेलेगी।

## होली मेले के सफल आयोजन को लेकर 6 मार्च को होगी झंडा रस्म

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव के सफल आयोजन को लेकर के स्थानीय जनता मन्नत मांगेगी, वहीं सदियों से चली आ रही परंपरा के मुताबिक होली उत्सव से पूर्व आने वाले अष्टमी पर्व पर 6 मार्च को अष्टमी पर्व के दिन लोग झंडा रस्म निभाएंगे, जबकि सरकारी तौर पर चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सरकारी होली मेले का आगाज 12 मार्च को होगा जबकि 15 मार्च को समापन होगा।

ऐतिहासिक चैगान में आयोजित यह मेला एक माह से अधिक समय तक चलता है, जहां लोग मेले का भरपूर आनंद लेते हुए खरीददारी करते हैं। महाराजा संसार चंद के समय की प्राचीन परंपरा को स्थानीय लोग निभाना आज भी नहीं भूले हैं। लोअर बाजार के झांकी कमेटी के सदस्य मनोज नाग ने बताया कि मेले में हर वर्ष की तरह शोभायात्रा निकाली जाएगी।

प्रसिद्ध राजपुरोहित पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन शास्त्रों के मुताबिक होगा, वहीं दूसरी और मेले के सफल आयोजन को लेकर के जिला तथा स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले में चौगान के भीतर लगने वाले हॉट दुकान झूले डोम आदि भूमि आवंटित को लेकर भी समय निर्धारित कर दिए हैं।

# एनजीओ की महिलाओं ने प्रशासन से मांगा सहयोग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हिमालय चेतना एनजीओ की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। गांव की 22 महिलाओं ने मिलकर पतल, डूने और अन्य देसी उत्पादों का निर्माण शुरू किया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

इस पहल को और अधिक सशक्त करने के लिए महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी अमरजीत सिंह से मुलाकात की और प्रशासन से सहयोग की मांग की। डीसी ने महिलाओं को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया और उनके उत्पादों को सरकारी आयोजनों में शामिल करने की बात कही। गौरतलब है कि नाबार्ड के सहयोग से इन महिलाओं को आर्थिक सहायता भी दी जा रही है, ताकि उन्हें कच्चे माल और उपकरणों की कमी न हो। उनका उद्देश्य अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को न केवल स्थानीय बाजारों में बल्कि प्रदेश स्तर पर भी पहुंचाना है। (अनंत ज्ञान)



**प्रशासन देगा सहयोग, सरकारी आयोजनों में मिलेगा बढ़ावा**

डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि हिमालय चेतना एनजीओ की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए प्रशासन पूरा सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में इन उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि महिलाओं को आर्थिक संबल मिल सके। प्रशासन महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास करेगा।

**देसी उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत**

आज के समय में प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, ऐसे में हिमालय चेतना एनजीओ की यह पहल महत्वपूर्ण है। पारंपरिक उत्पादों के इस्तेमाल से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। प्रशासन के सहयोग से यह प्रयास और मजबूत हो सकता है, जिससे देसी उत्पादों को नई पहचान मिलेगी।

**आयोजन** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत निकाली पोस्टमैन साइकिल रैली, साई सेंटर के खिलाड़ी भी आए

# लोगों को 'फिटनेस की डोज, हर घंटा रोज' का दिया संदेश

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पोस्टमैन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में हमीरपुर के मुख्य डाकघर से आए पोस्टमैन और साई सेंटर के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली का शुभारंभ साई सेंटर के डिप्टी डायरेक्टर मनोज आवटी ने किया। यह साइकिल रैली साई सेंटर से शुरू होकर हीरानगर चिल्ड्रन पार्क तक निकाली गई, जिसमें साइकिल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फिटनेस की डोज, हर घंटा रोज के संदेश को फैलाने के लिए इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नियमित व्यायाम को प्रोत्साहित करना था। आयोजकों ने बताया कि साइकिल चलाना एक बेहतरीन व्यायाम है, जो न केवल शरीर को फिट रखता है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है।

रैली में शामिल पोस्टमैन और खिलाड़ियों ने इस पहल को सराहा और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। पोस्टमैन जो रोजाना साइकिल से अपने कार्यक्षेत्र में जाते हैं, उन्होंने इस पहल के माध्यम से जनता को साइक्लिंग की आदत डालने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। (अनंत ज्ञान)




फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

**साइक्लिंग से फिटनेस और पर्यावरण को लाभ**

साइक्लिंग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण को बचाने के लिए भी एक प्रभावी उपाय है। आयोजकों ने लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से साइकिल चलाएं, जिससे न केवल फिटनेस में सुधार होगा बल्कि वायु प्रदूषण भी कम होगा। इस तरह के आयोजनों से लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

# विपणन संबंधी जानकारी भी रखें किसान : डॉ. शर्मा

**अनंत ज्ञान, रंगस**

किसान बागवानी करने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के बारे में विपणन संबंधी जानकारी अवश्य रखें ताकि किसानों को पैदावार की विपणन समस्याओं का सामना न करना पड़े और किसान अपने उत्पाद से अधिक से अधिक लाभ कमा सकें। यह बात औद्योनिकी एवं वानिकी कॉलेज नेरी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सेवानिवृत्त कृषि उपनिदेशक डॉ. जगजीत शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही।

शिविर में चंबा जिले के 21 प्रशिक्षणार्थियों ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के बारे में प्रशिक्षण लिया। शिविर के समन्वयक डॉ. महेंद्र ब्रह्मी ने बताया कि किसानों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की जानकारी के साथ-साथ फल उत्पादन के साथ सब्जी उत्पादन, मशरुम उत्पादन, पुष्प उत्पादन, मौन पालन व बागवानी में कीट प्रबंधन मित्र कीट एवं हानिकारक कीटों की जानकारी भी दी गई। उद्यान विभाग चंबा के बागवानी विकास अधिकारी डॉ. अनिल डोगरा ने भी किसानों को विभागीय योजनाओं से अवगत करवाया। शिविर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के जंतु विभाग प्रमुख एवं डीन छात्र कल्याण डॉक्टर सुनील ठाकुर भी मौजूद थे।



शिविर के दौरान यूनिवर्सिटी प्रबंधन के साथ किसान।

## न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी सीएम और बाबा हीरानंद के खिलाफ वीडियो वायरल मामले में चार थानों में केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद के उत्तराधिकारी बाबा हीरानंद और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के खिलाफ एक वीडियो फेसबुक पर डाला गया है। वीडियो डालने और फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक टिप्पणी लिखने के आरोप में वीडियो बनाने वाले के खिलाफ कुछ लोगों ने जिले के चार थानों में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर केस दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ताओं में हरोली थाने में पंजावर निवासी दीपक मनकोटिया, चिंतपूर्णी थाने में तिलक राज शर्मा, ऊना सदर थाने में राजीव कुमार निवासी टक्का और पुलिस थाना अंब में अमलैहड़ के संदीप शर्मा ने शिकायत में आरोप लगाया है कि रवि ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा है कि मुकेश अग्निहोत्री की देवभूमि के मठ-मंदिरों में घुसपैठ हो रही है। चालाकी से वह देवभूमि में जिहादी ईको सिस्टम मजबूत कर रहे हैं। ऊना के डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में भी उन्होंने सेंधमारी की। इससे धार्मिक स्थल में श्रद्धा रखने वालों में रोष है। बताया जा रहा है कि इस मामले में साइबर सेल और आईटी सेल से भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि यह मामला लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। पुलिस के पास चार शिकायतें आई हैं। पुलिस निष्पक्षता से जांच कर रही है।

### मणिकर्ण घाटी में 621 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पुलिस ने एक व्यक्ति को 621 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार थाना मणिकर्ण के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी जरी की टीम, जब घाटी के डूंखरा -मलाणा रोड पर गश्त पर थी, तो उस समय एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से 621 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान वोहीन कोतवाल (32 वर्ष) पुत्र जगत सिंह निवासी भूठीधार डाकघर भूठी तहसील कुमारसेन जिला शिमला के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि आरोपी वोहीन कोतवाल के खिलाफ पुलिस थाना मणिकर्ण में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज आगामी जांच की जा रही है।

### हमीरपुर में रास्ता रोक कर मारपीट करने पर क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना हमीरपुर में आशा देवी पत्नी मस्त राम व चुन्नी लाल पुत्र स्व. गोरख राम गांव किरवीं, जिला हमीरपुर ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज करने की शिकायत दर्ज करवाई है। इन दोनों ने अपनी-अपनी शिकायतों में दर्ज करवाया कि रविवार के दिन जब यह अपने-2 घर का काम कर रहे थे, तो उपरोक्त दोनों के परिवार के सदस्यों का किसी घरेलू विषय पर विवाद हो गया। जो शिकायतकर्ताओं ने एक दूसरे पर रास्ता रोककर, मारपीट व गाली-गलौज के आरोप लगाए हैं। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# बजट 'विकसित भारत' का रोडमैप : अनुराग

## संसद में केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा में अनुराग ने लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकससभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा में संसद में बोलते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत का रोडमैप है और यह संकल्प से सिद्धि तक ले जाने वाला है।

अनुराग ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है और एक बार फिर ये बात सिद्ध हो जब इस बार के बजट में 12 लाख तक जीरो टैक्स इस बजट में किया गया। मोदी सरकार ने 2047 तक सभी गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने, शत प्रतिशत गुणात्मक शिक्षा देने, हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सेवा वो भी कम दामों पर देने, श्रमिकों का कौशल विकास व उन्हें उचित रोजगार के अवसर देने, इकॉनॉमिक एक्टिविटी में 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी, हमारे किसानों की मेहनत के दम पर भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाने का लक्ष्य रखा है। विपक्ष को गरीब और मध्यम वर्ग से कोई लेना देना नहीं है और ये सिर्फ अपना घिसा-पिटा पुराना टेप रिकॉर्डर बजा रहे है। उन्होंने कहा कि यूपीए के समय स्कैम भारत था और आज मोदी जी के सेवाकाल में सक्षम भारत की बुलंद तस्वीर दुनिया देख रही है। कांग्रेस के समय बजट फैमिली वेल्फेयर के लिए था, मगर हमारे समय में नेशनल वेल्फेयर का बजट जारी होता है। इस बजट में प्रस्तावित विकास उपाय 10 व्यापक क्षेत्रों में हैं, जिनमें गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में युवाओं को यूपीए के एक दशक के शासन के मुकाबले 1.5 गुना अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। यूपीए शासन के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के तहत 256,405 नियुक्तियां की गईं, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार के तहत 511,775 नियुक्तियां की गई हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के तहत पिछले 10 वर्षों में 492,605 नियुक्तियां की गईं, जबकि पिछली सरकार के दस साल के कार्यकाल में 411,624 नियुक्तियां की गई थीं। रोजगार मेलों में नई नियुक्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी पिछली सरकार द्वारा की गई नियुक्तियों में 7-8 प्रतिशत हिस्सेदारी की तुलना में 18-20 प्रतिशत हो गई है। अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए निर्धारित बैकलॉग रिक्तियों पर की गई नियुक्तियों के संदर्भ में, पिछले 10 वर्षों में अनुमानित 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूपीए द्वारा की गई 108,034 ऐसी नियुक्तियों की तुलना में एनडीए के तहत 293,475 नियुक्तियां की गई हैं। अनुराग ने कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत देशभर में डिजिटलीकरण के 94 प्रतिशत लक्ष्य पहले ही हासिल किए जा चुके हैं।

**बजट में ये मिले फायदे**

हमने मिशन शक्ति ने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 10.61 लाख महिलाओं की सहायता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) ने जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) को 918 (2014-15) से बढ़ाकर 930 (2023-24) कर दिया, माध्यमिक विद्यालयों में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 75.51 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत (2014-2024), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का वित्तपोषण 1,478.73 करोड़ रुपए (2021-22) से बढ़कर 1,814.86 करोड़ रुपए (2023-24), मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 130 प्रति लाख जीवित जन्म (2014-16) से घटकर 97 (2018-20), मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 से पूरे भारत में 9.88 करोड़ मातृशक्ति को लाभ मिला है।

# पद खत्म करने की नोटिफिकेशन दिखाएं कर्मचारी नेता : प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा है कि बोर्ड के कर्मचारियों का काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने कोई भी पद खत्म नहीं किया है बल्कि गैर-जरूरी पदों का भी समायोजन किया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोग बोर्ड के कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन पद समाप्त करने की बात सच्चाई से कोसों दूर है, न तो किसी पद को समाप्त किया गया है और न ही ऐसी कोई मंशा है। अगर कोई पद समाप्त किया गया है तो कर्मचारी नेता इसकी नोटिफिकेशन दिखाएं।

**कुछ लोग बोर्ड के कर्मचारियों को कर रहे गुमराह**


प्रवक्ता ने कहा कि बिजली बोर्ड की ऊहल बिजली परियोजना के एक यूनिट ने बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है और जल्द ही बाकी के दो यूनिट में भी बिजली बनना शुरू हो जाएगी। बोर्ड को कर्मचारियों की आवश्यकता है, इसलिए पद समाप्त करने का सवाल ही नहीं पैदा होता। यह परियोजना बोर्ड को आर्थिक सम्बल प्रदान करेगी इसलिए इस परियोजना के लिए एक नया मंडल तथा अन्य पद सृजित कर इसमें कर्मचारियों का समायोजन किया गया है। इसके अलावा, बोर्ड की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने के लिए आने वाले समय में और भर्तियां की जाएंगी।

प्रदेश के लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बोर्ड में टी-मेट जैसे फील्ड स्टाफ की आवश्यकता है जो बिजली आपूर्ति करने वाले संस्थान के लिए जरूरी है। जल्द ही बिजली बोर्ड में टी-मेट सहित अन्य फील्ड स्टाफ की भर्ती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड का मुख्य कार्य प्रदेश की जनता को सस्ती दरों पर विद्युत आपूर्ति करना है, जिसके लिए रेगुलेटरी कमीशन बार-बार बिजली बोर्ड को अपने अनावश्यक खर्चे कम करने के लिए आदेश दे रहा है। गैर जरूरी खर्चे कम होंगे तो भविष्य में प्रदेश के लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी, जिससे प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा।

# ई-परिवार पर 99 .84 प्रतिशत परिवार सदस्य सत्यापित : मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ई-परिवार रजिस्टर पर 99.84 प्रतिशत परिवार सदस्यों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत कुल 75,18,296 परिवार सदस्यों में से 75,05,913 सदस्यों का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-परिवार प्रणाली एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसे ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों का डाटा प्रबंधित करने के लिए बनाया गया है। प्रत्येक पंचायत सचिव को अपने क्षेत्र के परिवारों का डाटा दर्ज करने और अपडेट करने के लिए सुरक्षित लॉग-इन की सुविधा प्रदान की गई है। इस प्रणाली को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने के लिए 27 अप्रैल, 2024 से अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ई-परिवार एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिससे नए परिवारों को जोड़ने और मौजूदा रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार करने की प्रक्रिया आसान हो गई है। इसके अलावा, परिवार के विवरण को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य भी जारी है, जिससे सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। सुक्खू ने कहा कि ई-परिवार पोर्टल के माध्यम से परिवार नकल, विवाह प्रमाण-पत्र और बीपीएल प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

सरकार आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी विभागों को डिजिटल समाधान अपनाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सके, पारदर्शिता बढ़े और एक नागरिक-केंद्रित प्रणाली विकसित की जा सके।

# हिमाचली युवाओं को एनडीए के लिए करेंगे तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक लेखा समिति ने किया एनडीए खड़गवासला का दौरा

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लोक लेखा समिति के सदस्यों के साथ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़गवासला, पुणे का दौरा किया।

पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का भारतीय सेना में अभूतपूर्व योगदान रहा है। प्रदेश के युवा एनडीए में प्रशिक्षण लेकर देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मेजर सोमनाथ शर्मा, भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता का उल्लेख करते हुए कहा कि हिमाचल की वीरभूमि ने सदैव देश को महान योद्धा दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने एनडीए के सूडान खंड, मनोज पांडे इंडिया स्क्वाड्रन सहित अन्य प्रतिष्ठित स्थलों का अवलोकन किया और प्रशिक्षु कैडेट्स से बातचीत की। एनडीए परिसर का दौरा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान सिर्फ एक सैन्य अकादमी नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व का गढ़ है, जहां अनुशासन, वीरता और कर्तव्य परायणता को सर्वोपरि रखा जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के युवाओं को एनडीए जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में जाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया और एनडीए प्रशासन की उत्कृष्ट व्यवस्था की प्रशंसा की।

कमांडेंट एडमिरल गुरचरण सिंह ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और एनडीए के ऐतिहासिक महत्व व प्रशिक्षण प्रणाली के बारे में बताया। विधायक इंद्र सिंह गांधी, कैप्टन रंजीत ठाकुर, कमलेश ठाकुर, मलेंद्र राजन, संजय रतन, डॉ. जनक राज भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद अस्पताल पपरोला देश के सर्वोच्च संस्थानों में शुमार : गोमा

## चालू वित्त वर्ष के लिए 1 करोड़ 42 लाख 37 हजार 40 रुपए का बजट प्रस्तावित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



आयुष, युवा सेवायें एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की। बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल बैठक में विशेष रूप में उपस्थित रहे।

इससे पहले आयुष मंत्री ने परिसर में 11 लाख 82 हजार से निर्मित मुख्यद्वार एवं चौकीदार हट, 20 लाख से निर्मित पंचकर्म वैलनेस सेंटर, अस्पताल के लिये पी एस ए ऑक्सीजन प्लांट तथा होमियोपैथी ओपीडी का शुभारंभ किया। आरकेएस गवर्निंग बॉडी की बैठक में 2025-26 के लिए एक करोड़ 42 लाख 37 हजार 40 रुपए का अनुमानित आय, जबकि एक करोड़ 31 लाख एक हजार रुपए व्यय प्रस्तावित किया गया। बैठक में संस्थान में आरंभ पंचकर्म वैलनेस सेंटर का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर सहमति दी गयी ताकि यहां आने वाले पर्यटक भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, प्रदेश का एकमात्र आयुर्वेदिक अस्पताल है। जहाँ लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां उपचाराधीन लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार और आयुष विभाग वचनबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल भारतवर्ष के सर्वोच्च संस्थानों में है। इस संस्थान में प्रतिवर्ष आयुर्वेद के स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सक तैयार होकर दुनियां के कई देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में जो भी कमियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को रोगी कल्याण समिति के माध्यम से भी रोगियों के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति के माध्यम से जो भी सुझाव दिए जा रहे हैं, इन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संस्थान में चरणबद्ध तरीके से रंग-रोगन करने के भी आदेश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही अस्पताल में रिक्त पड़े पदों को भी भर दिया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अस्पताल में छोटे-छोटे कार्यों के लिए 10 लाख देने की घोषणा की।

इससे पहले बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक में आयुष मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में आयुर्वेद का ऐसा संस्थान है जहां प्रतिदिन हजारों लोग उपचार के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सभी को प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर आयुर्वेद चिकित्सक पूरे भारतवर्ष में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बैठक में निदेशक आयुष डॉ. निपुण जिंदल, ओएसडी आयुष सुनीत सिंह पठानिया, बीपीए अध्यक्ष अनुराग शर्मा, एसडीएम डीसी ठाकुर प्रधानाचार्य डॉ. विजय चौधरी, एमएस डॉ. देशराज शर्मा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. हरीश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा करेगी केंद्रीय बजट का प्रचार : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट ऐतिहासिक बजट है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2025 में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी दिनों में प्रदेश से लेकर जिला और मंडल स्तर तक बजट का जम कर प्रचार-प्रसार करेगी।



बोले-बजट में समाज के सभी वर्गों का रखा ध्यान

केंद्र के नेता एवं सांसद संसदीय स्तर पर विभिन्न समारोहों में भाग लेंगे, जहां वे केंद्रीय बजट के संबंध में प्रेस वार्ता को भी संबोधित करेंगे। सांसद नरेश बंसल धर्मशाला में उपस्थित रहेंगे, इसी प्रकार भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग मंडी में उपस्थित रहेंगे तथा राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू केंद्रीय बजट पर आगामी कार्यक्रम के लिए शिमला में उपस्थित रहेंगे।

जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस और कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि बजट में देश की आर्थिक गति को बढ़ाने के लिए चार प्रमुख स्तंभों की पहचान की गई है- कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात। ये क्षेत्र लक्षित सुधारों और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से प्रेरित होकर विकास इंजन के नए और शक्तिशाली रूप में कार्य करेंगे।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के 500,000 नए उद्यमियों को लक्षित करने वाली एक नई योजना अगले 5 वर्षों में 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एकीकृत करके 'मेक इन इंडिया' पहल को आगे बढ़ाएगा, जिसमें भारत को खिलौना निर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मिशन का उद्देश्य जलवायु के अनुकूल विकास के लिए स्वच्छ तकनीक निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना और मांग वाली नौकरियों के लिए भविष्य के लिए तैयार कार्यबल की सुविधा प्रदान करना है।

# जोगिंद्रनगर में चिट्टा बना गंभीर संकट घट्टा में पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर में चिट्टे के बढ़ता प्रचलन स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। नशे के सौदागर जोगिंद्रनगर से होकर गुजरने वाले घट्टा रोड का उपयोग तस्करी के लिए कर रहे हैं, जिससे यहां नशे की लत तेजी से फैल रही है। इसे रोकने के लिए मनीष ठाकुर ने घट्टा में पुलिस जवानों को तैनात करने की मांग उठाई है, ताकि इस मार्ग पर नशा तस्करों की कड़ी निगरानी की जा सके।

इसके अलावा, स्वय सेवकों ने एसडीएम के माध्यम से हिमाचल सरकार से आग्रह किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने मांग की है कि चिट्टा बेचने वालों की संपत्तियों को जब्त किया जाए और उनके बैंक खातों को सील किया जाए। साथ ही, जो भी व्यक्ति इन अपराधियों की जमानत के लिए आगे आता है, उस पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

**नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई और संपत्ति जब्त करने की उठी आवाज**

मनीष का कहना है कि अगर इस समस्या पर तुरंत कड़ा रुख नहीं अपनाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां नशे की चपेट में आ सकती हैं। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से अपील की है कि वे नशा विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाएं और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए।

जोगिंद्रनगर के लोगों ने एक सुर में कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में वे सरकार और प्रशासन के साथ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मांग पर क्या कार्रवाई करता है और नशा तस्करों के खिलाफ कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश की खराब आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व भाजपा सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विधायक मलेंद्र राजन और अजय सोलंकी ने नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा कि पिछली भाजपा सरकार ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतारने के लिए जिम्मेदार है।

दोनों विधायकों ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार संसाधन बढ़ाकर कर्ज की परंपरा को बंद कर हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। अगर मुख्यमंत्री रहते हुए जयराम ठाकुर ने प्रदेश के संसाधन बढ़ाने पर ध्यान दिया होता तो आज हिमाचल प्रदेश ऋण की दलदल में न फंसता, इसलिए जयराम ठाकुर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। वह सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। राजन और सोलंकी ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार खुद को डबल ईंजन की सरकार बताकर पूरे पांच साल तक लोगों को ठगने का काम करती रही लेकिन भाजपा ने प्रदेश हित में कुछ नहीं सोचा।

राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर कर्ज लेकर चुनाव से छह महीने पहले 5000 करोड़ की रेवड़ियां बांटी और साधन संपन्न लोगों को भी सब्सिडी का फायदा दे दिया, फिर भी प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार को विधानसभा चुनाव 2022 में नकार कर कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपी। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनी तो पिछली भाजपा सरकार 75 हजार करोड़ रुपए का ऋण और कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ रुपए की देनदारियां विरासत में छोड़कर गई।

विधायकों ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार संसाधन बढ़ाने पर ज़ोर दे रही है क्योंकि कोई भी प्रदेश सिर्फ कर्ज के सहारे नहीं चल सकता। मुख्यमंत्री के प्रयासों से राज्य की आय में बढ़ौतरी हो रही है। राज्य सरकार ने एक्साइज़ पॉलिसी, टूरिज्म पॉलिसी, पावर पॉलिस और माइनिंग पॉलिसी में बदलाव करके लगभग 3 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

**उम्मीद** निगम के होटलों में 40 प्रतिशत तक की छूट के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट

# क्या वेलेंटाइन पर चमकेगा हिमाचल पर्यटन कारोबार?

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

पिछले लंबे समय से घाट में चल रहे हिमाचल पर्यटन उद्योग को वेलेंटाइन-डे पर चमकने की उम्मीद उठी है। पर्यटकों को हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में आकर्षित करने के लिए प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे के लिए अपने सभी होटलों में ठहरने वाले ठहरने वाले कपल्स व अन्य को विशेष छूट की घोषणा की है।

14 फरवरी को एचपीटीडीसी के होटलों में भोजन पर 20 प्रतिशत की छूट उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, इस दिन एचपीटीडीसी के होटलों में चेक-इन करने वाले आगंतुकों को 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक चल रहे शीतकालीन सीजन की छूट के साथ अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। कमरे की छूट सभी 56 एचपीटीडीसी होटलों में उपलब्ध होगी, जिसमें धर्मशाला में होटल धौलाधार, मैक्लोडगंज में होटल क्लब हाउस, डलहौजी में होटल मणिमहेश, शिमला में होटल पीटरहॉफ और विली पार्क, कसौली में होटल रोस कॉमन और न्यू रोस कॉमन, कुल्लू में होटल सरवरी, मनाली में होटल कुंजम और मनाली में होटल लॉग हट्स सहित अन्य सभी होटल भी शामिल हैं।

**कारोबारियों को बंधी उम्मीद**



फाइल फोटो

यह छूट न केवल होटलों में ठहरे हुए मेहमानों को मिलेगी, बल्कि बाहर से आने वाले कपल्स भी इसका लाभ उठा सकेंगे। बता दें कि गत वर्ष सीजन में हिमाचल पर्यटन को तगड़ा झटका है, जिससे होटल कारोबारी अभी तक घाटे से उभर नही पाए हैं। नए साल के जश्न में भी होटल कारोबारियों को घाटे का सामना करना पड़ा, जबकि मौसम की बेरुखी का असर भी पर्यटन पर साफ देखा जा सकता है। वेलेंटाइन-डे पर होटल कारोबारियों को मुनाफे की उम्मीद जगी है। निगम के होटलों में आने वाले पर्यटकों को रहने व खाने में छूट का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक**

**एचपीटीडीसी** के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने कहा सभी होटलों के प्रबंधकों और प्रभारियों को इस ऑफर में अधिक से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, 6 मार्च से 10 मार्च तक चेशू महोत्सव के दौरान रिवालसर के टूरिस्ट इन में कोई छूट नहीं मिलेगी। एचपीटीडीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर नई पहल करता है। मानसून सीजन के दौरान बुकिंग को प्रोत्साहित करने के लिए होटल के कमरों पर विशेष छूट की पेशकश की गई थी। इसी तरह, सर्दियों के मौसम में, एचपीटीडीसी के 56 में से 50 होटल 3 जनवरी से 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक की शीतकालीन छूट दे रहे हैं और यह योजना 15 अप्रैल तक जारी रहेगी।

श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः। ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।।

भावार्थः श्रद्धा रखने वाले और संयम से जीने वाले लोग जल्द ही ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं और फिर परम शांति को हासिल कर लेते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 11 फरवरी 2025



# काशी में हनुमान ने तुलसीदास को दिए थे दर्शन

रामचरितमानस लिखने की मिली थी प्रेरणा

संकटमोचन मंदिर का इतिहास 400 साल पुराना

**देश के ऐतिहासिक मंदिरों में शामिल काशी के संकटमोचन मंदिर का इतिहास करीब 400 साल पुराना है। इसी मंदिर में हनुमान ने राम भक्त गोस्वामी तुलसीदास को दर्शन दिए थे, जिसके बाद बजरंगबली मिट्टी का स्वरूप धारण कर यहीं स्थापित हो गए। बताया जाता है कि संवत 1631 और 1680 के बीच इस मंदिर को बनवाया गया। इसकी स्थापना तुलसीदास ने कराई थी। मान्यता है कि जब वे काशी में रहकर रामचरितमानस लिख रहे थे, तब उनके प्रेरणा स्रोत संकट मोचन हनुमान थे। कहा जाता है कि यहां आने वाले भक्तों के सभी कष्ट हनुमान के दर्शन मात्र से ही दूर हो जाते हैं।**

**धार्मिक** मान्यता के अनुसार, तुलसीदास स्नान-दान के बाद गंगा के उस पार जाते थे। वहां एक सूखा बबूल का पेड़ था। ऐसे में वे जब भी उस जगह जाते, एक लोटा पानी डाल देते थे। धीरे-धीरे वह पेड़ हरा होने लगा। एक दिन पानी डालते समय तुलसीदास को पेड़ पर भूत मिला। उसने कहा- क्या आप राम से मिलना चाहते हैं? मैं आपको उनसे मिला सकता हूं। इस पर उन्होंने हैरानी से पूछा- तुम मुझे राम से कैसे मिला सकते हो? उस भूत ने बताया कि इसके लिए आपको हनुमान से मिलना पड़ेगा। काशी के कर्णघंटा में राम का मंदिर है। वहां सबसे आखिरी में एक कुष्ठ रोगी बैठा होगा, वो हनुमान हैं। यह सुनकर तुलसीदास तुरंत उस मंदिर में गए। बताया जाता है कि जैसे ही तुलसीदास उस कुष्ठ रोगी से मिलने के लिए उसके पास गए, वो वहां से चला गया। तुलसीदास भी उनके पीछे-पीछे चलते रहे। आज जिस क्षेत्र को अस्सी कहा जाता है, उसे पहले आनद कानन वन कहते थे। यहां पहुंचने पर उन्होंने सोचा कि अब तो जंगल आ गया है, पता नहीं यह व्यक्ति कहां तक जाएगा। ऐसे में उन्होंने उसके पैर पकड़ लिए और कहा कि आप ही हनुमान हैं, कृपया मुझे दर्शन दीजिए। इसके बाद बजरंग बली ने उन्हें दर्शन दिया और उनके आग्रह करने पर मिट्टी का रूप धारण कर यहीं स्थापित हो गए, जो आज संकट मोचन मंदिर के नाम से जाना जाता है।

### नाराज होकर लिख डाला हनुमान बाहुक

तुलसीदास के बारे में कहा जाता है कि वे हनुमान के अभिन्न भक्त थे। एक बार तुलसीदास के बांह में पीड़ा होने लगी, तो वे उनसे शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा कि आप सभी के संकट दूर करते हैं, मेरा कष्ट दूर नहीं करेंगे। इसके बाद नाराज होकर उन्होंने हनुमान बाहुक लिख डाली। बताया जाता है कि यह ग्रंथ लिखने के बाद ही उनकी पीड़ा खुद ही समाप्त हो गई।

### बंदर मंदिर के रूप में भी प्रसिद्ध

मंदिर परिसर में बहुत सारे बंदरों के होने के कारण, मंदिर को वाराणसी में बंदर मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। संकट मोचन मंदिर भगवान हनुमान को समर्पित है, जो हिंदू धर्म में सबसे अधिक पूजनीय देवताओं में से एक हैं, जो भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति, शक्ति और वफादारी के लिए जाने जाते हैं। यह मंदिर पवित्र गंगा नदी के तट के पास स्थित है और भगवान हनुमान के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। मंदिर में भगवान हनुमान का जन्मदिन हनुमान जयंती बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह उत्सव मंदिर में एक प्रमुख आयोजन है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं।








# धर्मराज का इकलौता मंदिर, जहां आत्माओं की लगती है हाजिरी

**चंबा जिला अपने पौराणिक इतिहास के लिए विश्व विख्यात है। जिले के कई ऐतिहासिक मंदिर पूरे विश्व में अपनी एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं, इन्हीं मंदिरों में एक मंदिर है भरमौर का 84 मंदिर, जिसका निर्माण 7वीं शताब्दी ईस्वी में राजा मेरु वर्मा द्वारा किया गया था। इस स्थल की यात्रा एक मुक्तिदायक अनुभव हो सकती है। इस 84 मंदिर परिसर में धर्मराज का मंदिर भी है, जो की पूरे विश्व में कहीं और नहीं है। इस मंदिर को लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। जैसे कि कहा जाता है कि धर्मराज यमराज के इस मंदिर में मरने के बाद हर आत्मा को जाना ही पड़ता है। इस मंदिर में एक खाली कमरा भी है, जिसे चित्रगुप्त का कमरा माना जाता है। पुराणों के अनुसार, चित्रगुप्त आत्माओं के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। इसलिए जब किसी प्राणी की मृत्यु होती है, तब दूत उस व्यक्ति की आत्मा को पकड़ कर सबसे पहले इस मंदिर में चित्रगुप्त के सामने प्रस्तुत करते हैं, जहां चित्रगुप्त उनके कर्मों का हिसाब-किताब करते हैं और इसके बाद उस आत्मा को चित्रगुप्त के सामने के कक्ष में ले जाया जाता है, जो धर्मराज की कचहरी कहलाती है। यहां पर यमराज कर्मों के अनुसार आत्मा को अपना फैसला सुनाते हैं।**

### मंदिर में हैं चार अदृश्य द्वार

**कहते** हैं कि इस मंदिर में चार अदृश्य द्वार हैं, जो स्वर्ण, रजत, तांबा और लोहे के बने हैं और जहां से यमराज के फैसले के बाद आत्मा को स्वर्ग या नरक ले जाया जाता है। गरूड़ पुराण में भी यमराज के दरबार में चार दिशाओं में चार द्वारों का उल्लेख किया गया है। जो भी भरमौर आता है वह बिना धर्मराज के दरबार में हाजिरी भरे वापस नहीं जाता। चौरासी मंदिर (संख्या 84) न केवल भक्ति, बल्कि विस्मय और जिज्ञासा भी जगाता है। मंदिर परिसर में हिंदू देवी-देवताओं के 84 मंदिर हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि किंवदंतियों के अनुसार उनमें 84 लाख योनियों में जन्म से मुक्ति दिलाने की शक्ति है। इसीलिए यहां दक्षिण भारत से भी लोग यहां आकर अपनी पूजा-अर्चना करते हैं।

### मणिमहेश यात्रा के दौरान लगता है भक्तों का तांता

**मणिमहेश** यात्रा के दौरान तो यहां भक्तों का 24 घंटे तांता लगा रहता है। इन मंदिरों के अस्तित्व के पीछे की कहानी यह है कि बहुत पहले भगवान शिव अपने 24 योगी साथियों के साथ भरमौर में इस स्थान पर आए थे। वे इस स्थान की शांति और सुंदरता से प्यार करने लगे और इसे अपना घर बनाना चाहते थे। उस समय, भरमनी माता, जिनके नाम पर बाद में इस शहर का नाम रखा गया, इस स्थान की निवासी थीं। जब भगवान शिव ने भरमनी से यह स्थान उन्हें और उनके साथियों को देने के लिए विनती की, तो उन्होंने ऐसा करके उनकी बात मान ली और 6 किलोमीटर दूर एक स्थान पर चली गईं। मणिमहेश्वर के मंदिर पर की गई नक्काशी प्रशंसा के योग्य है। नरसिंह मंदिर में भगवान विष्णु के अवतार, उग्र देवता की एक मूर्ति है, जो ग्रेनाइट से बनी है।

### झूठी कसमें खाना दैवीय प्रकोप का संकेत

**स्थानीय** लोगों का मानना है कि इस मंदिर में झूठ बोलना या झूठी कसमें खाना दैवीय प्रकोप का संकेत है। छोटे से पूजा क्षेत्र के अंदर कोई मूर्ति या छत नहीं है और यह कानून की अदालत के गवाह बॉक्स जैसा दिखता है। किंवदंती है कि एक इंसान के मरने के बाद आत्मा बॉक्स के अंदर बने उल्टे पैर के निशान पर खड़ी होती है। कई आगंतुक मंदिर परिसर के इस हिस्से में जाने से डरते हैं। इस मंदिर में प्रवेश करने से डरते हैं लोग कहते हैं कि सदियों पूर्व चौरासी मंदिर झाड़ियों से घिरा था और दिन के समय भी यहां कोई व्यक्ति आने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। मंदिर के ठीक सामने चित्रगुप्त की कचहरी है और यहां पर आत्मा के उल्टे पांव भी दर्शाए गए हैं। इस मंदिर में अढ़ाई पौढ़ी भी है। अप्राकृतिक मौत होने पर यहां पर पिंड दान किए जाते हैं और साथ ही परिसर में वैतरणी नदी भी है, जहां पर गोदान किया जाता है। इसके अलावा धर्मराज मंदिर के भीतर अढ़ाई सौ साल से अखंड धूना भी लगातार जल रहा है। यमराज के कोप से बचने के लिए भाई दूज पर यहां भक्तों की भीड़ लगती है क्योंकि कथा के अनुसार इस दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने आते हैं।

### भाई दूज पर होती है यमराज की विशेष पूजा

**भाई** दूज पर यमराज की विशेष पूजा की जाती है। इस गवाह बॉक्स-प्रकार के मंदिर के बगल में धर्मेश्वर महादेव का मंदिर है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर के चारों ओर सोने, चांदी, तांबे और लोहे से बने चार अदृश्य दरवाजे स्थित हैं। अपने जीवनकाल के दौरान अपने कर्म की गुणवत्ता के आधार पर एक आत्मा को धर्मराज या यम के एजेंटों द्वारा इन चार दरवाजों में से एक तक पहुंचा दिया जाता है। गर्भगृह में देवता का स्वयंभू लिंगम है। इस मंदिर से सटे एक दरवाजा है, जो एक गुप्त गुफा की ओर जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मंदिर परिसर में आधी रात के आसपास अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। लखना देवी मंदिर में एक मंदिर का द्वार है, जो अखरोट की लकड़ी से बनी उत्कृष्ट नक्काशी के लिए जाना जाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह नक्काशी एक ऐसे कारीगर द्वारा की गई है, जिसके हाथ नहीं थे, उसने इस संरचना को बड़े करीने से तराशने के लिए अपने कुशल पैरों का इस्तेमाल किया। 84 मंदिर परिसर से लगभग 6 किमी दूर भरमाणी माता का मंदिर है।

**प्रस्तुतिः मुकेश कुमार, डलहौजी**



# माघ पूर्णिमा

## स्नान-दान का महापर्व

## इस दिन गंगाजल में निवास करते हैं श्रीहरि


**पर्व** में यज्ञ, तप और दान का विशेष महत्व होता है। हर माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना और व्रत किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को सुख और समृद्धि को प्राप्ति होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि माघ पूर्णिमा पर बनने वाले सौभाग्य योग, शोभन योग, शिववास योग, गजकेसरी योग, त्रिग्रही योग बनेंगे। धर्म ग्रंथों में इस दिन को स्नान-दान का महापर्व कहा गया है। साथ ही पूरे साल के पूर्णिमाओं में माघ पूर्णिमा को सबसे उत्तम भी कहा गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के मुताबिक माघ महीने की पूर्णिमा पर तीर्थ के जल में भगवान विष्णु का निवास होता है। साथ ही इस दिन तिल दान करने से कई यज्ञ करने जितना पुण्य फल मिलता है। पुराण के अनुसार माघ महीने की पूर्णिमा पर भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन जो भी श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं। उसके बाद जप और दान करते हैं उन्हें सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिलती है। ग्रंथों में माघ की भगवान भास्कर और श्रीहरि विष्णु का महीना बताया गया है। इस बार बुधवार को श्रद्धालु सुर्योदय के साथ ही तीर्थ स्थानों पर नदियों में स्नान करेंगे। माघ पूर्णिमा पर चंद्रमा और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही साथ पूर्णिमा पर रात में चंद्रोदय के समय चंद्रमा की पूजा करने से चंद्र दोष दूर होता है।

**कब है माघ पूर्णिमाः** ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ पूर्णिमा की तिथि की शुरुआत 11 फरवरी को शाम 0655 मिनट पर होगी और 12 फरवरी को शाम 0722 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि माघ महीने की पूर्णिमा तिथि का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। 12 फरवरी को कुंभ संक्रांति है। इस दिन सूर्य देव कुंभ राशि में परिवर्तन करेंगे। संक्रांति तिथि पर गंगा स्नान किया जाता है। माघ महीने में पढ़ने वाली यह तिथि बहुत खास मानी जाती है और इस दिन कई ज्योतिष उपाय भी किए जाते हैं जिससे सदैव खुशहाली बनी रहती है। इस पूर्णिमा को ब्रहम पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि यह दिन देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त करने और मोक्ष की प्राप्ति के लिए बेहद शुभ माना जाता है। माघ पूर्णिमा पर इस बार सौभाग्य योग, शोभन योग, शिववास योग, गजकेसरी योग, विग्रही योग बनेंगे।

**तिल दान का विशेष महत्वः** ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि मकर संक्रांति की ने तरह इस दिन भी तिल दान का विशेष महत्व है। माघ पूर्णिमा गंगा यमुना के किनारे संगम पर चल रहे कल्पवास का आखिरी दिन होता है। इस दिन पूरे महीने की तपस्या के बाद शाही खान के साथ कल्पवास खत्म हो जाता है। इसलिए धार्मिक नजरिये से माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व है। खान-दान को सभी तिथियों में इसे महापर्व कहा जाता है। इस पर्व में यज्ञ तप और दान का विशेष महत्व है। इस दिन खान के बाद भगवान विष्णु की पूजा, पितरों का श्राद्ध और जरूरतमंद लोगों की दान करने का विशेष फल है जरूरतमंद को भोजन स्व, तिल, कंबल, गुड़, कपास, घी, लड्डू फल, अन, पादुका आदि का दान करना चाहिए। सूर्य और चंद्र पूजा भविष्यवक्ता और कि यह पर्व माघ महीने का आखिरी दिन होता है। साथ में की गई सूर्य पूजा से रोग और दोष दूर हो जाते हैं। इसलिए इस महीने के खत्म होते वक्त सुबह जल्दी उठकर भगवान सूर्य को जल चढ़ाया जाता है। उत्तरायण के चलते इस दिन उगते हुए सूरज की अर्धय देने से उम्र बढ़ती है और बीमारियां खत्म होती हैं। इस दिन खान के बाद घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जाप करते हुए सूर्य को अर्धय देना चाहिए। ग्रंथों में बताया गया है कि पूर्णिमा पर चंद्रमा को दिया गया अर्धय पितरों तक पहुंचता है। इससे पितृ संतुष्ट होते हैं। माघ महीने की पूर्णिमा पर चंद्रमा अपने मित्र सूर्य की राशि में रहेगा। इसलिए इसका प्रभाव बढ़ जाएगा। नीरोगी रहने के लिए इस दिन औषधियों को चंद्रमा की रोशनी में रखकर अगले दिन खाना चाहिए। ऐसा करने से बीमारियों में राहत मिलने लगती है।

**गंगा स्नान करें :** डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि माघी पूर्णिमा पर स्नान और दान का खास महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार माघ पूर्णिमा पर स्वयं भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन जो भी श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं। उसके बाद जप और दान करते हैं उन्हें सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिलती है। ग्रंथों में माघ को भगवान भास्कर और श्रीहरि विष्णु का महीना बताया गया है। रविवार को श्रद्धा सूर्योदय के साथ ही तीर्थ स्थानों पर नदियों खान करेंगे पद्म पुराण के मुताबिक माघ मा के दौरान व्रत, दान और तपस्या न भी कर पा तो इस महीने के आखिरी दिन यानी पूर्णिम पर सूर्योदय से पहले उठकर गंगा नदी प्रयागराज में तीन नदियों के संगम में नहाने अक्षय पुण्य मिलता है। ऐसा न कर पाएं। घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे औ चुटकी भर तिल डालकर नहाने से भी ती स्नान करने जितना पुण्य मिल जाता है। मत्स पुराण में कहा गया है कि इस दिन ब्रह्मवैव पुराण का दान करने से ब्रह्म लोक मिलता है इस तरह से पुण्य देने वाला पर्व है।





कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा, जोगिंद्रनगर

### माघी पूर्णिमा पर करें विष्णु की पूजा

डॉ. अनीष व्यास बताया कि माघ पूर्णिमा पर पूरे परिवार के साथ विष्णु पूजा करने से कुंडली के दोषों का अस कम होता है। विष्णु जी की कृपा से कार्यों में आ रही बाधाएं खत्म होती हैं, सफलता मिलती है और घर-परिवार में प्रेम बना रहता है। पूर्णिम पर पवित्र ग्रंथों का पाठ करना चाहिए। जैसे श्रीरामचरित मानस, श्रीमद भागवत कथा, विष पुराण, शिव पुराण आदि ग्रंथों के पाठ के सा हो अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप भी करन चाहिए। विष्णु पूजा में तिल से बनी मिठाई क भोग जरूर लगाएं। जरूरतमंद लोगों की तिल का दान भी करें। इस दिन हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा य सुंदरकांड का पाठ करें। आप चाहें तो श्रीरामदूताय नमः मंत्र का जप भी कर सक हैं। मंत्र जप कम से कम 108 बार करन चाहिए। पूर्णिमा पर शिव का जलाभिषेक करें तांबे के लोटे में जल भरें और नमः शिवा मंत्र का जप करते हुए पतली धार से शिवलिं पर चढ़ाएं।








*हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की पवित्र स्थली है। यहां पर कदम-कदम पर देवी-देवताओं के अनेक पवित्र स्थान हैं। इन देवी-देवताओं के प्रति लोगों की न केवल गहरी आस्था है, बल्कि वे यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अहम हिस्सा भी हैं।*

## वर्षा के देवता हैं बजीर-ए-चौहार घाटी

# देव पशाकोट

## चौहार घाटी में विभिन्न स्थानों पर हैं अनेक मंदिर

**मंडी** जिले के पधर उपमंडल के अंतर्गत चौहार घाटी में प्रसिद्ध देव पशाकोट के अनेक पवित्र स्थान मौजूद हैं। देव पशाकोट न केवल चौहार घाटी के सर्वमान्य देवता हैं बल्कि इन्हें बजीर-ए-चौहार घाटी भी कहा जाता है। इनका पहाड़ी शैली में चौहार घाटी की ग्राम पंचायत तरस्वाण के मंठी बजगाण नामक गांव में प्राचीन मंदिर स्थित है। इस मंदिर में पशाकोट देवता का रथ व भंडारगृह भी है। साथ ही चौहार घाटी के टिक्कन गांव के समीप ऊहल व थल्टूखोड़ नदी के संगम स्थल नालदेहरा में भी पहाड़ी शैली में देव पशाकोट का मदिंर बना हुआ है। इसके अलावा झटींगरी-बरोट मुख्य सडक़ पर देवता ढांक पर भी देव पशाकोट का मंदिर स्थापित है। इसके अलावा बरोट गांव के सिल्ह देहरा में भी इनका प्राचीन मंदिर स्थापित है। यही नहीं छोटा भंगाल के लोहारडी के पोलिंग गांव के समीप मराड़ में भी देव पशाकोट का प्राचीन मंदिर स्थित है, जिसे पशाकोट देवता का मूल स्थान माना जाता है। असीम प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य स्थापित देव पशाकोट के ये सभी देवस्थल श्रद्धालुओं व देव आस्था रखने वालों को आकर्षित करते हैं। हरे भरे विशाल घने वृक्षों से युक्त देवता के इन पवित्र स्थानों पर स्वयं के जंगल के साथ-साथ देवता की निजी भूमि भी है। इस भूमि में देवता की आज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी पेड़ से लोहा भी स्पर्श नहीं करा सकता। नालदेहरा स्थित ऊहल नदी पर देवता की आल (सरोवर) भी है तथा कहा जाता है कि पुरातन समय में देव पशाकोट अपने मूल स्थान मराड़ से चलकर अंत में यहीं पर आकर रुके थे।

### प्रत्येक वर्ष रथ के साथ करते हैं मेलों व हार का भ्रमण

देव पशाकोट का एक चौकोर रथ भी है। इस चौकोर रथ के शीर्ष पर पगड़ी सुशोभित है तथा गुंबदनुमा सोने का छतर भी है। रथ के चारों और चार देव मोहरे तथा सोना, चांदी, अष्टधातु सुशोभित हैं। रथ उठाने के लिए लकड़ी की लचीली अर्गलाएं लगी है, जिन्हें स्थानीय बोली में आगल भी कहा जाता है। सफेद, पीले, लाल इत्यादि परिधान युक्त देव पशाकोट का रथ प्रत्येक व्यक्ति में आस्था का संचार करता है। देव पशाकोट (रथ द्वारा) निश्चित किए दिनों में अनेक स्थानों की यात्राओं में जाते है, जिसमें मंडी का अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव, राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर सहित कई स्थानीय मेले जैसे गलू की जातर, माला का मेला, सायर का मेला इत्यादि शामिल हैं। देवता के साथ विभिन्न वाद्य यंत्रों वाले यथा ढोल, कांसी, तुरही, नरसिंगा, शहनाई आदि सहित गूर, पुजारी, भंडारी, ध्वजवाहक आदि लगभग 45 देवलू साथ चलते हैं।

इसके अतिरिक्त देव अपनी हार की हर वर्ष एक फेरा भी लगाते हैं जिसमें श्रद्धालु अपनी मन्नतों के पूरा होने पर देवता को अपनी मन्नत व जातर देते हैं। देवता पशाकोट को वर्षा का देवता भी माना जाता है।

### सूखा पड़ने पर लोग देवता से लगाते हैं बारिश की गुहार

**जब-जब** क्षेत्र में सूखा पड़ता है तो लोग देवता से बारिश की गुहार लगाते हैं। साथ ही यदि अत्यधिक बारिश होने पर भी लोग देवता की शरण में जाकर वर्षा रोकने की अरदास करते हैं। इसके अतिरिक्त भूत, व्याधि, बीमारी, चोरी-दंगा, शांक-समाधान तथा व्यक्तिगत मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भी चौहारवासी देवता की शरण में जाते हैं। देवता का अपना विधान है जिसकी सभी को पालना करनी पड़ती है।



### कैसे पहुंचें देवता के मंदिरों तक

**देव** पशाकोट के इन विभिन्न पवित्र स्थानों पर सड़क मार्ग के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। देव पशाकोट का पहला मंदिर पठानकोट-जोगिंद्रनगर-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर घटासनी नामक स्थान से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर देवता ढ़ांक में स्थित है। इनका दूसरा मंदिर लगभग 15 किलोमीटर दूर टिक्कन गांव के समीप नालदेहरा नामक स्थान पर स्थित है। यहां पर पहाड़ी शैली में निर्मित इनका प्राचीन मंदिर है। साथ ही यहां पर ऊहल नदी के मध्य देवता की आल (सरोवर) भी है। इसके अलावा मंठी बजगाण गांव में भी इनका भव्य मंदिर है जहां देवता का भंडार गृह भी है। साथ ही घटासनी से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बरोट के सिल्ह देहरा में भी देव पशाकोट का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहते हैं कि इनका मूल स्थान छोटा भंगाल क्षेत्र के पोलिंग गांव के मराड़ में स्थित है जो घटासनी से लगभग 35 किलोमीटर दूर है। श्रद्धालु जोगिंद्रनगर के साथ-साथ मंडी से घटासनी होकर भी यहां पहुंच सकते हैं। सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन जोगिंद्रनगर है जबकि हवाई अड्डा गग्गल कांगड़ा है।

**प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री आवास योजना : कुटवासी के दो परिवारों ने सुविधा लेने से किया इनकार

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विकास खंड फतेहपुर की पंचायत कुटवासी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 मकान मिले थे। इनमें से 2 परिवारों ने मकान की सुविधा लेने से मना कर दिया है। इस बारे सोमवार को जानकारी देते हुए पंचायत सचिव जसबीर सिंह ने बताया कि 2017-18 में हुए सर्वे के दौरान करीब 125 परिवारों की सूची भेजी गई थी, जिनमें 40 परिवारों के मकान स्वीकृत हुए थे। इसमें जांच दौरान मात्र 14 परिवार ही उक्त योजना के लिए पात्र पाए गए, जिनमें से दो परिवारों ने सुविधा लेने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि बचे हुए 12 परिवारों में 8 के खाते में दूसरी किश्त भी आ गई है। अन्य चार परिवारों ने भी मकान का कार्य चलाया हुआ है। अब दोबारा सर्वे किया जा रहा है, ताकि कोई भी मकान की सुविधा लेने से वंचित न रहे।

### सब-स्टेशन सिद्धपुर के तहत आज पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब-स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों के जरूरी रख-रखाव के चलते 11 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक तपोवन, विधानसभा, बरेह, बाघनी, कैलाश कॉलोनी और आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### चंबी स्कूल में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट भवारना द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय चंबी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रधानाचार्य, अध्यापक तथा 30 छात्राएं मौजूद रहीं। एसपीओ दीक्षा ने पहले द हंस फाउंडेशन के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत करवाया तथा छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए। डॉ. संगम ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के विषय में छात्राओं को अवगत कराया। इस स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम में द हंस फाउंडेशन टीम की ओर से फार्मासिस्ट आकृति, लैब टेक्नीशियन सोनू कुमार और पायलट अनिल ने भी सहयोग दिया।

### कम संख्या वाले स्कूलों का दर्जा कम न करें

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सन्नू के एसएमसी प्रधान त्रिलोचन सिंह ने प्रेस को दिए एक बयान में शिक्षा विभाग द्वारा कम संख्या वाले



स्कूलों का दर्जा कम करने संबंधी समाचार पत्रों में आ रही खबरों के संबंध में कहा कि सरकार के इस कदम से दूर-दराज क्षेत्रों में इस निर्णय से बच्चों के लिए समस्या पैदा होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अधिकतर विद्यार्थी गरीब एवं वंचित वर्गों से आते हैं, जो कि अपने बच्चों को दूर पढ़ने नहीं भेज सकते। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। यह देश में सरकार द्वारा दी जाने वाली वह सुविधा है जोकि विद्यार्थी के लिए कम से कम दूरी पर होनी चाहिए। अंत: उन्होंने कहा कि सरकार को अभिभावकों की आर्थिक स्थिति एवं क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को मध्य नजर रखते हुए स्कूलों को बंद करने की परिस्थिति से बचना चाहिए।

### धर्मशाला में जल्द शुरू हो सीयू भवन का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जन चेतना धर्मशाला की बैठक का आयोजन आर. सी. कटोच की अध्यक्षता में किया गया। बैठक जन चेतना द्वारा बार बार उठाए जा रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण को लेकर राज्य सरकार से मांग की है कि द्वारा इसे उपचारिकताओं के पश्चात सीयू भवन का निर्माण शुरू करवाया जाए। आर सी कटोच ने कहा कि पहले ही राजनीतिक खेल के कारण कांगड़ा, चम्बा के बच्चों के भविष्य के ऊपर काफी असर पड़ रहा है। कई संस्थाओं द्वारा इस विषय पर सरकार को समय-समय पर अवगत भी करवाया गया है, परन्तु राजनीतिक आकाओं पर इस का कोई असर नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रदेश के युवाओं के हित्त में इस कार्य को जल्द शुरू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सीयू भवन निर्माण को लेकर अभी तक सरकार द्वारा 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवाए जा सके हैं, जिसके कारण इसके भवन का निर्माण लटका हुआ है।

# पंचायतों के समग्र विकास के लिए कारगर कदम उठाएं अफसर : बाली

## कहा, गांव -गरीब की समस्याएं जानने के लिए शुरू किया 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सोमवार को अंबाड़ी तथा उपरली मजेठली पंचायत में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने तथा दो वर्षों में इन पंचायतों में विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा कि अंबाड़ी तथा मजेठली में गत दो वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल तथा विद्युत की बेहतर सुविधा पर दो करोड़ के लगभग राशि व्यय की गई है।



उन्होंने कहा कि गांव और गरीब के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यों के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत वे अपनी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ऊपरली मजेठली पंचायत में लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 लाख 91 हजार रुपए के कार्य इस पंचायत में किए गए हैं। जल शक्ति विभाग द्वारा इस पंचायत में पीने की पानी की योजना की वितरण प्रणाली के सुधार के अंतर्गत 120000 लीटर तथा 200000 लीटर के भंडारण टैंकों का निर्माण व पानी की पाइप संबंधी के कार्य किए गए हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा लगभग 28 लाख रुपए की राशि से रास्तों का निर्माण किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा 94 हजार रुपए की राशि से लाभार्थियों को विभिन्न रूप में लाभ दिए गए। मुख्यमंत्री राहत कोष का लाभ 6 लाभार्थियों को 126000 की राशि के रूप में दिया गया। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत 12 लाभार्थियों को लगभग 11 लाख रुपए की राशि का लाभ दिया गया है। और राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा 15 लाख 91 हजार रुपए के कार्य इस पंचायत में किए गए हैं।

# पंचायतों में सफाई कर्मी रखने वाला पंचरुखी पहला ब्लॉक : गोमा

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि विकास खंड है, जिसमें सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। आयुष मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी को विकास खंड पंचरुखी की ग्राम पंचायत अगोजर में 16 लाख रुपए से लगने वाले प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए दी।

### अगोजर में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की रखी आधारशिला

उन्होंने विकास खंड पंचरुखी के अंतर्गत पंचायतों में बने सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में सेवाएं देने वाले 10 स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट्स भी भेंट की। उन्होंने प्लास्टिक एकत्रीकरण वाहन को हरी झंडी देकर रवाना भी किया। उन्होंने कहा कि यह वाहन विकास खंड पंचरुखी की 28 पंचायतों से एकत्रित की गई प्लास्टिक को वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले प्लास्टिक को प्रेस कर सीमेंट प्लांट्स को भेजा जाएगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इस प्लांट से किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होगा। मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में यह दूसरा दूसरा प्लांट है और स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक मुक्त पंचरुखी बनाने के लिए यह अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क का विस्तार, अच्छर कुंड सड़क का टाइल कार्य, पानी की समस्या का समाधान किया गया है। उन्होंने स्थानीय शमशान सड़क के निर्माण के लिए 5 लाख, अच्छर कुंड सड़क के लिए अतिरिक्त कार्य को 5 लाख और वोल्टेज की समस्या के समाधान की घोषणा की।

# सुरक्षित भवन निर्माण के लिए तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर : राबिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वयक राबिन ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा जिले में भवन निर्माण को अधिक आपदा-रोधी बनाने और सुरक्षित निर्माण तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरों एवं कनिष्क इंजीनियरों की मदद लेगा। ये इंजीनियर बतौर मास्टर ट्रेनर जिलेभर के राजमिस्त्रियों, बार-बाइंडर और बढ़ई जैसे निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि सुरक्षित भवन निर्माण की उन्नत तकनीकों को अपनाने में सक्षम हो सकें। वहीं, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन में है तथा आपदा से नुकसान को कम करने के लिए भवन निर्माण को अधिक सुरक्षित और आपदा प्रतिरोधी बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके लिए डीडीएमए कांगड़ा, राजीव गांधी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्सल के सहयोग से राजमिस्त्री, चयनित सेवानिवृत्त इंजीनियरों को प्रतिष्ठित सीएसआईआर-सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, आईआईटी रूड़की में दो सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भूकंप-रोधी निर्माण, राजमिस्त्री कार्य में गुणवत्ता नियंत्रण, और आधुनिक सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा और उन्हें जिला स्तरीय संसाधन व्यक्तियों के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया

**सेवानिवृत्त** इंजीनियर 28 फरवरी तक अपना आवेदन डीडीएमए कांगड़ा में जमा कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन में अपने विभाग, सेवा वर्षों, और भवन निर्माण एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित अनुभव का विवरण देना आवश्यक होगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डीडीएमए कांगड़ा से संपर्क करें।

# कूड़े का सही निष्पादन सबकी जिम्मेदारी: डीसी

## स्मार्ट सिटी धर्मशाला में 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से ही कूड़े के सही निष्पादन और उसके उचित संकलन को लेकर धर्मशाला नगर निगम में 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि 'मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी' थीम के साथ इस अभियान को 60 दिनों तक धर्मशाला नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में चलाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वच्छता मित्रों और नगर निगम द्वारा लोगों को घरों पर ही गीला तथा सूखा कूड़ा अलग करने बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कूड़े के सही प्रबंधन की जिम्मेदारी जितनी नगर निगम की है उतनी ही हम सबकी भी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों तथा स्वच्छता मित्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शहर की साफ सफाई तथा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आम जनमानस, गैर सरकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, होटल संचालकों और व्यापार मंडलों का सहयोग भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के साथ शहर के सभी वार्डों में समाधान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान पार्षद तथा नगर निगम के अधिकारी वार्डों का दौरा कर लोगो की समस्याओं को सुनेंगे और मौके पर उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने होटल कारोबारियों और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से इस मुहिम में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धर्मशाला वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित पर्यटन गंतव्य है। यह शहर जितना अधिक स्वच्छ और सुंदर बनेगा उतना ही अधिक यहां पर्यटकों का आगमन होगा।

### शाहपुर में भी शुरू हुआ अभियान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोमवार को 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समस्त पार्षदों को इस अभियान से अवगत कराया गया। 9 अप्रैल तक अभियान के तहत संपूर्ण शहर में डोर-टू-डोर सर्वे एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# नूरपुर कॉलेज में संगीत सीखने वालों को वितरित किए प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय आर्य कॉलेज नुरपुर के संगीत (वादन) विभाग द्वारा गत वर्ष रुचि कक्षा (हॉबी क्लासेज) का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार ठाकुर के निर्देशन में संगीत विभाग के प्रोफेसर भारती भागसैन द्वारा किया गया। प्रोफेसर भारती भागसैन ने इन क्लासेस का मुख्य उद्देश्य छात्रों में संगीत के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना बताया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग की प्रोफेसर भारती भागसेन ने संगीत के आधारभूत तत्वों जैसे स्वर, सप्तक, राग, लय, ताल, अलंकार इत्यादि की सैद्धांतिक जानकारी दी। इसके साथ ही सितार, तबला, हारमोनियम इत्यादि शास्त्रीय वाद्यों को बजाने का प्रारंभिक प्रशिक्षण इस कार्यक्रम के दौरान दिया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए बेहद लाभकारी बताते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने आज सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा विद्यार्थियों को संबोधित कर इस कर प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस उपलक्ष्य पर प्रो. संजय कुमार जसरोटिया और डॉ. दिलजीत भी उपस्थित रहे।

# एक शिक्षा निदेशालय के गठन पर ऐतराज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की बैठक अनिल भाटिया अध्यक्ष जिला कांगड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कांगड़ा के 23 खंडों से खंड प्रधानों सहित उनकी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्री प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक एक शिक्षा निदेशालय के गठन का भरपूर विरोध किया। संघ के पदाधिकारी ने लिखित प्रेस बयान में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्री प्राइमरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक आधारभूत व वाल्यवस्था देखभाल स्टेज के अंतर्गत कुल आठ कक्षाएं बनती हैं। इनके संचालन के लिए अलग ही प्राथमिक शिक्षा निदेशालय रखने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त कक्षा छठी से अगली कक्षाओं के लिए एक अलग निदेशालय बनाया जाए। क्योंकि 3 साल से 11 साल के बच्चों के सीखने, पढ़ने की परिस्थितियां व शिक्षक पद्धतियां भी अलग-अलग होती हैं।

## जाच्छ स्कूल में काउंसिलिंग एंड मोटिवेशन सत्र का आयोजन

# मेहनत ही सफलता की कुंजी : राधिका

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नूरपुर तहसीलदार द्वारा राजकीय वरिष्ठ विद्यालय जाच्छ में छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक काउंसिलिंग और मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार राधिका सैनी ने छात्रों को जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत का महत्व समझाते हुए कई विश्व प्रसिद्ध हस्तियों के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह कही।



तहसीलदार ने छात्रों को अलीबाबा के संस्थापक जैक मा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा, मशहूर अभिनेता और बॉडी बिल्डर अर्नाल्ड श्वार्जनेगर, और स्टीव जॉब्स की 'बी हंगरी, बी फुलिश' थ्योरी को अपनाने की प्रेरणा दी। तहसीलदार ने वर्तमान और अतीत की महान हस्तियों के संघर्ष और सफलता की कहानियों से सीख लेने पर जोर दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में अंतत: कोई भी बहाना काम नहीं आता है केवल और केवल मेहनत ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने शिक्षकों से नियमित ग्रुप डिस्कशन सत्र आयोजित करने की अपील की, ताकि छात्रों में आत्मविश्वास विकसित हो और वे संवाद कौशल में निपुण बन सकें। छात्रों द्वारा मोबाइल के इस्तेमाल पर बात करते हुए तहसीलदार ने कहा कि टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करें। उन्होंने जोर देकर मोबाइल के लाभ और उसके दुरुपयोग से बचने की भी बात कही। तहसीलदार राधिका ने कहा कि सरकारी स्कूल गरीब परिवारों के बच्चों के लिए एक गुरुकुल हैं, जिन्हें बंद होने से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से इन विद्यालयों की गरिमा बनाए रखने और छात्रों को उनकी खुद की पहचान और क्षमता की खोज करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसीलदार राधिका ने अधिकारियों के अलावा समाज के उन व्यक्तियों को भी स्कूलों में काउंसलिंग के लिए बुलाने का सुझाव दिया। जिन्होंने अपने दम पर अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। (अनंत ज्ञान)

### बयोवृद्ध पूर्व सैनिक का मनाया जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** पूर्व सैनिक लीग खुंडियां ने कलाई गांव के बयोवृद्ध पूर्व सैनिक हवलदार लाल सिंह को नोटों के हार पहनाकर 98वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूर्व सैनिकों व गांव वासियों ने बयोवृद्ध सैनिक को जन्मदिन की शुभ कामनाएं दी हैं। पूर्व सैनिक लीग के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल एमएस राणा ने बताया कि पूर्व सैनिक लाल सिंह का जन्म 10 फरवरी, 1927 को हुआ था। वे उन्नीस वर्ष की आयु में 1946 में सेना की 9 पंजाब रेजिमेंट में भर्ती हुए। उन्होंने बीरता का परिचय देते हुए सन 1948, 1962 व 1965 के युद्धों में हिस्सा लिया तथा 1966 में सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर इलाके के कैप्टन कर्म सिंह, कैप्टन कश्मीर सिंह, हवलदार जगदीश, हवलदार विनोद व सूबेदार कश्मीर आदि ने 98 बसंत देख चुके बयोवृद्ध पूर्व सैनिक हवलदार लाल सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### छात्रों के खिलाफ काम कर रही कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज एबीवीपी इकाई द्वारा प्रदेश स्तरीय एवं कॉलेज की मूलभूत सुविधाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं चरमराई व्यवस्था को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं, इकाई अध्यक्ष आयुष चौधरी ने कहा कि कॉलेज में शौचालय की व्यवस्था इतनी खराब है कि विद्यार्थी को शौचालय जाने से पहले 10 बार सोचना पड़ता है व हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार छात्रों के खिलाफ काम कर रही है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे छात्रों के खिलाफ नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ प्रदेश में काम करें, ताकि युवा पीढ़ी नशे के दलदल में डूबने से बच सके। वहीं आयुष चौधरी ने बताया कि छात्र संघ चुनाव को बहाल करने के लिए लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग उठा रही है, लेकिन सरकार छात्रों के हितों की अनदेखी कर रही है। इसके अलावा आज भी कई कॉलेज में प्राध्यापकों के पद खाली चले हुए हैं और प्राध्यापक न होने के चलते छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ऐसे में एबीवीपी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि वह खाली पड़े पदों को जल्द भर और विश्वविद्यालय में भी कुलपति का पद जल्द भरा जाना चाहिए।

### 250 स्कूली बच्चों को भेंट किए ट्रैक सूट्स

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर के सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए समाजसेवी लोगों ने अपने हाथ बढ़ाए हैं। सोमवार को नूरपुर क्षेत्र की भलेटा पंचायत के समाज सेवी अनूप सिंह चिब ने क्षेत्र के पांच प्राथमिक पाठशालाओं काथल, चरोढ़, गयोरा, खजन और कमनाला के करीब 250 बच्चों को अपनी ओर से करीब 2 लाख की राशि के ट्रैक सूट और रावमापा गयोरा की 12 छात्राओं को बलेजर भेंट किए। समाजसेवी अनूप सिंह चिब ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने की प्रेरणा से प्रेरित होकर उन्होंने क्षेत्र की दो प्राथमिक पाठशालाओं काथल और चरोढ को गोद लिया है। उनकी ओर से दोनों पाठशालाओं में एक एक अध्यापक की भी शीघ्र ही नियुक्ति की जाएगी, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। उक्त दोनों पाठशालाओं में जो कमी होगी, उस कमी को पूरा करने के लिए वह भविष्य में भी हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

### परमार के नेतृत्व में मनाया दिल्ली जीत का जश्न

**अनंत ज्ञान, सुलह।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत के बाद का उत्साह सातवें आसमान पर है। दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न सुलह विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार की अगुवाई में मनाया गया। आयोजन में क्षेत्र के सभी भाजपा पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता ने भाग लिया। यह आयोजन विपिन परमार के ननाओं आवास में हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित सभी केंद्रीय नेतृत्व एवं देवतुल्य जनता-जनार्दन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। परमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश इस समय विश्व गुरु बनने की राह पर है और बहुत जल्द ही वह समय भी आने वाला है जब दुनिया भारत के आगे नतमस्तक होगी।

### भारत-पाकिस्तान सीमा पर पकड़ा ड्रोन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ संलग्न महत्वपूर्ण कस्बा बमियाल में पुलिस ने पाकिस्तान द्वारा भेजे गए ड्रोन को रिकवर किया तथा पुलिस द्वारा इस मामले में सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन मंगवाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 42 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह कार्रवाई सीआईए स्टाफ पठानकोट की ओर से की गई है। जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान जितंद्र कुमार उर्फ काली निवासी पुराना तारागढ़ के रूप में हुई हैं। उन्होंने कहा कि सीआईए पठानकोट की टीम अवैध गतिविधियों पर नजर रखने हेतु जब सीमावर्ती एरिया के गांव जैनपुर में पहुंची तो उन्हें गुप्त सूचना मिली कि कस्बा तारागढ़ के एक युवक द्वारा कुछ दिन पहले सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हेरोइन मंगवाई गई थी। सीआइए स्टाफ की टीम द्वारा उसे उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह अपने मोटरसाइकिल पर जा रहा था।

### युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे नशे के सौदागर: बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** देव भूमि हिमाचल में चिट्टे की सौदागरी में नेताओं तथा पुलिस कर्मियों के सम्मिलित होने का समाचार हैरत पूर्ण है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नशे के सौदागरों ने हिमाचल की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन नशे से युवकों की मौतों के समाचार आ रहे हैं, परंतु सरकार की ढुलमुल नीति के कारण समस्या दिनोदिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भलीभांति जानती है कि नशे की खेप पंजाब से आती है तो सीमाओं पर नाकाबंदी क्यों नहीं की जाती? उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के युवकों को नशे से दूर रखना तथा संस्कारित करना सरकार के साथ-साथ समाज का भी दायित्व है उन्होंने कहा कि स्वाभिमान पार्टी नशा मुक्त व्यक्ति, भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति तथा विष मुक्त खेती के एजेंडे पर काम कर रही है और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है।

### आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में अव्यवस्था आई सामने

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय राजीव गांधी आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर संस्थान के तहत चल रहे आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक के बहाने अस्पताल प्रबंधन की अव्यवस्था खुलकर उजागर हुई। विधायक किशोरी लाल ने अस्पताल परिसर में हुए तीन उद्घाटनों में जाना भी गंवारा नहीं समझा, हालांकि उन्होंने रोगी कल्याण समिति की बैठक में शिरकत की। बैठक में उन्होंने रोगी कल्याण समिति के सदस्यों को बैठक से पूर्व एजेंडा न दिए जाने का मुद्दा उठाया तो समिति के सदस्यों ने भी अस्पताल की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया। विधायक की नाराजगी दूर करने के लिए स्वयं आयुष मंत्री उन्हें अपनी गाड़ी में बिठाकर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बैजनाथ में लेकर गए तब कहीं मामला शांत हुआ। हालांकि रोगी कल्याण की समिति की बैठक में आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने अस्पताल प्रबंधन को कैंटीन, मेडिकल स्टोर और सफाई व्यवस्था के टेंडर रिन्यू करने की बजाय की निविदाएं दोबारा आमंत्रित करने के आदेश दिए।

**धार्मिक**

## डेरा स्वामी जगत गिरी आश्रम भदरोया ने गुरु रविदास के 648वें प्रकाशोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

# शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

डेरा स्वामी जगत गिरी आश्रम भदरोया की ओर से गुरु रविदास के 648वें प्रकाशोत्सव को समर्पित बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शहर के विभिन्न हिस्सों में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। गददीनशीन श्रीश्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज की रहनुमाई में श्री गुरु रविदास सभा जिला पठानकोट, देहाती सभा, गुरु



रविदास महिला संगठन, गुरु रविदास वेलफेयर युवा संगठन के सहयोग से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि लाल चंद कटारुचक्क कैबिनेट मंत्री पंजाब, हलका दीनानगर इंचार्ज शमशेर सिंह, स्वामी गुरदीप गिरी महाराज ने हरी झंडी देकर रवाना किया। पंज पयारों की अगुवाई में निकाली गई।

शोभायात्रा में विभित्र राजनीतिक, धार्मिक, शैक्षणिक व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा पंजाब, हिमाचल, जेएंडके तथा विदेशों से भी संगत पहुंची। श्री श्री गुरु रविदास सभा डिस्ट्रिक्ट पठानकोट, श्री श्री गुरु रविदास देहाती सभा पठानकोट, श्री गुरु रविदास महिला संगठन पठानकोट, श्री गुरु रविदास वेलफेयर युवा संगठन पठानकोट सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि विशेष अतिथि के रूप में हलका पठानकोट विधायक अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशीष विज, निगम के सीनियर डिप्टी मेयर विक्रम महाजन भी पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### इस बार सरसों के तेल का पिछला कोटा भी मिलेगा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के फतेहपुर स्थित गोदाम के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया इस बार सरसों के तेल के दो ट्रक गोदाम में पहुंचे हैं। उन्होंने बताया इस बार राशन कार्ड धारक सरसों के तेल का पिछला कोटा भी ले सकेंगे।

**बेदखली सूचना**

**मैं करतार सिंह** गांव भबाड़ा डाकघर वरुणा तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा अजय कुमार व पुत्रबधु संतोष मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अत: मैं इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवासी मजदूरों को थाने में पंजीकरण करवाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत थाना रोहड़ू की टिक्कर चौकी का एसडीपीओ प्रणव चौहान ने दौरा किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह चौकी जुब्बल-नावर क्षेत्र के अंतर्गत 8 पंचायतों को सेवाएं दे रही है। इस दौरान 8 पंचायत प्रधानों व उपप्रधानों को, महिला मंडलप्रतिनिधि, नवयुवक मंडल प्रतिनिधि व स्थानीय निवासियों को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। बैठक में मौजूद लोगों व बुजुर्गों से नशे की रोकथाम से संबंधित चर्चा की गई। बैठक में पहुंच बुजुर्ग व महिलाओं ने डीएसपी से नशे की बढ़ती गंभीर समस्या के विषय में सवाल जवाब भी पूछे। वहीं डीएसपी द्वारा यातायात नियमों की जानकारी भी सांझा की गई। इस मौके पर प्रवासी मजदूरों की नजदीकी थाना व चौकी में पंजीकरण कराने बारे जानकारी दी गई व पुलिस एवं जनता के बीच कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सहभागिता के महत्व के बारे में भी चर्चा की गई। इस दौरान डीएसपी ने टिक्कर में निर्माणाधीन पुलिस चौकी के भवन का निरीक्षण भी किया।

### रिश्ता ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर किया नाम रोशन



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** मशोबरा ब्लॉक के अंतिम छोर के गांव पीरन की बेटी रिश्ता मेहता ने इस वर्ष दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिश्ता मेहता के गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने पर समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सबसे अहम बात यह है कि गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने वाली जुन्गा क्षेत्र से यह पहली बेटी है। रिश्ता मेहता इन दिनों राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोलन में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है जबकि इससे पहले रिश्ता मेहता ने 12वीं कक्षा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से उत्तीर्ण की है। कॉलेज में एनसीसी में भाग लेने और वर्दी पहनने के शौक ने रिश्ता मेहता को गणतंत्र दिवस दिल्ली की परेड में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। रिश्ता मेहता ने अपने अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि वर्दी पहनना उनका बचपन से शौक है और वह सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना चाहती है।

### पुजारली-4 स्कूल से परीक्षा केंद्र हटाने पर लोगों में रोष

**दशमी रावत, रोहड़ू।** शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में नावर क्षेत्र के पुजारली नंबर-4 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का परीक्षा केंद्र रद्द किया गया है। जिस कारण स्थानीय अभिवावकों में भारी रोष पनप गया है। स्थानीय लोंगों का कहना है कि पिछले 30 साल में पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब छात्रों को परीक्षा देने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदशाल जाना पड़ेगा। जिसकी दूरी यहां से लगभग 10 किलोमीटर है। इस स्कूल में पुजारली नंबर-4 पंचायत के छात्रों सहित नावर क्षेत्र की अन्य 10 पंचायतों के छात्र भी पढ़ने आते है। करासा, पुजारली -3, बदशाल, करछारी, शरौंथा, कुठाड़ी, खारला, कड़ीवन व खलाई आदि पंचायतों से भी यहां छात्र इस स्कूल में पढ़ने आते है। इस स्कूल में करासा व सरस्वती विद्या मंदिर पुजारली-4 का भी परीक्षा केंद्र था। इन स्कूलों के छात्रों को भी मजबूरन परीक्षा देने दूर जाना पड़ेगा। अभिवावकों का कहना है कि इस विषय पर वे कई बार शिक्षा मंत्री से भी मिले है, लेकिन उनकी मांग को अनसुना किया गया। शिक्षा विभाग और सरकार द्वारा शायद उनके मूल तथ्य को जानना अनिवार्य नहीं समझा गया। संजीव शर्मा, बिट्टू शर्मा,सुरेश शर्मा, नीटू शर्मा, दीपन लाल, संजीव रोल्टा, प्रदीप नैंटा, नरेश नैंटा, नीरज नैंटा, जगदीप नैंटा, रितेश नैंटा, सुनील शर्मा, जय प्रकाश व पप्पू रोल्टा ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुजारली -4 से परीक्षा केंद्र न हटाया जाए। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा केंद्र को शिक्षा विभाग ने एक साल के लिए स्थगित किया है।

### पुलिस ने बरामद की 32 बोतल अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, चौपाल,नेरवा।** चौपाल पुलिस ने एक व्यक्ति से 32 बोतल अवैध देशी शराब बरामद कर मामला दर्ज किया है । जानकारी के अनुसार एसएचओ चौपाल अम्बी लाल ने टीम के साथ गश्त पर थे । इस दौरान पुलिस टीम ने बलवीर सिंह, पुत्र स्वर्गीय मंगत राम, गांव व डाकघर मकड़ोग से 32 बोतल संतरा ब्रांड देसी शराब बरामद की । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

### भाजपा सरकार ही देश की सच्ची हितैषी : मनोहर



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** एएचकेपी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा राष्ट्रीय समर्थक मनोहर शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी को देश की सच्ची हितैषी बताया और कहा कि हर देशवासी को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर पूरा विश्वास है जिसकी वजह से दिल्ली में पूर्ण बहुमत मिला और बहुत वर्षों से दिल्ली प्रदेश में जो भ्रष्टाचार चल रहा था उसका भी अंत हुआ। केजरीवाल ने दिल्ली प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह चूर करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया था। भाजपा राष्ट्रीय समर्थक मनोहर शर्मा ने आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को और अनुराग को दिल्ली में पूर्ण बहुमत के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं साथ ही दिल्ली प्रदेश की जनता को, हर भाजपा कार्यकर्ता को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

### झंडूता कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के संयोजन प्रोफेसर बलवीर चंद द्वारा छात्रों के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्यातिथि के रूप में चंडीगढ़ से जॉबकोच संस्थान में (एचआर और मार्केटिंग हेड) राजीव नैय्यर और साथ ही अरिजीत चक्रवर्ती (सी.आर.एम.) उपस्थित रहे। राजीव नैय्यर ने अपने व्याख्यान से वर्तमान समय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए (स्किल, स्पेयर तथा स्मार्टवर्क) थ्री एस का सूत्र दिया। अरिजीत ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार से संबंधित टिप्स दिए। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से महाविद्यालय के छात्रों को बैंक इंश्योरेंस, फाइनेंशियल सर्विस, रिटेल, रियल स्टेट, टेलीकॉम, आईटी हार्डवेयर, फार्मा राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय उद्योगों में नौकरी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया और विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। महाविद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया इनमें से कुछ विद्यार्थियों का चयन जॉबकोच संस्थान द्वारा कर लिया गया है तथा भविष्य में उन छात्रों को उनकी स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के पश्चात चंडीगढ़ में विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए बुलाया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग के साथ गैर शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहा।

### तुलसी राम सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गत दिवस हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं लाडली फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला बिलासपुर में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर को नशा निवारण अभियान ऑपरेशन मुक्ति के कार्यक्रम में पर्यटन विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु सम्मानित किया गया। रेनबो स्टार क्लब के प्रधान अजय कौशल एवं सर्वधर्म सम्भाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा तुलसी राम ठाकुर को पर्यटन विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं माता की चुनरी देकर देकर सम्मानित किया। तुलसी राम ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड मिलने पर होटल लेक व्यू के कर्मचारियों ने कार्यक्रम का आयोजन करके तुलसी राम ठाकुर को सम्मानित किया। गौरतलब है कि तुलसी राम ठाकुर पिछले 37 वर्षों से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विद्युत बोर्ड में युक्तिकरण का विरोध करने के साथ ही ओपीएस की बहाली समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने बिलासपुर में काले बिल्ले लगाकर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया। ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान पर विद्युत बोर्ड के बिलासपुर सर्कल ऑफिस में एकत्रित हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंगलवार को हमीरपुर में प्रस्तावित बिजली महापंचायत में भाग लेने के लिए रूपरेखा भी बनाई। विद्युत बोर्ड के एसई इंजीनियर गौरव शर्मा और राज्य विद्युत बोर्ड इंप्लॉयज यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत चैहान 'बिट्टू' के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि विद्युत बोर्ड में कर्मचारियों की पहले से अत्याधिक कमी है। 'बिट्टू' ने कहा कि विभिन्न मांगों और मुद्दों को लेकर मंगलवार को हमीरपुर में बिजली महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिलासपुर जिला के कर्मचारी बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे।

# प्रदेश में 90 पंचायत भवनों का होगा निर्माण, राशि जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- एक ग्राम पंचायत के लिए करीब 1.14 करोड़ की राशि आ रही
- प्रदेश में बनने वाले सभी पंचायत भवन बनेंगे एक पैटर्न पर




हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज विभाग ने 90 पंचायत भवनों को बनाने के लिए राशि जारी कर दी है। राशि के जारी होने के बाद से ग्राम पंचायत के भवनों का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है।

एक ग्राम पंचायत के लिए करीब 1.14 करोड़ रुपए की राशि आ रही है। विभाग की ओर से निर्माण कार्यों को लेकर करोड़ों रुपए के हिसाब से पैसा जारी किया है।

इसी के साथ भवन का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए कहा है। खास बात ये है कि अब प्रदेश में बनने वाले सभी पंचायत भवन एक पैटर्न पर बनेंगे। इसके लिए विभाग की ओर से ही डिजाइन और ड्राइंग दी गई है। ड्राइंग के बाहर कोई कुछ नहीं बना सकेगा।

#### खिड़की व दरवाजे यूपीवीसी के होंगे

**वहीं,** जिला सोलन के विकास खंड धर्मपुर की जाबली पंचायत में भी इसी पैटर्न पर भवन तैयार हो रहा है। भवन ग्राम पंचायत कम्यूनिटी सेंटर का नाम दिया है। हालांकि इस पंचायत भवन के साथ अन्य कार्यालय भी खोले जाएंगे। अभी यहां पर निर्माण कार्य के लिए करीब 47 लाख रुपए की राशि से चला हुआ, जबकि अन्य बजट का प्रावधान भी जल्द होगा। पंचायत की ओर से नए भवन का अप्रैल में लोकार्पण करवाने की तैयारी में है।

#### ठेकेदार को जल्द काम पूरा करने के आदेश जारी

**ठेकेदार** को जल्द काम पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। जल्द जाबली पंचायत को अपना भवन मिल जाएगा। भवन निर्माण को दिए पैटर्न के मुताबिक डिजाइन करवाया जा रहा है। प्रदेश में करीब 90 पंचायत भवन इसी प्रकार से तैयार किए जाएंगे।-राजेश चंदेल, अधिशासी अभियंता, पंचायती राज विभाग

### खौणी गांव की सेजल रावत फिल्म वाइट में आएगी नजर



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए जब वी मीट क्लीक्स अकादमी एंड स्टूडियो द्वारा फिल्म वाइट बनाई गई है। शनिवार को इस फिल्म को पूरा कर लिया गया है। यह फिल्म चिट्टा के उपयोग व सप्लाई के ऊपर बनाई गई है। हिमाचल में दिन-प्रतिदिन चिट्टे से होने वाली मौत की दरें बढ़ रही हैं। युवाओं को नशे से बचाने के लिए इस फिल्म को बनाया गया है। जल्द ही फिल्म को रिलीज कर दिया जाएगा।

इस फिल्म के निर्माता दिनेश ठाकुर एवं देश राज हैं। दिनेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस फिल्म से युवा पीढ़ी को जागरूक किया जा सकता है। इस फिल्म में नशे की लत से लेकर नशेड़ी की जिंदगी को बताया गया है।

इस फिल्म को दिनेश ठाकुर द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। वहीं इस फिल्म में किरण शर्मा, अमित भाटिया, निकिता, सेजल रावत, दिनेश ठाकुर, सनी राजपूत व रवि ने अभिनय किया है।

## शिमला-बड़ागांव बस रूट में बदलाव अब चलेगी शिमला से क्यालू बस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- शिमला- धरोगड़ा बस रूट में भी आंशिक बदलाव

परिवहन विभाग ने शिमला-बड़ागांव बस में बदलाव किया है। यह बस अब बड़ागांव न जाकर शिमला से क्यालु रूट पर चलेगी। बस धरोगड़ा होते हुए क्यालू पहुंचेगी। इस बीच बस धरोगड़ा सड़क के चंदूमोड़ से वाया संदोआ-कनोहरूनाला भी जाएगी।

यह बस शिमला के आईजीएमसी बस स्टॉपेज से दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से चलेगी। सुबह के समय क्यालु से 6 बजे रुट पर वापस शिमला आएगी। बस सेवा शुरू होने से धरोगड़ा पंचायत के अलावा अब संदोआ, एवग, सरेया, गलाह, और भम्नोल ऐशा, क्यालू गांव के लोग लाभान्वित होंगे। लोगों को यातायात की सुविधा मिलने साथ कृषि उत्पाद को बेचना भी आसान होगा। क्यालु गांव सड़क से जुड़ने के बाद क्षेत्र के लोग बस सुविधा की मांग कर रहे थे। विक्रमादित्य ने लोगों की मांग पर बदलाव करवाया है।

धरोगड़ा पंचायत के लिए चलने वाली बसों में के रूट में बदलाव किया है। इसी प्रकार सांयकाल 3 बजे से शिमला- धरोगड़ा चलने वाली बस के रुट में आंशिक बदलाव किया गया है। अब वाया जलोग न जाकर वाया पंदोआ पनेवट होते हुए धरोगड़ा पहुंचेगी।

### निशुल्क एक्यूप्रेशर थैरेपी का उठाएं लाभ

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** आरोग्य मंदिर ऑर्गेनाइजेशन जोधपुर राजस्थान द्वारा नगर परिषद सुन्नी के रेन बसेरा हाल में निशुल्क एक्यूप्रेशर थैरेपी कैंप का आयोजन किया गया। 22 फरवरी तक चलने वाले इस चिकित्सा शिविर में एक्सीडेंटल समस्या, पैरालाइसिस, जोड़ों के दर्द, डिस्क की समस्या, घुटनों के दर्द, मोटापा, साइटिका, माइग्रेन, कंधों के दर्द, थायराइड, शुगर और घबराहट जैसी गंभीर समस्याओं का एक्यूप्रेशर थैरेपी से नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। डॉ. इशू और डॉ. शैम्पी ने बताया किमहिलाओं को निशुल्क एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## 15 तक पंजीकृत करवाएं वुड कटर, नहीं तो होगी कार्रवाई

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

चौपाल के वनों में अवैध कटान में रोक लगाने को लेकर विभाग सख्त हो उठा है । विभाग ने सख्त निर्देश जारी किये है कि जिन लोगों के पास छोटे-बड़े वुड कटर है उनकी पहचान सार्वजनिक कर 15 फरवरी तक सम्बंधित वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय में पंजीकृत करवा लें।

वनमंडलाधिकारी चौपाल जंगवीर दुल्टा ने कहा कि चौपाल क्षेत्र के अंतर्गत वुड कटर यानी की पेड़ काटने वाली मशीने जिस व्यक्ति के पास है, उसकी अब सार्वजनिक पहचान करवानी होगी होगी। उन्होंने कहा कि मशीन की जांच की जाएगी कि किस मकसद से रखी गयी है और कितने हॉर्स पावर की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अपने कटर का पंजीकरण नहीं करवाता है और कटर पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बता दें कि वनों में अवैध कटान को रोकने के लिए सरकार ने कई कानून लागू किए है । सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए है कि चेन वुड कटर खरीदने के लिए लोगों को अब लाइसेंस लेना होगा। प्रदेश सरकार ने वन में पेड़ों के अवैध कटान को रोकने के लिए लाइसेंस लेने की शर्त को अनिवार्य कर दिया है। उधर वन विभाग का दावा है कि इस व्यवस्था के लागू होने से बन कटान पर रोक लगने में मदद मिलेगी। वहीं चेन वुड कटर को हॉर्स पावर के आधार पर लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

### जीत की खुशी में भाजपा ने बांटे लड्डू



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** दिल्ली चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सुन्नी में लड्डू बांट कर जश्न मनाया गया। सुन्नी में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नारायण सिंह,मुकेश वर्मा सहित संजय भारद्वाज और स्थानीय भाजपाइयों ने लड्डू बांट कर दिल्ली में जीत पर खुशी जाहिर की । नारायण सिंह ने बताया कि लंबे समय बाद भाजपा ने दिल्ली में पूर्ण बहुमत हासिल किया।

## प्रयोगशाला कर्मचारी महासंघ ने कार्यकारिणी का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

हिमाचल प्रदेश प्रयोगशाला कर्मचारी महासंघ की एक बैठक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष कंवर सिंह की अध्यक्षता में पीजी कॉलेज रामपुर में आयोजित की गई। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्षों और खंड के अध्यक्ष भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में सरकार से लंबित डीए की 11 प्रतिशत राशि जारी करने की मांग के साथ-साथ विभाग से पदोन्नति एलए से जेएलए, जेएएल से एसएलए बनना, विभागीय ट्रेनिंग करवाना, पदनाम में बदलाव और एक ही पद पर 18-20 सालों से स्पेशल इंक्रीमेंट की मांग की गई।

वहीं बैठक में राज्य कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। जिला सिरमौर से खजान सिंह, संत राम, जगत चौहान, जिला बिलासपुर से संतोष, बिना देवी, रोशनी, जिला किन्नौर से हिम्मत, कुल्लू से जालफ राम, गोपाल चंद, विनोद कुमार, जिला सोलन से खुशी राम, शांता देवी, विद्या, राधा, समीक्षा देवी, रीता, मोहन सिंह, जिला शिमला से सोहन लाल, पुरषोतम, प्रेम दासी, तवारपंती नेगी को शामिल किया गया। इसके अलावा बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। महासंघ के अध्यक्ष कंवर सिंह ने कहा कि शीघ्र सरकार और शिक्षा मंत्री से मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल मिलेगा एवं प्रयोगशाला कर्मचारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### ब्राक्टा ने की पुस्तकालय के लिए राशि देने की घोषणा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने बचत भवन रोहड़ू में निर्माणाधीन डिजिटल पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और इसे तय समय सीमा पर पुरा करने के आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डिजिटल पुस्तकालय के निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल पुस्तकालय क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और पुस्तक प्रेमियों के लिए एक आधुनिक ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इस दौरान एसडीएम रोहड़ू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जगह-जगह जलाया जा रहा कूड़ा, सांस की बीमारियां फैलने का खतरा

# घुमारवीं शहर धुआं-धुआं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



नगर परिषद घुमारवीं शहर के कूड़े को इकट्ठा करने के बजाए उसे जगह जगह जला रही है। इससे एक ओर जहां पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है तो वहीं सांस की बीमारियां फैलने का डर भी सता रहा है। बता दें कि नगर परिषद द्वारा कूड़े को इकट्ठा करने के लिए शुक्रवार व मंगलवार का दिन रखा गया है। लेकिन अब कूड़े को नगर के अलग-अलग स्थानों पर जलाया जा रहा है। सुनहानी रोड, दकडी चौक और फुटब्रिज के नीचे सुबह शहर का कूड़ा इकठ्ठा कर जलाया जा रहा है। इस कारण शहर में आने वाले लोगों सहित स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। शहर में कूड़े को जलाने का सिलसिला एक-दो दिनों से नहीं, बल्कि पिछले कई दिनों से चल रहा है। कूड़े के जलने से उड़ने वाली प्रदूषण रहित धुएं की लपटों से लोग परेशान है। इससे स्वच्छ घुमारवीं के दावों की पोल यहां उड़ रहे जहरीले धुएं में उड़ती नजर आ रही है। रोज सुबह कूड़ा इकठ्ठा किया जाता है तथा वहीं उसको आग लगा दी जाती है, जिससे सारे वातावरण में विषैला धुआं उड़ता रहता है। इससे यहां पर काम-काज के लिए आने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

> जिन-जिन स्थानों पर कूड़ा जलाया जा रहा है, उसकी जानकारी इकट्ठी कर जेई को मौके पर भेजकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -पवन शर्मा, प्रदूषण अधिकारी, बिलासपुर।

स्थानीय निवासी सुनील शर्मा, प्रमोद, संजय का कहना है कि जब सुबह हम घुमारवीं बाजार पहुंचते हैं तब कूड़े के ढ़ेर में आग लगी हुई होती है। इससे शहर में व अन्य स्थानों पर विषैला धुआं उड़ता है। कूड़े के जलने से उड़ने वाले धुएं से लोगों का बीमार होने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### औहर में नशे और गोहत्या के खिलाफ निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले की ग्राम पंचायत औहर में सोमवार को युवाओं की मौत का कारण बन रहे सेंथेटिक नशा चिट्टे के खिलाफ तथा मंडी जिले में गोमाता की निर्मम हत्या को लेकर रोष रैली का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत प्रधान प्रेम लता ठाकुर की अगुवाई में आयोजित रैली में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने ठाकुरद्वारा औहर से लेकर फोरलेन मार्ग होते हुए भगेड़ ओवर ब्रिज तक रैली निकाली तथा इस नशे को भगाने तथा गोमाता के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर औहर पंचायत प्रधान प्रेम लता ठाकुर ने कहा कि जिले ही नहीं, अपितु प्रदेश के कोने-कोने में चिट्टा रूपी राक्षस अपने पांव पसार रहा है, दर्जनों युवाओं की मौत का कारण बन रहे इस चिट्टे के समूल नाश को लेकर अब जागरूक होना अत्यंत जरूरी हो गया है। नशे से युवा पीढ़ी को बचाने की जिम्मेदारी सभी की है।

## बाल संरक्षण कानूनी बाध्यता नहीं मानवीय जिम्मेदारी भी : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा बाल देखभाल और संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाने और बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) को सशक्त करने के उद्देश्य से सोमवार को बचत भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता एडीसी डॉक्टर निधि पटेल ने की। डॉ. निधि पटेल ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल देखभाल संस्थानों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण के संदर्भ में अधिक संवेदनशील एवं बेहतर प्रबंधन हेतु प्रशिक्षित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि बाल संरक्षण केवल एक कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि एक मानवीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि बाल देखभाल संस्थान समाज के सबसे संवेदनशील बच्चों के लिए आश्रय स्थल होते हैं और इन संस्थानों को सशक्त बनाना केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सामान्य एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) को सुरक्षित, समावेशी एवं स्नेहपूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। इसके लिए सभी को मिलकर इन संस्थानों को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में जेजे एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत प्रशासन द्वारा समय-समय पर संस्थानों का निरीक्षण किया जाता है ताकि उनकी समस्याओं एवं कमियों की पहचान कर उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों से कहा कि इस कार्यशाला का अधिकतम लाभ उठाया जाए ताकि इन संस्थाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके। कार्यशाला के अंत में खुले चर्चा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधियों ने अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। विषय विशेषज्ञों ने उनकी समस्याओं एवं प्रश्नों का समाधान किया।

## सकारात्मक सोच व्यक्तित्व के विकास में सहायक : अमरनाथ

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

- जेजवीं कैंब्रिज स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत जेजवीं कैंब्रिज उच्च विद्यालय द्वारा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया । इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं प्रमुख समाजसेवी अध्यक्ष शांति सेवा समिति एवं संस्थापक कोटधार नलवाड़ मेला समिति अमरनाथ धीमान ने शिरकत की। पाठशाला प्रांगण में पहुंचने पर पाठशाला प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। सबसे पहले माता सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

सर्वप्रथम कैंब्रिज स्कूल के प्रबंधक इंद्र सिंह धीमान एवं पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने मुख्यातिथि अमरनाथ धीमान को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पाठशाला के सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सारे विश्व में गुरु की महिमा अपरंपार है और बिना गुरु के शिक्षा प्राप्त नहीं की जा सकती।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों रितिका सृष्टि ईशानी आर आर स्वास्तिक शौर्य कारण दिव्यांश पलक पल्लवी सुनैना दीपक आयुष ध्रुव शगुन कृतिका अनन्या हर्षिता दक्षित अभिनव तथा अन्य पाठशाला के विद्यार्थियों को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा पाठशाला के सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर पाठशाला प्रबंधन ने मुख्यतिथि का इस कार्यक्रम के लिए अपना अमूल्य समय देने के लिए दिल की गहराइयों से हार्दिक आभार व्यक्त किया। अंत में मुख्य अतिथि अमरनाथ धीमान ने स्कूल प्रबंधन द्वारा किए गए इस सुंदर कार्यक्रम के लिए 5100 रुपए की राशि भेंट की।

### आज आयोजित होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड घुमारवी ब्रांच द्वारा 11 फरवरी को घुमारवीं में डेवलपमेंट मैनेजर के 3 पदों और बिसनेस एसोसिएट के 2 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।

### भूमि अधिग्रहण प्रभावित परिवारों की सुनवाई 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन (रेलवे) जिला बिलासपुर डॉक्टर निधि पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के निर्माण के लिए जिला बिलासपुर के तहसील सदर के छह गांवों में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना हेतु प्रभावित व्यक्तियों, भू-स्वामियों और पंचायत प्रतिनिधियों हेतु जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तहसील सदर के गांव मानवा/221,आपेक्षित भूमि (बीघा में)3-15, रामपुर /220,आपेक्षित भूमि (बीघा में)2-9 का जनसुनवाई कार्यक्रम ग्राम पंचायत घर नौणी में 28 फरवरी को प्रात: 11 बजे होगा।

**किसानी** हाथों-हाथ बिक रही चौधरी बलिया राम की शक्कर, दूर-दूर से आ रहे खरीददार

# शहर तक पहुंचने लगी जमथल की शक्कर की मिठास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर जिले के जमथल की वादियों में बसे इस गांव में इन दिनों खेतों में लहलहाती गने की फसलें से शक्कर का कारोबार पूरी तरह से जोर पकड़ चुका है। यहां के किसानों ने शक्कर बनाने की पारंपरिक प्रक्रिया के साथ न केवल अपनी आय में वृद्धि की है, बल्कि शहरों व पास लगते गांवों को भी ताजगी से बनी शक्कर का स्वाद भी चखा रहे है, जबकि हरनोडा चम्यौण और कसोल में आगामी माह से शुरू होने वाला है। जमथल गांव के किसान चौधरी बलिया राम की शकर भी हाथों हाथ बिकना शुरू हो गई है। लोग दूर-दूर से ताजी शकर खरीदने आ रहे है।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत किसान कुलदीप ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य सुरजीत ठाकुर, दिला राम एनटीपीसी में कार्यरत किसान सुशील ठाकुर का शक्कर निकलने का काम भी जोरों से चला हुआ है और इनके बेलने के पास भी खरीददारों का जमावाड़ा देखने को मिल रहा है। किसान चौधरी बलिया राम ने बताया कि जंगलों से टौर के पत्तों से पूड़ी बनाकर उसमें 24 किलोग्राम की पैकिंग की जा रही है। इस वक्त पूड़ी का मूल्य 2600 रुपए चल रहा है और खुले में 120 रुपए प्रति किलो दी जा रही है।

इस दौरान उन्होंने घुमारवीं से आए डॉ. सुमन को मौके पर बेलणा, कड़ाह, चाक, बण यानि भट्टी सहित शक्कर बनाने का पूरा प्रोसेस बताया। चार घंटों में शक्कर की बनने की विधि में एक किसान की बहुत ही मेहनत लगती है। इस शक्कर की खुशबू इतनी आकर्षक होती है कि दूर-दूर से लोग इसे खरीदने के लिए आते हैं। लोग बड़े चाव से ताजा शक्कर और घी के मिश्रण को पसंद करते हैं, जिसका अलग ही स्वाद है। इन गांवों में शक्कर का कारोबार सालों से पारंपरिक खेती करते आ रहे किसानों की मेहनत की वजह से पहचान दे रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुगली खड्ड में सफाई अभियान हुआ शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वार्ड नंबर एक के गुगली खड्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर ने पुराने मेला मैदान से हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर के सभी वार्डों में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा, जिससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। सफाई अभियान के दौरान नगर परिषद की टीम ने गुगली खड्ड में फैले कचरे, प्लास्टिक, गंदगी और अन्य अवशिष्ट पदार्थों को हटाया। नगर परिषद अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से भी सफाई अभियान में सहयोग करने की अपील की और कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर सैनेटरी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा, जूनियर इंजीनियर विपिन कुमार, कमेटी ओर्गेनाइजर प्रोमिला देवी, सहायिका बिन्नी ,सैनेट्री सुपरवाइजर रविकांत और नगर परिषद के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### जल्द लगेगा रक्तदान शिविर, होगी स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब ने सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए फरवरी माह में जिला कांगड़ा के बड़े अस्पतालों के माध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, शैक्षणिक संस्थानों की छात्राओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। रोटरी क्लब के सचिव सुशील पठानिया ने बताया कि बैठक में मिनी सचिवालय में डिजिटल पुस्तकालय के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिक डॉ. जेआर आज़ाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, विजय जम्वाल, सोहन लाल सहोता, निखिल, हरीश बहल, रोटेरियन एनआर बरवाल, विनोद राठौर और डॉ. अनिल चौहान ने भाग लिया।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट में जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों का जलवा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा टाउन हॉल मंडी में आयोजित मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता में जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हर आयु वर्ग में जोगिंद्रनगर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा और उन्होंने बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए कई ट्रॉफियां अपने नाम की। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी विनय कुमार ने बताया कि आयु वर्ग 65 सिंगल में रविंद्र ठाकुर विजेता और शेर सिंह ठाकुर उपविजेता रहे। आयु वर्ग 65 डबल में रविंद्र ठाकुर और शेर सिंह की जोड़ी ने खिताब जीता। आयु वर्ग 60 डबल में राजेश शर्मा और कश्मीर सिंह उपविजेता रहे, जबकि आयु वर्ग 50 सिंगल में टेक गुरुंग उपविजेता बने। आयु वर्ग 45 सिंगल में अश्वनी शर्मा ने विजेता का खिताब जीता, जबकि सुरेंद्र पाल उपविजेता रहे। आयु वर्ग 45 डबल में विनय शर्मा और अश्वनी शर्मा की जोड़ी ने जोरदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। आयु वर्ग 40 डबल में राकेश शर्मा और उनके साथी उपविजेता रहे, जबकि आयु वर्ग 35 डबल में कोमल ठाकुर और उनके साथी ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

### पश्चिम बंगाल रवाना हुई भंगरोटू वृद्धाश्रम में रहने वाली महिला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पश्चिम बंगाल की धरती से हिमाचल की बल्ह घाटी में पहुंची एक वृद्ध महिला को उसके परिवार से मिलवाने में मंडी जिला प्रशासन के प्रयास फिर रंग लाए हैं। लगभग डेढ़ साल से वृद्धाश्रम में गुजर-बसर कर रही इस महिला को आज उपायुक्त अपूर्व देवगन की उपस्थिति में उनके परिजनों एवं संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान महिला काफी भावुक हो गई और अपनों से मिलने पर खुशी के आंसू रुकते नहीं रूक पा रहे थे। इस मानवीय पहल पर महिला एवं उसके परिवार ने स्थानीय प्रशासन एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर पश्चिम बंगाल राज्य में संपर्क करने पर महिला के नाम-पते की पुष्टि की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहता है कि वृद्ध आश्रम में रहने वाले जरूरतमंदों व असहाय लोगों को हरसंभव मदद प्रदान की जाए। बाहरी राज्य के यहां रहने वाले आश्रमवासी को उनके परिजनों से मिलवाने के लिए सफल प्रयास यहां पहले भी हुए हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने मंडी के सभी लोगों की ओर से पदमा मुर्मू और उनके परिजनों तथा साथ आए अधिकारियों के दल को सम्मानित भी किया।

### दिल्ली में प्रचंड जीत पर लडभड़ोल में जश्न



**अभिषेक शर्मा, लडभड़ोल।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत पर लडभड़ोल में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लविंदर सिंह और जोगिंदरनगर भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लविंदर सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को भारी समर्थन देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासशील नीतियों पर अपनी मुहर लगा दी है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाए।

### सुन्नी में शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रदेश की समस्त नगर निकायों में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मिशन के तहत नगर परिषद सुन्नी में समृद्ध शहर सशक्त शहर योजना का शुभारंभ किया गया । शुभारंभ के मौके पर अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुन्नी में योजना का संचालन 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक किया जाएगा । योजना के तहत नगर परिषद के समस्त पार्षद और कर्मचारी वार्डो में घर-घर जाकर समस्त नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे । सुन्नी वासियों को सरकार द्वारा संचालित सिटीजन सेवा पोर्टल माध्यम से चलाई जा रही नो सेवाओं बारे विस्तार से बताया जाएगा । नगर परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में समस्त पार्षदों ने हिस्सा लिया ।

# लोगों ने रथयात्रा के साथ पुर्थी में मनाया बाहरालू जातर मेला



**अनंत ज्ञान, चंबा ( पांगी )**

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र पांगी में जुकारू उत्सव के 12वें दिन चार प्रज्जामंडलों ने बाहरालू मेले का आयोजन किया। यह मेला पुर्थी पंचायत में मनाया जाता है। जिसमें रेई, पुर्थी, शौर और थांदल की प्रजामंडल भाग लेते है। कड़ाके की ठंड के बीच लोगों में उत्साह कम नहीं हुआ।

लोगों ने मिलकर पुर्थी में बाहरालू मेला मनाया। चारों प्रजामंडल के लोग 12 दिन के बाद एक-दूसरे के साथ मिलकर इस मेले का आयोजन करते है। लोगों की मान्यता है कि इन चार गांव के लोग 12 दिनों तक एक दूसरे के

**जुकारू उत्सव के 12वें दिन चार प्रजा मंडलों ने किया बाहरालू मेले का आयोजन**

गांव में नहीं जाते है और 12 दिनों बाद बाहरालू मेले के दिन सभी के साथ मिलकर जुकारू पर्व के नाम पर बाहरालू मेले का आयोजन करते है। इस अवसर पर एक दूसरे के गले लगकर खुशी मनाते है।

इस मेले के दिन रेई और शौर से रथ यात्रा निकाली गई, जोकि पुर्थी गांव में एकत्रित होती है। रथयात्रा के साथ जहां माता के गूर शामिल रहते हैं तो वहीं भारी संख्या में स्थानीय लोग भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाते हैं। सोमवार को तड़के 6:00 बजे मलासनी माता मंदिर में थांदल और पुर्थी के लोग लकड़ी से बनी कुकड़ी की सजावट करने में जुट जाते है और सुबह 9:00 बजे कुकड़ी को आभूषण पहनाकर रथ यात्रा के लिए तैयार करते है। जिस घर की छत पर मेला मनाया जाता है वहां 24 घंटे दीया जलाकर बलिदानी राजा की पूजा की जाती है। मेले के खत्म होने के अगले दिन यानी मंगलवार की सुबह कुकड़ी को मेले स्थल से वापस लाया जाएगा, परम्परा के मुताबिक कुकड़ी के गहने उतारने से पहले बलि दी जाती थी लेकिन बलि प्रथा बंद होने के बाद अब नारियल चढ़ाया जाता है।

## पेंशनर्स महासंघ मांगें पूरी न होने पर करेगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर्श महासंघ ने मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को चेताया है कि समय रहते राज्य सरकार उनकी उचित मांगों को नहीं मानती है तो भारतीय राज्य पेंशनर्श महासंघ के समस्त लोग सचिवालय शिमला में प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं करेंगे।

यह बात सोमवार को चंबा स्थित लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित मासिक मीटिंग के दौरान भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर डी के सोनी व भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष बेजर सिंह यादव ने एक संयुक्त में कही। इन पदाधिकारियों ने कहा वर्षों से पेंशनर मांगों को लेकर सरकार से वार्तालाप करने को अग्रसर है पर सरकार उनकी बातों को कतई भी गंभीरता से नहीं ले रही है।

इस अवसर पर भिन्न भिन्न विभागों से आए हुए जिनमें भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ, राज्य पेंशनर महासंघ इकाई, भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ से संबद्ध हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम सेवानिवृत मंच, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद, लिमिटेड पेंशनर फोरम, हिमाचल प्रदेश कॉरपोरेट पेंशनर संघ, शिव पंचांग पेंशनर सेवा समिति, हरदासपुरा तथा आंबेडकर पेंशनर फोरम चंबा, ने इस एहम मीटिंग में अपनी भागेदारी सुनिश्चित करवाई।

# मेजर ओजस्वी शर्मा को राष्ट्रपति ने सेना मेडल से किया सम्मानित

**आरके सहगल, चंबा**



76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर चंबा निवासी मेजर ओजस्वी शर्मा को उनकी असाधारण वीरता, साहस और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण हेतु महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सेना मेडल से सम्मानित किया गया। मेजर शर्मा ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों के साथ आमने-सामने के उच्च जोखिम वाले अभियानों में अद्वितीय साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। मेजर ओजस्वी शर्मा का सैन्य सफर प्रेरणादायक रहा है। वे 2016 गणतंत्र दिवस परेड में अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में सम्मानित हुए थे और उसी वर्ष कजाखिस्तान में युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 9 मार्च, 2019 को भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया और तब से ही अपनी वीरता और कर्तव्यपरायणता से देश की रक्षा कर रहे हैं। उनकी माता नीना शर्मा, जो शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के झाकड़ी में कमला मेमोरियल स्कूल की संचालक हैं, और उनके पिता अरविंद शर्मा, जो एक क्लास-ए सरकारी ठेकेदार हैं, ने इस गौरवपूर्ण क्षण को बेहद खास बताया। उनके पिता ने कहा मेरा बेटा बचपन से ही सेना में जाना चाहता था। यह हमारे परिवार की परंपरा रही है, और हमें गर्व है कि उसने मातृभूमि की रक्षा में अद्वितीय योगदान दिया है। हम चाहते हैं कि देश के युवा ओजस्वी से प्रेरणा लें और राष्ट्र सेवा के लिए आगे आएं।

इसके साथ ही, अरविंद शर्मा ने कहा कि मीडिया को देश के असली नायकों पर अधिक ध्यान देना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी उनसे सीख सके और उनके समर्पण से प्रेरणा प्राप्त कर देश सेवा के प्रति अपना योगदान दे सके।

इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के जिला अध्यक्ष राकेश बिज एवं सलाहकार राहुल कुमार सहगल ने मेजर शर्मा के पिता से भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

मेजर ओजस्वी शर्मा का यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है और उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनी रहेगी।( अनंत ज्ञान)

## प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज चंबा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सोमवार को प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के द्वारा एक ज्ञापन प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज चंबा को सौंपा गया, जिसका विषय सरकारी लैब से ही मरीजों को टेस्ट करवाने की सलाह देने हेतु व सरकारी योजनाओं का लाभ मरीजों को देने हेतु था।

आपकों बता दें की चंबा की अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है इनती दूर का सफर तय करने के बाद चंबा मेडिकल कॉलेज आते है लेकिन पिछले कुछ वक्त से मरीजों की विभिन्न

**स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाने की उठाई मांग**

शिकायतें सामने आ रही है। सरकार की जनकल्याण की इतनी सारी नीतिया चल रही है इसके बावजूद सरकारी योजनाओं से वंचित रखा जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य से निवेदन किया की सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करें जिससे जिला चंबा के मरीज उन योजनाओं का लाभ उठा सके।

## देहरा पंचायत के कुछ परिवार आज भी अंधेरे में

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकासखंड चुराह के अंतर्गत ग्राम पंचायत देहरा के गांव आहुति में 5 दिन से बिना लाइट के स्थानीय करीब आधा दर्जन परिवारों को बिना लाइट के भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि जिस दिन से गांव में बर्फ पड़ी थी ठीक उसी दिन से उनके घरों की लाइट बंद पड़ी है। उन्होंने विद्युत उपमंडल कार्यालय में जाकर शिकायत भी दर्ज करवाई किंतु 5 दिन मुकम्मल हो जाने के बावजूद भी आज तक उनके घरों में बिना लाइट के अंधेरा पसरा हुआ है। लोगों ने समस्या के समाधान की मांग उठाई।

## अंश ने जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भद्रम, चंबा में रुद्र फिटनेस जिम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 17 वर्षीय अंश ने बेंच प्रेस और स्क्वाट में प्रथम स्थान हासिल किया और समग्र पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के दौरान, अंश के दाहिने हाथ में चोट लग गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी पीड़ा को नजरअंदाज कर विजेता बने।

इस उपलब्धि का श्रेय अंश ने स्वयं की मेहनत, संघर्ष और धैर्य को दिया, साथ ही अपने कोच हितेश खन्ना और अपने माता-पिता को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका समर्थन किया।

अंश की यह उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा है और यह दर्शाती है कि सच्ची जीत भाग्य से नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम और समर्पण से मिलती है।

## तीसा में नवनियुक्त आशा वर्कर को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉक्टर विपिन ठाकुर ने बताया कि खंड तीसा और खंड कीहार की नवनियुक्त आशा वर्कर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान आशा वर्कर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया है।

कार्यक्रम के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय से सीआर ठाकुर जन शिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी को नियुक्त किया गया था। डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि विभिन्न योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाएंगी।

## रोटरी के ईको-फ्रेंडली उत्पादों की बढ़ी मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 द्वारा निर्मित ईको-फ्रेंडली डूना-पत्तल अब हिमाचल के छह जिलों में अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रदेश की राजधानी शिमला, पर्यटन नगरी कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, मंडी और हमीरपुर में इन उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों की आमदनी भी बढ़ रही है।

रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य अजय, मेजर ज्ञान चंद बरवाल और रामलाल वालिया ने बताया कि 2023 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक चार लाख से अधिक डूना-पत्तल उपयोग में आ चुके हैं। इससे प्लास्टिक और थर्माकोल के उपयोग में कमी आई है।

## खड़ामुख-होली-नयाग्रां सड़क में बंद रहेगा वाहनों का परिचालन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने उलांसा-सुलाखर वाया सतनाला संपर्क सड़क के तहत खड़ामुख से ओपण हिस्से के जारी निर्माण कार्यों के चलते जनहित की सुरक्षा को लेकर खड़ामुख-होली-नयाग्रां मुख्य मार्ग में आरडी 0-280 से 0-620 के हिस्से में 20 फरवरी 2025 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तथा दोपहर बाद 3 बजे से 5 बजे तक वाहनों के परिचालन को प्रतिबंधित तथा सड़क को बंद रखने के आदेश मोटर वाहन अधिनियम के तहत जारी किए हैं।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के हवाले से जारी आदेश में कहा गया

**आपातकालीन सेवा वाहनों को आवागमन की रहेगी अनुमति**

है कि अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के हिस्से में कटिंग के प्रस्तावित कार्यों को शुरू करने से पत्थर -मलवे इत्यादि के गिरने से लोगों की सुरक्षा को लेकर लिए सूचित किए जाने के पश्चात आदेश जारी किए गए हैं। हालांकि जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आपातकालीन सेवा वाहनों को आवागमन की अनुमति रहेगी । साथ में आपातकालीन स्थिति में निर्माण कार्यों को बंद रखने के भी आदेश दिए गए हैं।

## जल शक्ति विभाग चंबा में भर्ती घोटाले की हो जांच

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए जल शक्ति विभाग चंबा में हुई कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि चंबा जिले में जल शक्ति विभाग द्वारा निकाली गई 40 पदों की भर्ती में भारी पक्षपात और भाई-भतीजावाद हुआ है। जिन पदों पर भर्तियां की गई हैं, उनमें पंप ऑपरेटर-11 पद, पैरा फिटर-04 पद, मल्टीपर्पस वर्कर-25 पद शामिल हैं। आवेदन करने वाले कई योग्य उम्मीदवारों को दरकिनार कर राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अपात्र व्यक्तियों को नियुक्त कर दिया गया। आरोप है कि विधायक और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कुछ चयनित उम्मीदवारों को बिना परिणाम घोषित किए ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए, जो पूरी तरह से गैर-कानूनी है।

जिला उपायुक्त और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग में मैरिट के बजाय पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे गरीब व योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ है। भाजपा नेता जय सिंह ने आरोप लगाया कि उच्च अंक प्राप्त करने वाले व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले उम्मीदवारों की अनदेखी की गई, जबकि विधायकों और अधिकारियों के करीबी रिश्तेदारों को नौकरियां दी गईं।

### सूडोकु नवताल- 7338

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## सरकाघाट की तीन पंचायतों के लोग बस सेवा से महरूम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की तीन पंचायतों के लोग सरकाघाट की उपमंडला अधिकारी स्वत्ति डोगरा से मिले व बलद्वाडा धवोही धनालग टिक्कर सुंदरनगर को नई बस सेवा चलाने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा ।

स्थानीय लोगों का कहना है हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा लगभग 10 वर्ष पहले एक बस सेबा सुंदरनगर से वाया टिक्कर घरवासडा बस सेबा चलती थी उसे तीन वर्ष पहले बंद कर दिया गया है और आज कल तीन पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क भी पक्की हो गई है फिर भी इस सड़क पर कोई भी बस सेबा नही चल रही है कांग्रेस और भाजपा सरकार द्वारा इस सड़क पर बस को ट्रायल के लिए भेजा गया पर आज तक बस सेबा को नही चला सके।

जिस कारण धनालग जेहमत कोट पंचायत के हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर हमारे गांव में कोई भी व्यक्ति बीमार होता है तो उसे निजी वाहन कर के भारी भरकम किराया दे कर अस्पताल जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से रखोटा में मिले थे परंतु अभी तक यह बस सेबा नही चली।

सोमवार को धनालग पंचायत के प्रधान बेसर राम, पूर्व जिला परिषद लता ठाकुर, वार्ड पंच चोही, वार्ड पंच चोहि 2 की पुरनु देवी, देश राज, टेक चंद व अन्य लोग उपमंडल अधिकारी स्वत्ति डोगरा से मिले व मांग पत्र सौंपा।

## चिट्टे के खिलाफ सुंदरनगर में फिर भड़का सामाजिक संगठनों का गुस्सा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल में चिट्टे के बढ़ते मामलों और चिट्टा माफिया के विरोध में संयुक्त व्यापार संगठन द्वारा सोमवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित शहर के प्रबुद्धजनों और युवाओं ने भाग लिया।

अंतरराज्यीय बस स्टैंड से संयुक्त व्यापार संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश कौशल की अगवाई में निकली जागरूकता रैली ने एसडीएम अमर नेगी के माध्यम से प्रदेश सरकार को चिट्टा माफिया के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी प्रेषित किया। सुरेश कौशल ने कहा कि चिट्टा खोखला कर रहा है।

इस अवसर बिटिया फाउंडेशन कुल्लू की अध्यक्ष मीरा, मानव सेवा ट्रस्ट के प्रबंधन अधिवक्ता प्रकाश बंसल, अधिवक्ता जितेंद्र शर्मा, हराबाग महिला मंडल प्रधान मीरा भारद्वाज, अधिवक्ता पंडित अरूण प्रकाश आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** आज आप आत्मविश्वास से परिपूर्ण हैं। प्यार का मौसम रंगीन है। अपने पार्टनर से जो उम्मीदें लगाए बैठे थे, वह पूरी होंगी।

**वृषभः** विवाह के लिए सही समय है, लेकिन आपको शायद रिश्ता पसन्द नहीं आएगा। अगर दूसरा विवाह करना चाहते हैं, तो दिन उत्तम है।

**मिथुनः** आपका प्रेम विवाह में बदल सकता है। अगर आपकी इच्छा लव मैरिज की है, तो इच्छा की पूर्ति हो सकती है। शादी का रिश्ता आ सकता है।

**कर्कः** नौकरी में तरक्की हो सकती है। घर में खुशियां आएंगी, लेकिन पति-पत्नी में अनबन रहेगी। सोशल मीडिया पर ध्यान से स्टेटस अपडेट करें।

**सिंह :** पिता से अनबन आपका मूड खराब कर सकती है। ऑफिस में बॉस की फटकार मिल सकती है। पार्टनर से धोखा मिल सकता है।

**कन्या :** प्यार में धोखा मिल सकता है। अपने रसिक मिजाज को अगर कंट्रोल में नहीं रखेंगे तो लव रिलेशन ब्रेक हो सकता है।

**तुलाः** परिवार का शायद साथ न मिले। किसी भी बात पर ज्यादा तर्क न करें। परिवार से झूठ न बोलें। इससे अविश्वास की भावना बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** आज आपके लव रिलेशन में नया मोड़ आएगा। आप अगर अकेले हैं या ब्रेकअप हुआ है तो आपका प्रेमी आज आपसे संपर्क कर सकता है।

**धनु :** आपकी योग्यता की आज तारीफ होगी। इन्टरव्यू काल आ सकता है। मन में उमंग है। लव लाइफ में आज आनंद ही आनंद रहेगा।

**मकर :** प्रेमी का ट्रांसफर मन को उदास कर सकता है। दूरियां बढ़ेंगी।अपना विश्वास न टूटने दें। जीवनसाथी से बच्चों को लेकर अनबन हो सकती है।

**कुंभ :** आज जीवनसाथी से दूरियां कम होंगी। रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चों के एडमीशन के लिये उपयुक्त दिन है। खुद को मजबूत पाएंगे।

**मीन :** किसी सीरियस रिलेशनशिप में न पड़ें। रोमांस जीवन में वापस आएगा। प्रेमी आपसे नाराज हो सकता है। मीठी बातों से उसे मना लेंगे।

## आज का पंचांग

11 फरवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** चतुर्दशी (06:58): **नक्षत्र** पुष्य (06:35), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** आयुष्मान (09:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (03:21 -04:44)।

### विशेष दिन

- 11 फरवरी : श्री रामचरण रामस्नेही जयंती आज।
- 12 फरवरी 2025 : पूर्णिमा व्रत कल।

**ऐलान** रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक आयोजित

# 2.42 करोड़ रुपए के प्रस्तावित व्यय को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

क्षेत्रीय अस्पताल मंडी की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक उपायुक्त एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में रोगी कल्याण समिति के माध्यम से वित्त वर्ष 2025-26 के किए जाने वाले प्रस्तावित व्यय 2.42 करोड़ का अनुमोदन किया गया तथा इस वर्ष किए गए खर्च की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने अस्पताल में आने वाले



रोगियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन पूरी जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य करे। बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 में आरकेएस के माध्यम से किए जाने वाले विभिन्न व्ययों,

**रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर करे कार्य**

अस्पताल में कार्यरत स्टाफ का मानदेय बढ़ाने, अस्पताल परिसर की छिटपुट मुरम्मत करने, वाटर कुलर की मुरम्मत, स्टेशनरी, स्पेशल बार्ड के लिए अलमारियां खरीदने, मोटराईज बैड और गीजर की मुरम्मत करने, सीसीटीवी कैमरों की मुरम्मत, एक्स-रे मशीन की मुरम्मत आदि मामलों पर भी चर्चा की गई। इन मामलों के लिए प्रस्तावित व्यय की उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र कुमार भारद्वाज, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. डीएस वर्मा, एमओएच डॉ. दिनेश ठाकुर, जिला विकास अधिकारी ग्रामीण विकास गोपी चंद पाठक, असिस्टेंट कंट्रोलर फ़ाइनैन्स प्यारे सहित गवर्निंग बॉडी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## रिवालसर में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान शुरू

**रिवालसर।** नगर पंचायत रिवालसर में सोमवार को स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान का नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने विधिवत शुरुआत कर दी। 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के दौरान नगर पंचायत के प्रतिनिधि जहां सभी वार्डों में जाकर साफ-सफाई करेंगे वहीं लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान भी करेंगे।

अभियान के तहत सभी हॉट स्पॉट जहां लोग खुले में कूड़ा फैंकते हैं वहां पर सफाई विशेष अभियान चलाया जाएगा। जो लोग खुले में कूड़ा फेंकने से बाज नहीं आएंगे उनपर जुर्माना भी लगाया जाएगा । अभियान को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों के लोग आगे आएं।

**जीतना** और हारना जीवन का एक मुख्य हिस्सा है, जिसे हमें समानता के साथ देखना चाहिए। -अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# संकट में बिजली बोर्ड

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में हो रहे युक्तिकरण यानी समायोजन का मामला काफी गरमा गया है। इस फैसले के खिलाफ कर्मचारियों, इंजीनियरों और पेंशनरों ने संयुक्त मोर्चा बनाकर मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों और इंजीनियरों ने सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक ही अपनी सेवाएं दीं और कोई एक्स्ट्रा काम नहीं किया और न ही कोई अन्य शिफ्ट लगाई। युक्तिकरण को लेकर हाल ही में राज्य विद्युत निगम आयोग ने आदेश जारी किए थे। इसके बाद ही बोर्ड को युक्तिकरया जैसा सख्त कदम उठाना पड़ा। हालांकि, बोर्ड यह दावा जरूर कर रहा है कि उसने पद समाप्त नहीं किए। केवल बोर्ड का खर्च कम करने के लिए कुछ पदों का ही युक्तिकरण किया है।

प्रदेश का कमाऊ पूत बिजली बोर्ड आजकल भारी घाटे में चल रहा है। इसके लिए कहीं न कहीं सरकार की नीतियां भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए लोगों को मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। तक कांग्रेस ने जोश में आकर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का वादा कर किया था, लेकिन जब हकीकत से रू-ब-रू हुई कि इससे बोर्ड को काफी नुकसान हो रहा है तो पूर्व भाजपा सरकार के समय से चली आ रही 125 यूनिट की फ्री बिजली योजना को भी चालू रख पाने से हाथ खड़े कर दिए। अब तो सरकार सबसे बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील कर रही है। इसकी शुरुआत स्वयं सीएम ने की और उसके बाद उनके मंत्रियों तथा बोर्ड और निगमों के अध्यक्षों तथा अन्य कर्मचारियों ने भी बिजली फ्री बिजली की सुविधा छोड़ी, लेकिन आम जनता अभी तक फ्री बिजली छोड़ने के हक में नहीं है।

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड अब भड़के कर्मचारी संगठनों को शांत करने की भरपूर कोशिश कर रहा है, लेकिन कर्मचारी संगठन किसी भी सूरत में बैकफुट पर नहीं आना चाहते। बोर्ड का यह तर्क कि वह केवल विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों का ही पालन कर रहा है, समझ से परे है। सब कुछ बोर्ड को कॉन्फिडेंस में लेकर ही हो रहा है, लेकिन बोर्ड फिर भी कर्मचारियों को बरगलाने का काम कर रहा है। आयोग बिजली बोर्ड से अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलने वाली सैलरी और पेंशन का खर्च कम करने को कह रहा है। बोर्ड का यह खर्च पूरे देश में सबसे अधिक 2.50 रुपए प्रति यूनिट है। आयोग ही बिजली दरें निर्धारित करता है और बार-बार बोर्ड की आर्थिक समीक्षा कर अपनी कर्मचारी लागत कम करने के निर्देश दे रहा है, क्योंकि बोर्ड की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए कुछ कैटागिरी के पदों का युक्तिकरण किया जा रहा है, न कि उन्हें समाप्त किया जा रहा है, यह भी तर्क दिया जा रहा है कि आवश्यकता पड़ने पर इन पदों पर दोबारा भर्ती की जाएगी, लेकिन इस चीज की गारंटी कोई नहीं ले रहा है कि वाकई नई नियुक्तियां होंगी भी या नहीं।

ऐसे में कर्मचारियों का बोर्ड और आयोग से विश्वास उठना स्वाभाविक है। बोर्ड पहले ही स्टाफ की कमी से जूझ रहा है और अब तर्क दिया जा रहा है कि कई पदों की जरूरत नहीं है, इसकी जगह टी मेट की भर्ती की जाएगी। बिजली बोर्ड के साथ विडंबना यह है कि वह केवल विद्युत वितरण कंपनी के रूप में काम कर रहा है, जिसका दायित्व प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अब सवाल या उठता है कि यदि कर्मचारी 10 से 5 बजे तक ही ड्यूटी करेंगे और कोई एक्स्ट्रा वर्क नहीं करेंगा तो 24 घंटे बिजली मुहैया होने पर भी संदेह उत्पन्न हो जाएगा। वर्तमान में बोर्ड के जेनरेशन विंग में वर्तमान में 2161 पद हैं। इनमें जेई के 148 पद, एसडीओ के 102 पद, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के 19 पद, सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के 6 पद और चीफ इंजीनियर का एक पद शामिल है । वहीं, कंपनी का मुख्य काम अब बिजली उत्पादन नहीं रह गया है। इनमें सिविल एसडीओ (सिविल) के 7 पद, जेई (सिविल) के 30 पद और एसडीओ (इलेक्ट्रिक) के 15, जेई (इलेक्ट्रिकल) के 16, एक्सन (इलेक्ट्रिक) और एसई (इलेक्ट्रिक) के एक-एक पद का समायोजन किया गया है।

इसके अलावा मिस्त्री, डीजी ऑपरेटर, वेल्डर, टेलीफोन एटेंडेंट, गेज रीडर, कुक, फैरो प्रिंटर जैसे पदों की आज कोई आवश्यकता नहीं रह गई है। इन पदों की जगह टी-मेट के पद भरे जाएंगे और यह फैसला बिजली बोर्ड के हित में है। बहरहाल, बिजली बोर्ड की वित्तीय गंभीर होती जा रही स्थिति को सुधारने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाने चाहिए वरना कहीं ऐसा न हो की बोर्ड की स्थिति डांवाडोल ही हो जाए। ■

# युवा पीढ़ी को चिट्टे के राक्षस से बचाना सबका कर्तव्य

युवा किसी भी समाज व देश का भविष्य होते हैं। आगे चल कर यह युवा पीढ़ी ही, सामाजिक उत्थान व देश-प्रदेश के विकासात्मक कार्यों को अंजाम देती हैं, तो वही आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनकर खुद को देश दुनिया के सामने एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करती हैं। मगर यह सब उनकी सशक्त व सांस्कृतिक नींव पर निर्भर करता है। आज युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के सृजन की अधिक आवश्यकता है। एकल परिवारों की प्रथा व लाड़ ने युवा पीढ़ी को पथ भ्रमित कर रखा है। युवाओं को बड़े-बुजुर्गों की जगह युवाओं का अधिक सांनिध्य प्राप्त हो रहा है। एक दूसरे की देखादेखी में ही अनुसरण करने की प्रथा सी बन गई है। सही-गलत पहचान करने की क्षमता कहीं खो गई है। हाल ही के कुछ वर्षों से युवाओं में नशे की लत बढ़ती देखी गई है।



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर

आज युवा पीढ़ी इसी नशे की लत से बर्बाद हो रही है। न जाने क्यों, आज का युवा वर्ग-पैसा, सेहत व प्रतिष्ठा दांव पर लगाने को आतुर है। पुरातन काल से ही छिटपुट नशे का विश्व समाज में बेशक प्रचलन रहा हो-मगर आज नशे के प्रकार भी अधिक जानलेवा बन चुके है। कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, मगर आज के युवा शरीर व मन, दोनों से खोखले होते जा रहे हैं।

आज युवा पीढ़ी में जीवन मूल्यों व चारित्रिक विशेषता के विकास करने का समय है। क्या आज की आधुनिक या तनावपूर्ण जीवनशैली युवाओं को नशे की ओर उन्मुख कर रही है? युवा नशे की ओर क्यों आकर्षित होते हैं-हर पहलू का राजनीतिज्ञों, प्रशासन व समाज को संज्ञान लेना होगा। क्यों युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों व पदार्थों के सेवन का रोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ रहा है? क्या आधुनिकता का दौर



उन्हें यह सब करने को प्रेरित करता है या समाज इस नई पीढ़ी को संस्कार दे पाने में असमर्थ साबित सिद्ध हो रहा है? क्या नशा तस्करों पर लगाम लगाना प्रशासन के बस में नहीं रहा या सरकारों की नशा विरोधी नीतियां खोखली साबित हो रही है? चिट्टा एक सिंथेटिक ड्रग्स हैं जो देखने में अक्सर सफेद रंग का होता है। अत: इसे चिट्टा भी कहा जाता है। आज देश के युवाओं को नशा बर्बाद कर रहा है। नशे के कारोबार ने समूचे भारत को जकड़ लिया है। इस सिंथेटिक जहर ने और अधिकतर पंजाब व हरियाणा से अक्सर जुड़े मिलते हैं। हिमाचल चिट्टा तस्करों के तार, पंजाब व हरियाणा में राज्य सरकार के दावों के बावजूद नशे की कारण कई क्षेत्रों की जवानी नशे की भेंट चढ़ चुकी है। विडंबना यह है कि इस नशे के राक्षस पर काबू पाने के लिए जिम्मेदारों के कदम कारगर साबित नहीं हो पा रहे है। करोड़ों अरबों का व्यापार आए दिन देश भर में होता है।

हर दिन, हर जगह पचासों मामले दर्ज होते हैं-सैकड़ों लोग नामजद होते हैं। इसमें मेडिकल नशा भी शामिल है। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी इसमें संलिप्त हैं। चिट्टे जैसे सिंथेटिक नशे के साथ भुक्की, अफीम, स्मैक, चरस, सुल्फा इत्यादि अनेक नशे शामिल हैं जो समाज में किन माध्यमों से पहुंच रहे हैं, यह एक यक्ष प्रश्न है? कटघरे में है जिम्मेदारों की कार्यशैली-नियमों का हो रहा है उल्लंघन, 18 वर्ष से कम उम्र के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं, जबकि उन्हें इस तरह के उत्पाद बेचे नहीं जा सकते, परंतु फिर भी खुलेआम यह नशे का नाच जारी है। पहले नशे के उत्पादों को बेचने का लाइसेंस सरकार देती है फिर नशा छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति केंद्रों का निर्माण जो,अक्सर असफल साबित होते हैं। हमारे युवाओं को इस राक्षस ने सबसे ज्यादा लपेट में ले लिया है। जिनका जीवन फिर 5-6 वर्ष से ज्यादा नहीं रह जाता, इस मामले में समाज को पुलिस व प्रशासन का सहयोग देना चाहिए। चाहे संलिप्त व्यक्ति अपना हो या पराया अन्यथा यह चिट्टे का राक्षस दिन-प्रतिदिन अपना संक्रमण फैलाता ही रहेगा। इसने कई घरों को बर्बाद कर दिया है-दरअसल युवाओं को ही नशे ने सबसे अधिक अपनी गिरफ्त में लिया है। आज पर्यटकों का पसंदीदा देश इक्वाडोर तबाही की कगार पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में ड्रग्स का इस्तेमाल सीधे तौर पर ना करके डॉक्टर की सलाह पर किया जाता है। इसके अलावा लताविया, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, वेल्स जैसे कई देश सबसे ज्यादा ड्रग्स लेने वाले देशों में शुमार है। भारत भी कहीं पीछे नहीं है। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस के मुताबिक करीब 3.1 करोड़ लोग गांजे का इस्तेमाल करते हैं जबकि 72 लाख लोग गांजे के आदि है। भारत में ओपिआइड के कुल यूजर्स 2.06 प्रतिशत है और लगभग 0.55 प्रतिशत यानी 66 लाख लोग लोगों का इलाज सेवाओं की जरूरत है। दिल्ली गुजरात जैसे क्षेत्रों में मात्र दो हफ्ते में ही 13 करोड़ की ड्रग्स बरामद की गई। वैसे,छत्तीसगढ़ देश का सबसे ज्यादा नशे की खपत वाला राज्य है। नशा समाज के युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य सबसे अधिक प्रभावित कर रहा है। व्यस्क व्यक्ति भी इसकी चपेट में है। युवाओं के आत्महत्याओं की घटनाओं में वृद्धि का प्रमुख कारक ड्रग्स अथवा नशा भी है।

नशा मुक्त भारत अभियान-इस दिशा में एक'थ्री आयामी' हमला है, जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आपूर्ति पर अंकुश, सामाजिक न्याय और अधिकारिता द्वारा आउटरीच, जागरूकता और मांग कमी के प्रयास और स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से उपचार शामिल है, आखिर ड्रग्स उत्पादक देशों की पहली पसंद भारत ही क्यों है? इसका मुख्य कारण भारत में, अपने खर्चे पानी पर खुद की अकाल मौत के खरीददारों की भरमार है। हर दिन-विदेशों से क्विंटलों के हिसाब से ड्रग्स की खेपें तस्करी करते हुए पकड़ी जाती है। इस ड्रग्स माफिया का जाल देश के हर राज्यव जिलों तक फैला है। एक महीने में ही एक राज्य में ही 2500 करोड़ के ड्रग्स पकड़े जाने का मामला इस बात का सबूत है कि यह धंधा बेरोकटोक जारी है। मुंबई का एक गैंग चार सालों में इस धंधे से 3000 करोड़ की संपत्ति कमा चुका था-तब उसका भंडाफोड़ हुआ। इसकी जड़ें जिला से राज्यों व राज्यों से पड़ोसी देशों तक फैली हुई है। आज का युवा नशे व चिट्टे की दलदल में इस कदर धंसता जा रहा है कि पैसे न होने पर चोरी की वारदातों, हत्या व यहां तक कि अपने माता-पिता को भी इस दलदल में घसीटता जा रहा है। कुछ युवा अपने अस्वस्थ बुजुर्गों को दवाई के नाम पर चिट्टे का आदि बना रहे हैं और दवा के नाम पर उनसे पैसे ऐंठे जा रहे हैं।

बहुत शर्मनाक है कि आज चिट्टे का ये राक्षस देश की युवा पीढ़ी को निगलता जा रहा है और शासन, प्रशासन वेबस और मौन खड़ा है। हिमाचल प्रदेश में भी हर क्षेत्र-हर जिला में यह सिंथेटिक नशा बेखौफ पांव पसार रहा है। प्रदेश के लगभग हर जगह इसके तस्कर अपना जाल-कुछ नैतिक मूल्यों से पतित लोगों व उनके अड्डों तक निर्वात रूप से पहुंच रहा है। समय आ गया है कि समाज को खुद ही इस लड़ाई में आगे आना होगा। कई जगह तो लोगों ने अपने स्तर पर स्पेशल टास्क फोर्स का गठन भी कर लिया है। जिसमें स्थानीय लोग, शिक्षित युवा, युवक मंडल, महिला मंडल, ग्राम पंचायत सहित कई सामाजिक संगठन भी आगे आ रहे हैं। आज हर घर में प्राचीन स्वस्थ भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने की अधिक आवश्यकता है। हर विद्यालय को गुरुकुलमयी वातावरण से आलोकित करना होगा। हर घर में बच्चों को हमारे महाग्रंथों व उच्च सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना होगा। उन्हें हर कदम पर देश केएक जिम्मेदार नागरिक के रूप का एहसास दिलाना होगा। हर बच्चा अपने आप में विशेष होता है। उन्हें इस बातकी अनुभूति होनी चाहिए तभी हम एक स्वस्थ समाज, एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर पाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# चंद लम्हों का शौक 'नशा' जीवनभर की सजा

युवा पीढ़ी को नशे की ओर अग्रसर होता देख किसे दु:ख नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों में यह बुराई अत्यधिक तेजी से बढ़ती जा रही हैं। आए दिन कोई न कोई नया हादसा या चौंकाने वाली खबर सामने आती है। कुछ लोग शुरुआत में नशा शौकिया तौर पर करते हैं, बाद में उसके आदी हो जाते हैं, कुछ कुसंगति के कारण इसका शिकार हो जाते हैं और कुछ जीवन में मिलीं नाकामयाबियों की वजह से नशे के जंजाल में फंस जाते हैं। नशा सिर्फ एक इंसान को बर्बाद नहीं करता, बल्कि उसके आसपास रहने वाले उन सभी लोगों को बर्बाद करता है जो उस व्यक्ति के संपर्क में होते हैं।



लेखिका : विशना गाजटा
चौपाल, शिमला (हि. प्र.)

नशा व्यक्ति का जीवन, घर-गृहस्थी और मान-मर्यादा सब तबाह कर देता है। नशे के रूप तो अनेक हो सकते हैं, मगर परिणाम सबका एक ही होता है। सबसे पहले नशा व्यक्ति की बुद्धि हर लेता है। उसके बाद नशा करने वाला व्यक्ति अपना धन-दौलत, मान-सम्मान नाते-रिश्ते और परिवार सब खो देता है। उसे महसूस तक नहीं होता कि वो ऐसे दलदल में धंसता जा रहा है जहां सिर्फ अंधकार और विनाश है। वो नशे की गिरफ्त में इस कदर जकड़ चुका होता है कि उसे समझाने वाला हर व्यक्ति उसको अपना दुश्मन मालूम पड़ता है। और फिर लोग भी उसे अविश्वास और तुच्छता की नजर से देखते हैं।

जिसका उसको रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। नशेड़ी व्यक्ति अपने परिवार के साथ-साथ पूरे समाज और देश तक को दूषित करता है। ये एक सामाजिक समस्या है, इसलिए हम सभी का




दायित्व बनता है कि समाज को नशा मुक्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर काम करें। देश का जांबाज कर्णधार युवा भटक गया है उसे सही राह पर लाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है। माता-पिता को धैर्य से काम लेना चाहिए, क्योंकि सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना उन्हीं को झेलना पड़ता है, इसलिए जितना हो सके अपने बच्चों को शुरू में ही नशे से दूर रखने की कोशिश करें।

जब तक वो दुनियादारी को अच्छे से समझ नहीं लेते, तब तक उन पर कड़ी नजर रखे। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, नाच-गाना, चित्रकारी जैसे अन्य विषयों के प्रति भी उनकी रुचि जागरूक करें, ताकि उनकी ऊर्जा सार्थक कार्यों में लगी रहें। बेवजह की फालतू चीजों से जितनी दूरियां बनी रहेगी, उतना उनके भविष्य के लिए सही होगा। जाने-अनजाने जो भी बच्चा नशे की चपेट में आ गया है। उसके पास अभी भी वक्त है अपना जीवन बदलने के लिए।

अपने लिए न सही अपनों की खातिर, मृत्यु का रास्ता छोड़, जीवन का रास्ता अपनाएं। जीवन बहुत खूबसूरत है इसे नशा जैसी तुच्छ वस्तु के लिए न गंवाएं। नशा ही करना है तो उच्चतम नशा कीजिए, जैसे कामयाबी हासिल करके अपना एवं अपने माता-पिता, समाज और देश का नाम रोशन करके, अपने जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाए। मादक पदार्थ जैसे तुच्छ एवं निम्न प्रकार की चीजों को ग्रहण करके अपने जीवन को नरकीय मत बनाए। सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को मिलकर नशे से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियां तैयार करनी चाहिए। सबके व्यापक समर्थन और प्रयास से कोई कारगर उपाय जरूर निकल आएगा। सरकार की ओर से मुफ्त उपचार की सुविधाएं भी मुहैया करवाई जानी चाहिए। जागरूकता अभियान बढ़ाने से इस नशे रूपी कलंक को जड़ से न सही, लेकिन थोड़ा कम तो किया जा सकता है। नशे के प्रभावी नेटवर्क को खंडित करने के लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। नशे से मुक्ति पाने के इच्छुक व्यक्ति अपना जीवन खत्म करने के बजाय सुधार की तरफ कदम बढ़ाए। आपकी एक छोटी सी पहल से किसी की ज़िंदगी संवर सकती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**बेसहारा** पशुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है हालांकि असल में यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि आए दिन नए-नए पशु गांवों में बेसहारा घूमते हुए मिल जाते हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए रातें खेतों में काटनी पड़ रही हैं। किसानों ने अपने-अपने खेतों में बांस का बाड़ लगाने की कोशिश भी की है, किंतु कोई लाभ नहीं हो रहा है। पशुओं और बंदरों के संयुक्त हमलों से बहुत से खेत वीरान हो चुके हैं। लोगों ने बीजना ही बंद कर दिए हैं। समस्या आजीविका पर सीधे आघात की है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सरकार अपनी तरफ से प्रयास भी कर रही है, परंतु समस्या काबू नहीं आ रही है तो जाहिर है कि व्यवस्था पर समाधान के प्रयास छोटे पड़ रहे हैं। प्रदेश में कुल गोवंश की संख्या लाखों में है। 2005 में यह संख्या 24 लाख के लगभग थी। यानी पशुपालन के प्रति रुझान कम हो रहा है। **किशोरी लाल, डाढ**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री

**राव** इंद्रजीत सिंह भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह के पुत्र और स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम के वंशज हैं। मोदी मंत्रिमंडल में उन्हें 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री' तथा 'रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री' बनाया गया था, किंतु 7 जुलाई, 2021 को मोदी मंत्रिमंडल में विस्तार तथा फेरबदल के बाद राव इंद्रजीत सिंह को 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री', 'योजना मंत्रालय' तथा 'कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का राज्य मंत्री' बनाया गया है। जबकि 'रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री' का दायित्व उनसे वापस ले लिया गया है। राव इंद्रजीत सिंह ने 1977 में हरियाणा से अपना राजनीतिक कॅरियर शुरू किया। 1998 में महिंद्रगढ़ से वह सांसद बने। फिर 2004 से भी चुने गए। वह 2009, 2014 और 2019 में गुड़गांव सीट से जीतकर संसद पहुंचे। 2014 से पहले राव इंद्रजीत सिंह कांग्रेस के राजनेता रहे, लेकिन बाद में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। गुड़गांव के सांसद राव इंद्रजीत सिंह का जन्म हरियाणा के रेवाड़ी में हुआ था। वह हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह के पुत्र हैं। उनकी माता का नाम रानी चंद्रप्रभा है। राव इंद्रजीत सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए और वकालत की डिग्री हासिल की है। सन 1977 से 1996 के बीच वह चार बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। मनिता सिंह उनकी पत्नी हैं और वे दो पुत्रियों के पिता हैं। ■



राव इंद्रजीत सिंह
जन्म : 11 फरवरी, 1950

## कविता



# धरती किसी की नहीं हुई

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन ऊना( हि. प्र. )

*बातें बीते समय की थीं अपने परायों की यादें,*
*अपनों ने लगाए घात हर बार अपनी बात।*
*बातें नई पुरानी थीं सब कुछ पाने की चाहत,*
*शुकुनि मामा बनकर दुर्योधन को साथ लिया।*
*फिर चली एक कुचाल समय को मुट्ठी में भरने हेतु,*
*आसमान पर नजर गढ़ाए अपने को अपनी नजर से,*
*गिराकर अपने को मिटा लिया।*
*मिलाकर दूसरे का अधिकार कर्तव्य भी अपना गंवा लिया,*
*क्या मिला तब अंधकार में जो खुद कभी नहीं था तेरा।*
*कैसा कुचक्र चला लिया अरे मूर्ख! संपूर्ण जगत में,*
*शाश्वत क्या है यहां धरा में कल यही तेरा था।*
*आज यही मेरा है तेरे मेरे के चक्रव्यूह में,*
*एक मुट्ठी आसमान हाथ से लालचवश गंवा लिया।*
*गीता में समझाया समझ ले न यह तेरा था और न मेरा है सदियों से।*
*चलती आई री झुठलाने की खातिर तुमने क्या,*
*अपने को श्रीकृष्ण भगवान समझ ही आत्मघात कर लिया ....*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# परंपरा से भविष्य तक : हिमाचल की दालों का संरक्षण और संवर्धन

**विश्व दलहन दिवस** : हर साल 10 फरवरी को विश्व दलहन दिवस मनाया जाता है, जो खाद्य सुरक्षा, पोषण और सतत कृषि में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। दालें, जिनमें राजमा, उड़द, मसूर, मूंग, सोयाबीन, चना, कुल्थी, रोंगी और कई अन्य पारंपरिक दालें शामिल हैं, पोषण का भंडार हैं।

ये प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर होती हैं, जो संतुलित आहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा ये मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में भी मदद करती हैं, क्योंकि इनमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता होती है, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। हिमाचल में पारंपरिक रूप से उगाई जाने वाली और जंगली रूप में पाई जाने वाली कई दालें क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और उत्सवों का अभिन्न हिस्सा हैं।



लेखिका : डॉ. तारा देवी सेन
वल्लभ कॉलेज (मंडी), बॉटनी विभागाध्यक्ष

हिमाचल प्रदेश यहां की विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों के कारण कई पारंपरिक और जंगली दालों का घर हैं। इनमें से कुछ एक तो यहां के क्षेत्रों की भौगोलिक संकेतक (जीआई) हैं, जो उनकी अनूठी क्षेत्रीय पहचान को दर्शाता है। ये दालें स्थानीय परंपराओं, मेलों और त्योहारों में गहराई से जुड़ी हैं और पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों का अभिन्न अंग हैं। विशेष रूप से माश या उड़द की दाल का सांस्कृतिक महत्व है। राजमा अपने विशिष्ट स्वाद और पोषण मूल्य के लिए प्रसिद्ध है, जबकि कुल्थी को विशेष रूप से गुर्दे और पाचन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। विग्ना वेक्सिलेटा (जंगली लोबिया), एक कम प्रचलित दाल, सूखा प्रतिरोधी है और ग्रामीण



क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से उपयोग की जाती है।

**हिमाचल में दालों की विविधता :** हिमाचल प्रदेश के विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों के कारण यहां विभिन्न प्रकार की पारंपरिक दालें उगाई जाती हैं। प्रमुख दालों में शामिल हैं राजमाह। चंबा, कुल्लू, किन्नौर, करसोग बरोट, जंजैहली और मंडी के अन्य पहाड़ी इलाकों में उगाई जाने वाली राजमा अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्वाद के लिए प्रसिद्ध हैं, जो इसकी विशिष्ट पहचान को दर्शाता है। भरमौर के राजमाह (स्थानीय राजमा प्रजाति) एक दुर्लभ और उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली दाल है। माश यानी उड़द की दाल मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाई जाती है और इससे सेपू बड़ी, बड़ा, भल्ले, कचौरी और सिड्डू जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। यह दाल प्रोटीन और आयरन से भरपूर होती है तथा मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होती है। कुल्थी एक महत्वपूर्ण औषधीय दाल है, जिसे किडनी की समस्याओं और पाचन के लिए लाभकारी माना जाता है। यह करसोग और बरोट क्षेत्र की प्रमुख दालों में से एक है। इसका उपयोग सूप, खिचड़ी और दाल के रूप में होता है।

मोठ एक किस्म से सूखी और सहिष्णु दाल है, जो विशेष रूप से कांगड़ा और मंडी में उगाई जाती है। लोबिया/रोंगी पौष्टिक दाल मानी जाती है। इसका उपयोग सब्जी, मधरा, और दाल के रूप में होता है। सोयाबीन पहाड़ी इलाकों में उगाई जाती है और प्रोटीन के साथ-साथ कई पोषक तत्व प्रदान करती है। इसका उपयोग टोफू, कचौरी, सोया आटा और दाल के रूप में होता है। कोल रोंगी दाल की तरह की किस्म है, जो पहाड़ी क्षेत्रों में उगाई जाती है। इसे हिमाचल प्रदेश में कोल का खट्टा और अन्य पारंपरिक व्यंजनों में उपयोग किया जाता है।

यह दाल प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होती है। मूंग दाल भी एक महत्वपूर्ण दलहन फसल है जो प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर होती है। यह दाल आसानी से पचने वाली होती है, इसलिए इसे स्वास्थ्यवर्धक आहार में खास स्थान दिया जाता है। काला चना प्रोटीन, फाइबर, आयरन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है, जो शरीर को ऊर्जा और पोषण प्रदान करता है। हिमाचल प्रदेश में इससे छोलिया (चने का खट्टा), अंकुरित चने, चना मसाला और अन्य पारंपरिक व्यंजनों में उपयोग किया जाता है। आइए इस दिन को स्वस्थ आहार अपनाने और स्थानीय किसानों को समर्थन देने के संकल्प के रूप में मनाएं ताकि हम अपनी पारंपरिक खाद्य प्रणालियों को बचा सकें और सतत भविष्य की ओर बढ़ सकें।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों की रुचि के मुताबिक उम्मीदों पर खड़ा उतर रहा है। हाल ही के दिनों में प्रादेशिक खबरों के अलावा देश-विदेश की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। बजट और महाकुंभ जैसे इवेंट को बेहतरीन तरीके से सचित्र प्रकाशन कर हर पहलु की जानकारी देने का प्रयास किया गए गया। कुल मिलाकर समाचार पत्रकारिता के दायित्व को निभाने में खरा उतर रहा है। इसी तरह बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतीकरण सूझबूझ तरीके से किया जा रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। पारदर्शिता का प्रकाशन, शब्दों में सुशासन, संवाददाताओं का अपने कर्म के प्रति अनुशासन ही अनंत ज्ञान की पहचान बन गया है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है।



**प्रदीप ममगई, सोलन**
**मोबाइल- 98169 07282**

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान और अनंत ज्ञान टीवी दोनों में अच्छी खबरें पढ़ने एवं देखने को मिल रही हैं। समाचार पत्र में 3 फरवरी को छपा अनंत आरोग्य का पूरा पृष्ठ बेहतर लगा। संपादकीय चिट्टे का तिलिस्म पढ़कर बेहतरीन लगा व शहरों और गांवों में प्रैंक की बढ़ती मूल्यहीन प्रवृत्ति लेख अच्छा लगा। समाचार पत्र के अगले अंक में 'मोटा अनाज-स्वस्थ जीवन का आगाज' के तहत छपा लेख बहुत ही महत्वपूर्ण था। वहीं, रविवार का हिमाचली रंग पूर्व की भांति लाजवाब लगा। 10 फरवरी को अनंत आरोग्य ने ध्यान खींचा और 'हर गांव कुछ कहता है' में सकोह के बारे पढ़कर अच्छा लगा। इसके अलावा संपादकीय उम्मीदों पर पानी तथा संपादक जी का आलेख भविष्य के ईंधन ग्रीन हाइड्रोजन से भारत भरेगा उड़ान यही नहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आलेख 'शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है' भी बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक लगा। अनंत ज्ञान की एक और विशेषता इसकी साज-सजा अर्थात इसकी प्रिंटिंग क्वालिटी है, जो इसे अन्य समाचार पत्रों से बेहतर बनाती है। अनंत ज्ञान की पूरी टीम से अनुरोध है कि साहित्यिक समाचारों को भी अपने अखबार में विशेष स्थान दें।



**भीम बसेडू राजपूत,**
**महादेव, सुंदरनगर , मंडी ( हि.प्र. )**

**मैं** जिला ऊना के बेहड़ जसवां ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा सामान्य से अभी कम है। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते सूरी, मंझार, चक सराय पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। यहां मक्की और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। हालांकि बंदरों की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा प्रयास किया जाता है। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ता हूं। प्रिंट भी मिल जाता है।



**शिंदर पाल, बेहड़ जसवां**
**मो. 94183 89685**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702 व 80914-50407**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकाघाट में विद्यार्थियों की नशे के ऊपर 'टंकार'

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मंडी जिला में तेजी से बढ़ता नशा युवाओं की जिंदगी निगलता जा रहा है। गत माह मंडी में 22 से अधिक युवाओं की चिट्टे के सेवन से हुई मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एक माह में 22 युवा अपनी जान गंवा चुके हैं तो एक वर्ष में कितने युवा नशे का शिकार बनते होंगे। यह तो वो आंकड़ा है जो अभिभावकों द्वारा हिम्मत कर अन्य बच्चों को बचाने की दिशा में सार्वजनिक किया है। असल आंकड़ा तो इससे कई गुणा अधिक है। वर्तमान में नशा समाज के लिए नासूर बन चुका है। मानव जीवन के लिए खतरा बनी इस समस्या के समाधान के लिए दैनिक समाचार पत्र एवं वेब टीवी अनंत ज्ञान ने अपनी सामाजिक भागीदारी निभाते हुए नशे के खिलाफ सार्वभौमिक अभियान आरंभ कर दिया है।

**पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग कर किया प्रहार**


एसपीएस स्कूल बरच्छवाड़, सरकाघाट।

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान


नौबाही देवी स्कूल सरकाघाट, मंडी।

इस कड़ी में 365 दिनों तक लगातार चलने वाला जन जागरण अभियान जिला मंडी के उपमंडलों के स्कूलों में विद्यार्थियों से लेकर हर पंचायत तक शुरू किया है। जिला के स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर पेंटिंग बनाकर इस अभियान को मजबूती प्रदान की है। इसमें उपमंडल स्तर पर सभी स्कूलों के प्रतिभागियों में से तीन विजेताओं का चुनाव भी होगा। इसके साथ ही प्रतिभागी विद्यार्थियों ने नशा रोकने के लिए वाक्य भी इंगित किए हैं। इन बेहतर वाक्यों को प्रतिदिन दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान में प्रकाशित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


स्प्रिंग फील्ड स्कूल नौबाही देवी,सरकाघाट मंडी।


हिम ज्योति आदर्श विद्यालय नौबाही देवी, सरकाघाट,मंडी।


आरके स्कूल नौबाही देवी, सरकाघाट, मंडी।

# सुंदरनगर में 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' पहल का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सीएम सुक्खू द्वारा हाल ही में शुरू किए गए स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को नगर परिषद सुंदरनगर में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव व पूर्व विधायक सोहनलाल ठाकुर ने स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जवाहर पार्क में पौधारोपण और पार्क में सफाई करने में अपना योगदान भी दिया।

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 फरवरी को मुख्यमंत्री ने शहरी विकास विभाग के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' पहल और 'नागरिक सेवा पोर्टल' का शुभारंभ किया था।

स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबन्धन के लिए विभिन्न पहल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरनगर के विभिन्न स्कूलों में अनेको गतिविधियां होंगी तथा लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाया जाएगा।

## फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसपी मंडी साक्षी वर्मा के नाम से उनकी फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस थाना सदर में साइबर सेल मंडी की ओर से प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार साइबर सेल मंडी में एसपी मंडी साक्षी वर्मा की उनके नाम से फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई है। इस प्रोफाइल के माध्यम से एसपी मंडी के रूप में भ्रामक संदेश लोगों को पोस्ट कर पैसा मांगा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस प्रोफाइल से जुड़े दो मोबाइल फोन नंबर उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ के दो लोगों के नाम पर पंजीकृत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नंबरदारों के मानदेय का समय पर हो भुगतान

**कविता, पधर।** तहसील नंबरदार संघ पधर की बैठक प्रधान संत राम की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। सचिव लाल चंद सकलानी ने बताया कि बैठक में नंबरदारों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि कुछ सदस्य लंबे समय से बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे हैं जिसे संघ की कमजोरी माना जा रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वे बैठक में अवश्य भाग लें। वहीं वर्तमान सरकार ने नंबरदारों के मानदेय को बढ़ाकर 4200 रुपए किया है, लेकिन अभी तक उन्हें बढ़ा हुआ मानदेय नहीं मिला है, जिससे नंबरदार अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि नंबरदारों के मानदेय का समय पर भुगतान किया जाए। इस मौके पर नोख सिंह, मोहन सिंह, हरि सिंह, शेर सिंह तथा किरण चौहान उपस्थित रहे।

### नागौण खड्ड के पास बावड़ी की हालत सुधारी जाए

**भीम बसेड़ू, महादेव।** तहसील सुंदरनगर के एक बड़े भाग में प्राकृतिक जल स्रोत अनदेखी का शिकार हैं जिनके लिए प्रशासन द्वारा समुचित ढंग की सफाई व्यवस्था बनाना सख्त जरूरी है। इसी प्रकार नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आती ऐतिहासिक नागौण खड्ड के पास बनायक को जाते मार्ग के आरंभ में एकदम सटी प्राचीन बावड़ी वर्षों से उचित साफ सफाई की राह देख रही है। उपेक्षा का दंश झेल रहा यह प्राकृतिक जल स्रोत पूर्व सुकेत रियासत के राजाओं के समय का बताया जाता है जिसकी वर्तमान समय में सही तरीके से कद्र नहीं पाई जा रही है यानि इस मीठे जल को राम भरोसे छोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों को संवारने-संरक्षण करने के लिए एक नीति निर्धारित करने की जरूरत है ताकि ये स्थल राम भरोसे न रहे। लोगों ने नगर परिषद सुंदरनगर तथा प्रदेश सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही इसका कायाकल्प करे।

### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आग्रह



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेहरू युवा केंद्र मंडी सौजन्य से और नोडल मारुती युवा मंडल कोठी गैहरी के प्रधान सचिन सकलानी कि अगुवाई में बाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। इस एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि बाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी की प्रधानाचार्य जयश्री कपूर रहे। उन्होंने युवाओं तथा युक्तियों का मार्गदर्शन किया, युवाओं को नशे से दूर रहने का आग्रह किया और कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति जिला युवा अधिकारी कुमारी भारती मोगरा रहे। नोडल मारुती युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी ने बताया कि एक दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पांच ब्लाकों की खंड स्तर पर विजेता रही टीमों ने भाग लिया,प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### बंदूक से घायल हुई महिला मामले की हो जांच

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला मंडी की इकाई सरकाघाट के कठोगन गांव में एक पुलिसकर्मी द्वारा चलाई गई बंदूक से युवती के घायल होने की घटना की कड़ी निंदा करती है। सचिव, जैवन्ती शर्मा, अध्यक्ष वीना वैद्य ने कहा कि लड़की की मां मनसा देवी के कथनानुसार घटना 28 जनवरी की है। घायल अवस्था में उसे रिवाल्सर, फिर नेरचौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उसे पीजीआई ले जाया गया जहां पता लगा कि गोली लड़की के हार्ट के पास लगी जिस कारण फेफड़ों में पानी भर गया है। हालांकि लड़की की सर्जरी हो गई है, लेकिन स्थिति खराब है। अतः जनवादी महिला समिति मांग करती है कि इस घटना की जांच की जाए। उस लड़की के इलाज का पूरा खर्चा आरोपी या प्रशासन उठाए।

### स्वयंसेवियों ने की जलेबी व आचार की बिक्री

**अभिषेक, जोगिंदरनगर।** लडभड़ोल सोमवार को राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने स्वरोजगार का बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्वयंसेवियों ने लडभड़ोल बाजार में जलेबी और आचार के स्टाल लगाकर बिक्री की, साथ ही विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की भी बिक्री की। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि स्वयंसेवियों ने 7000 रुपए की जलेबी, 3000 रुपए का आचार और 1000 रुपए के फूलों के पौधों की बिक्री की। इस व्यावसायिक गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल आर्थिक प्रबंधन सीखा, बल्कि उद्यमिता के महत्व को भी समझा।

**22-28 मार्च तक राज्य स्तरीय नलवाड़ और 2 से 6 अप्रैल तक राज्य स्तरीय देवता मेला का होगा आयोजन**

# 'नशा मुक्त सुंदरनगर' होगी राज्य स्तरीय नलवाड़ और देवता मेला-2025 की थीम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ और देवता मेला की थीम इस बार 'नशा मुक्त सुंदरनगर' होगी। इसमें राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला 22-28 मार्च और 2 से 6 अप्रैल तक राज्य स्तरीय देवता मेला आयोजित किया जाएगा। इन मेलों के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता राज्यस्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम अमर नेगी ने की। इस मौके पर सर्वप्रथम सुंदरनगर में बढ़ते चिट्टे के प्रचलन को लेकर चिंता प्रकट की गई और युवाओं को इससे होने वाले दुष्प्रभाव, बचाव व स्वस्थ्य समाज के निर्माण को लेकर जागरूक करने के लिए साल भर मुहिम चलाने का फैसला लिया गया। बैठक में व्यापक चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि सात दिवसीय राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला में 5 सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। वहीं पहली बार नलवाड़ मेला में साइकिलिंग प्रतियोगिता व फैशन-शो भी आयोजित किया जाएगा।



इसके साथ ही मेला की सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान पंडाल के चारों ओर कड़ी सुरक्षा और व्यापक स्तर पर लाइटिंग करने का भी निर्णय लिया गया।

### राज्य स्तरीय देवता मेला को लेकर भी हुई चर्चा

**बैठक** में 2-6 फरवरी तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय देवता मेला को सफल बनाने को लेकर भी विशेष रुप से चर्चा की गई। देवता मेला के दौरान सुकेत मंच पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। मेला के दौरान जो देवी-देवता सुकेत मंच पर विराजमान होते है के बैठने के लिए मेला स्थल पर ही उचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।

### 1.14 करोड़ आमदनी और 1.5 करोड़ हुआ खर्च

**राज्य स्तरीय** नलवाड़ व देवता मेला के दौरान गत वर्ष मेला कमेटी की आय और व्यय का ब्यौरा देते हुए मेला कमेटी के चेयरमैन अमर नेगी ने बताया कि कमेटी को करीब 1.14 करोड़ की आय और मेला के दौरान कुल एक करोड़ 5 लाख की राशि खर्च की गई। सांस्कृतिक संध्याओं पर करीब 25 लाख, कुश्ती पर 7 लाख, खेलकूद प्रतियोगिताओं पर 6 लाख, देवी-देवताओं को भेंट के रूप में 8 लाख, देवलु धाम व चाय पान पर 7 लाख, देवी-देवताओं के लिए मेला स्थल पर बैठने के लिए बनाए गए पगोड़ा टैंट पर 19 लाख, पगड़ी व दुपटे पर करीब 3 लाख तथा टैंट व लाइटिंग पर करीब 8 लाख खर्च किए गए हैं।

## आधार सेवा केंद्र में लोग फर्श पर बैठने को मजबूर

**एनआईसी मुहैया नहीं करवा पाया एक बेंच**

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर कार्यालय स्थित आधार सेवा केंद्र लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। केंद्र के बाहर बरामदे में फर्श पर बैठकर आधार कार्ड बनाने के लिए महिलाएं अपने बच्चों के साथ सुविधाओं के अभाव से जूझ रही हैं। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक अपनी बारी का इंतजार करने के दौरान महिलाओं को बच्चों के साथ फर्श पर बैठना पड़ रहा है। आधार सेंटर पर आने वाले लोगों के लिए बैठने को लेकर एक बेंच की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

बता दें कि खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर कार्यालय में बीते 4-5 वर्ष से नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा आधार बनाने और अपडेशन को लेकर आधार केंद्र स्थापित किया है। यहां रोजाना आधार बनाने के लिए लोगों की खासी भीड़ लगी रहती है। लेकिन मौके पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं मामले पर खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने बताया कि एनआईसी ने कार्यालय से आधार सेवा केंद्र खोलने को लेकर स्थान की मांग की गई थी। जिसे खंड विकास कार्यालय द्वारा मुहैया करा गया है। उन्होंने बताया कि आधार सेवा केंद्र पर लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना एनआईसी का दायित्व है।

## आपदा जोखिम से निपटने के लिए लोगों ने सीखे गुर

**कविता, पधर**

आपदा जोखिम से निपटने हेतु उपमंडल पधर की चौहरघाटी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सुधार व शिल्हबुधानी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की दिशा में समुदाय को सशक्त बनाना और आपदा जोखिम को कम करना है।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में दो पंचायतों के 30 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। आपदा प्राधिकरण मंडी की ओर से प्रशिक्षक जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिसमें सुरक्षित भवन निर्माण कैसे किया जाए ताकि भूकंप के दौरान जान माल का खतरा काम हो। प्रथम उपचार में पटियों का अभ्यास व प्रशिक्षण दिया गया।(अनंत ज्ञान)

## सुकेत मंच पर विराजने वाले देवताओं को मिले उचित स्थान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



सुकेत सर्व देवता कमेटी ने प्रशासन के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी और तहसीलदार अंकित शर्मा मौजूद रहे। बैठक में सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रशासन के समक्ष राज्यस्तरीय देवता मेला-2025 के आयोजन को लेकर चर्चा की गई।

देवता कमेटी की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को मेले के दौरान सुकेत मंच पर विराजने वाले 6 देवताओं को उचित स्थान मुहैया कराने और देवी-देवताओं के लिए स्थायी रूप से बनाए गए आसन (थड़े) के बीच खाली पड़ी जगह का विस्तार करने की मांग की गई।

एसडीएम और तहसीलदार ने सुकेत मंच पर बैठने वाले 6 देवताओं और स्थायी रूप से बने आसन पर विराजने वाले देवताओं की कमेटियों से सुकेत सर्व देवता कमेटी को विस्तृत चर्चा करने के लिए कहा गया। प्रशासन ने सुकेत सर्व देवता कमेटी को इन दोनों मांगों पर कमेटियों के साथ चर्चा के उपरांत प्रस्ताव पारित कर मेला कमेटी को कार्रवाई के लिए प्रेषित करने के निर्देश दिए। सुकेत सर्व देवता कमेटी के उपप्रधान देवकीनंदन ने बताया कि सुकेत मंच पर बैठने वाले देवताओं को भी मेला स्थल में उचित स्थान दिलाया जाएगा। इस मौके पर सुकेत सर्व देवता कमेटी के मुख्य सलाहकार रामदास, सह सचिव श्याम लाल, मीडिया प्रभारी धनदेव, सह सचिव रूपलाल, सदस्य कर्म सिंह, नागणु राम, नानक चंद सहित अन्य मौजूद रहे।

## चरवाहे के साथ की मारपीट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत बकरियां चरा कर लौट रहे चरवाहे के साथ मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में शिकायतकर्ता सुखराम(67) पुत्र संत राम निवासी खुराहल तहसील सुंदरनगर जिला मंडी ने कहा कि 9 फरवरी को एक व्यक्ति ने उसका रास्ता रोका और गाली गलौज कर मारपीट की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सुंदरनगर ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सराज मंडल के उपाध्यक्ष बने राकेश राणा

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**


बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा सराज मंडल द्वारा कल्हणी में कार्यकारिणी विस्तार हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठकर मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई और संगठन हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में सराज मंडल उपाध्यक्ष राकेश राणा को चुना गया। सलाहकार हीरा मणि निवासी शालागाड़ ग्राम और सहसचिव देश राज गांव खुनाची को चुना गया।

इसके अलावा पंचायत स्तर पर भी संगठन के कुछ महत्वपूर्ण दायित्व दिए गए, जिसमें ग्राम पंचायत बागी भनवास अध्यक्ष पेश राज और सह सचिव बोध राज,ग्राम पंचायत कुकलाह अध्यक्ष अनिल कुमार,ग्राम पंचायत कलहणी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा,ग्राम पंचायत भाटकीधार अध्यक्ष तेज सिंह को बनाया गया।

## महिला से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना सुंदरनगर की टीम ने एक महिला से दो हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी अनुसार बीएसएल थाना की टीम को सूचना मिली की एक महिला घर पर शराब बेचने का काम करती है। पुलिस दल ने महिला के ठिकाने पर दबिश देकर दो हजार मिली लीटर शराब बरामद की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

## राष्ट्रीय खिलाड़ी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के प्रसिद्ध व्यवसायी शशि धरवाल ने पीएम राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला की उन छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतरीन क्वालिटी के कंबल भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया।

सम्मान समारोह में कार्यवाहक प्रधानाचार्य खजान चंद, डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य खजान चंद ने कहा ऐसे सहयोग से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है।

सम्मानित खिलाड़ियों में खो-खो अक्षिता, कृतिका, शैलजा, कबड्डी में नैंसी, मन्नत ठाकुर, आरती, बैडमिंटन में सोनाक्षी जसवाल, वॉलीबॉल में कनिका, जूडो में निहारिका, शतरंज में नव्या राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली इन छात्राओं ने भी शशि धरवाल का आभार जताया और इस प्रेरणादायक सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

**ऐलान** स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसो. करवाएगी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

# बॉडी बिल्डिंग से अब नशे पर होगी चोट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

नशे के खातमे को लेकर विभिन्न संगठनों ने अपने स्तर पर भी अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए आगामी 23 मार्च से शुरू होने वाले राज्यस्तरीय नलवाड़ मेले में हिमाचल प्रदेश स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन राज्यस्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन नगर परिषद सुंदरनगर के सामुदायिक भवन रेस्ट हाउस चौक में 22 को रजिस्ट्रेशन और 23 मार्च को प्रतियोगिता के साथ होगा। प्रतियोगिता के आयोजन पर मंडी




जिला के सुंदरनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सेठी और महासचिव विपुल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजक तीन बार मिस्टर हिमाचल रहे निरत जंवाल रहेंगे और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले उनसे संपर्क कर सकते हैं।

इस दौरान मिस्टर हिमाचल के अलावा जूनियर, सीनियर के साथ साथ वूमेन श्रेणी के लिए भी कंपीटिशन होगा। जूनियर वर्ग में 21 वर्ष से कम आयु वर्ग, सीनियर में 35 वर्ष तक जबकि महिलाओं की ओपन प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा बाहरी राज्यों के बॉडी बिल्डर के लिए मिस्टर हिमाचल क्लासिक प्रतियोगिता होगी। इस दौरान पदश्री और अर्जुन अवॉर्डी टेकचंद डेगरा पर उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर निर्णायक मंडल की भूमिका निभाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### सरकार करे नौकरी का प्रावधान

**प्रतियोगिता** के आयोजक एवं मिस्टर हिमाचल निरत जंवाल ने बताया कि प्रदेश में सरकार की ओर से बॉडी बिल्डिंग को विशेष महत्व नहीं दिया जाता है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसे खेल कोटे में शामिल किया गया है। प्रदेश में टेलेंट की कमी नहीं है। लेकिन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश में बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सरकार की ओर से सरकारी क्षेत्र में नौकरियों का प्रावधान किया जाना चाहिए। जिससे युवाओं का रुझान इस ओर होगा।

## छात्रों ने प्रधानमंत्री से की परीक्षा पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, मंडी/पंडोह।** सर्वोदय पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अपर पंडोह में दसवीं एवम बारहवीं के छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानाचार्या खोविंद्रा शर्मा ने बताया कि छात्रों ने एकाग्रता से परिचर्चा को सुना।

प्रधानमंत्री ने छात्रों के प्रश्नों का बड़ी सहजता व रोचक ढंग से उत्तर दिया व उनकी जिज्ञासा शांत की। उधर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी के सभागार में सभी छात्राओं ने 11 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कटोच व सभी अध्यापक गणों ने बच्चों का आवाहन किया कि वे प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए गुर अपनाने का प्रण लें।

# अभिलाषी विश्वविद्यालय के 18 छात्रों को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कैंपस प्लेसमेंट के दौरान सामूहिक चित्र में।

**विवि में 2025 सत्र की पहली कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन**

अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक मंडी के अंतर्गत चल रहे एमबीए, एमएससी जूलॉजी, मैथेमेटिक्स कोर्स के अंतिम सेमेस्टर के छात्र ग्लेशियल एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड इंडिया कंपनी में नौकरी के लिए चयनित हुए हैं।

अभिलाषी विश्वविद्यालय के 18 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के दौरान नौकरी मिली है। विवि में 2025 सत्र की पहली कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विवि के अंतिम वर्ष में पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही नौकरी मिल गई है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में ग्लेशियल एडवेंचर कंपनी द्वारा एमबीए कोर्स के छात्र जिसमें पोशाली, नेहा चंदेल, हिमानी राणा, शिवानी, करण, डिंपल, धीरज, अमन व अभिषेक को टेली सेल्स ऑफिसर के पद पर चयनित किया गया। इसके साथ ही एमएससी जूलॉजी, मैथेमेटिक्स से प्रीति ठाकुर, सुनीता, शिल्पा, पल्लवी, इंदु बाला, आंचल, शालू, राज और दिशा सर्विस व ट्रांसपोर्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत होंगे।

चयनित छात्रों को सालाना 3 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं। अभिलाषी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी ने बताया की इस माह विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियां अभिलाषी विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा ले रही हैं। इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल, जीनीयस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला, सचिव नरेंद्र कुमार ने छात्रों बधाई दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना में 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' अभियान का शुभारंभ नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। यह स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान 9 अप्रैल तक चलेगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, सफाई कर्मचारियों को अभियान की जानकारी दी तथा अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी सहभागिता दर्ज करवाने को कहा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में 100 प्रतिशत गीले व सूखे कूड़े को घर से ही अलग-अलग एकत्रित करने, स्थानीयवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित करने तथा ऑनलाइन सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार सैनी, कनिष्ठ अभियंता शिवानी ठाकुर, सफाई पर्यवेक्षक विजय कुमार एवं नगर निगम के विशेषज्ञ मनोज शर्मा, सुशील गुप्ता, अंजू सोनी, मनीष जसल तथा स्टाफ सदस्य बबली, अंबिका डिंपल, मनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारियों को दी अभियान की जानकारी

**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब के द्वारा स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर के तहत कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान और हर्ष गुप्ता सचिव की अध्यक्षता में किया गया। इसमें नगर पंचायत के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों, सफाई कर्मचारियों को अभियान की जानकारी दी तथा उनके साथ अभियान को सफल बनाने के लिए संवाद किया गया। अभियान के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए सचिव महोदय व अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में 100 कूड़े को घर से ही गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग लेने, स्थानीय निवासियों की समस्याओं के समाधान हेतु समाधान शिविर लगाने एवं ऑनलाइन सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूक किया।

### धंधड़ी स्कूल के छात्रों को दिए परीक्षा के टिप्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उच्च पाठशाला धंधड़ी में बच्चों को परीक्षाएं नजदीक आने के कारण परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि जो बच्चे उत्कृष्ट श्रेणी में आते हैं, वे अधिकतम विश्वास में न रहें व ठंडे दिमाग से परीक्षाओं तक जितना रिवीजन हो सकता है करें। औसतन बच्चे भी हर विषय के महत्वपूर्ण प्रश्नों को दोहराएं। जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर हैं, वे अपने विषय के टॉपिक को रटने में न लगें, अपितु कंटेंट को समझ कर दिमाग में बिठाएं और पेपरों तक एक-एक विषय का तीन-तीन बार रिवीजन करें। हर रोज परीक्षाओं तक योग और प्राणायाम को अपने परीक्षा वाले दिन भ्रामरीप्णायाम करने के बाद ही परीक्षा देने चलें। परीक्षा हाल में यदि तनाव का हमला होता है तो परीक्षा भवन में बैठे-बैठे ही लंबे-लंबे श्वास लें, जिससे आपका मन और मस्तिष्क शांत हो जाएगा और आपके प्रश्नों के उत्तर देने में आसानी होगी। यह समय आपके पूरे वर्ष का निष्कर्ष होता है। इन दिनों मे बाकी सभी कार्यों को छोड़कर अपने पढ़ाई के रिवीजन में डट जाएं। विशेष कर सुबह तड़के 4 से 8 बजे तक 4 घंटे यदि डटकर लगा लेंगे तो कोई भी ताकत आपको अपनी मंजिल तक पहुंचने मे नहीं रोक पाएगी। टॉपिक को पढ़ते वक्त समझने का प्रयास करें, रटने न लगें। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरदयालसिह ने मुख्यातिथि द्वारा बताए गए टिप्स को परीक्षाओं तक कड़ाई से अमल मेलाने का आह्वान किया तथा मुख्य अतिथि का धन्यवाद भी किया।

### प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखा

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डिजिटल क्लास रूम में एलईडी के माध्यम से स्कूल के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को दिखाया गया। अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य, अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, बलवंत सिंह एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी, अंबिका रानी, एनएनएस सह-कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण शर्मा, शारीरिक अध्यापक चमन लाल , मनोज कुमार, सतीश कुमार, मनिंदर कुमार, राजीव डोगरा, धीरज कतना, राजीव शास्त्री, राकेश कुमार, कमल सिंह, रीना देवी, स्नेह लता, सुषमा देवी, सोमेंद्र कुमार, परमानंद व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# शिवबाड़ी अंबोटा में स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच

## शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट ने लिया प्रबंधों का जायजा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

लाखों लोगों की आस्था के केंद्र द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा में महाशिवरात्रि मेले को लेकर मंदिर ट्रस्ट ने कमर कस ली है। सोमवार को मंदिर ट्रस्ट की बैठक शिवबाड़ी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के सह आयुक्त एवं एसडीएम सौमिल गौतम ने की। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले इस मेले को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए मंदिर प्रशासन गंभीर दिख रहा है।

इस बार कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए मेला क्षेत्र में पचास पुलिस कर्मचारी तैनात करने की योजना है। महाशिवरात्रि मेले में आने वाले शिवभक्तों के स्वास्थ्य को लेकर भी मेला क्षेत्र में हेल्थ चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। मेला क्षेत्र को सेक्टर में विभाजित कर हर सेक्टर में सेक्टर इंचार्ज भी नियुक्त किए जाएंगे।

एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि महाशिवरात्रि मेले को शिवभक्तों के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि मेले पर मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाने के लिए होशियारपुर के शिवभक्त विक्की ग्रोवर ने प्रशासन से इजाजत मांगी है।

इसके अतिरिक्त महाशिवरात्रि मेले में वन-वे सिस्टम लागू किया जाएगा। पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक व दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु मुख्य द्वार से ही मेला ग्राउंड की ओर से ही प्रवेश पा सकेंगे और एग्जिट भी मेला ग्राउंड में ही किया जाएगा। महाशिवरात्रि मेले में स्थानीय गायकों के लिए भजन गायन प्रस्तुत करने के लिए एक स्टेज का भी निर्माण करवाया जाएगा। कोई भी स्थानीय गायक निशुल्क यहां अपनी प्रस्तुति दे सकता है, लेकिन इसके लिए उसे पहले तहसील कार्यालय घनारी या उपतहसील गगरेट में संपर्क करना होगा।

महाशिवरात्रि मेले के दौरान बिना अनुमति के कोई भी लंगर नहीं लग सकेगा, बल्कि लंगर लगाने के लिए एसडीएम कार्यालय गगरेट या फिर तहसील कार्यालय घनारी से अनुमति लेनी होगी। मेले में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए मंदिर प्रशासन पांच सफाई कर्मचारी तैनात करेगा जबकि मेला ग्राउंड की साफ-सफाई का जिम्मा स्थानीय पंचायत का भी होगा।

**प्रशासनिक ब्लाक को डिस्मेंटल करने के लिए कमेटी गठित**

शिवबाड़ी मंदिर का प्रशासनिक ब्लॉक भी जर्जर अवस्था में है। हालांकि नया भवन बनाने के लिए मंदिर प्रशासन से एक शिव भक्त ने संपर्क किया है जो अपने खर्च पर प्रशासनिक ब्लाक के साथ लंगर हाल का निर्माण करेगा लेकिन इससे पहले भवन डिस्मेंटल करने से पहले प्रशासनिक कमेटी इस भवन को अनसेफ घोषित करने के लिए यहां का दौरा करेगी और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही अगली कार्रवाई होगी। सोमवार को शिवबाड़ी मंदिर में रखे गए गल्लों में चढ़े चढ़ावे की भी काउंटिंग की गई। काउंटिंग में पंद्रह लाख आठ हजार छह सौ दस रुपए की मंदिर को आय हुई है।

## बढ़ते नशे के कारोबार के खिलाफ धार्मिक संगठन आए सामने

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में नशे के मामलों को लेकर सोमवार को सामाजिक और धार्मिक संगठन भी धरातल पर उतर आए हैं। उन्होंने नशे के खिलाफ एक अभियान का आगाज किया है। महर्षि गुरु रविदास महासभा द्वारा वकीलों से अपील की है कि चिट्टे के कारोबार में पकड़े गए किसी भी व्यक्ति का केस न लड़ने का सहयोग करें। संगठन के सदस्यों नव बैंस, अमित, नवीन आदि ने कहा कि चिट्टा एक खतरनाक नशा है और युवाओं की जिंदगी खराब कर रहा है।

आज हमने इस अभियान की शुरुआत की है और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। पंचायत नशा बेचने वालों का विरोध करे क्योंकि यह हम सब की लड़ाई है। चिट्टा बेचने वालों की जानकारी प्रशासन को दें ताकि हम सब मिलकर नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करवा सकें और नशे को समाप्त कर सकें। जिला प्रशासन की माने तो नशे के खिलाफ महर्षि गुरु रविदास यूथ महासभा द्वारा जो आज अभियान की पहल की गई है इसका वह समर्थन करते हैं नशे का खात्मा करना हम सब की लड़ाई है।

## भागवत को जीवन में उतारने की जरूरत : इंद्रेश महाराज



कोटला कलां में चल रही भागवत कथा में मौजूद संत व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में चल रही भागवत कथा में तीसरे रोज कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से सब संकट मिट जाते हैं। भागवत श्रवण से मनुष्य के पाप कर्मों से मुक्ति मिलती है। इसका लाभ उनको होता है जो भागवत को सुनकर अपने जीवन में उतारते हैं। इससे पहले बाबा बाल जी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को प्रवचनों से निहाल किया। इस अवसर पर माधवानंद जी, किशोर जी आदि उपस्थित रहे।

इससे पहले उन्होंने ऊना में पत्रकारों से बातचीत में संसार में दैवीय शक्तियां सतयुग से हैं। भारत में कुछ लोगों में वास्तविक रूप से दैवीय शक्तियां मौजूद हैं, लेकिन कुछ लोग पाखंड फैलाने के लिए जबरदस्ती का आडंबर रचते हैं। वृंदावन से पधारे कथाव्यास इंद्रेश उपाध्याय ने कहा कि केवल दैवीय शक्तियों में ही नहीं कथा जगत, साधु वेश में भी पाखंड करते हैं।

लोगों के मन में अपनी आस्था बनाने के लिए भोले-भाले लोगों को सताते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में अभी दैवीय शक्तियों से युक्त मानव भी हैं, लेकिन वे चंद लोग ही है। लोगों को वास्तविक और पाखंड वालों की पहचान करने में सक्षम होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवों के देव महादेव का ससुराल है। देवभूमि में 33 कोटि के देवी-देवताओं का वास है। हिमाचल में आधुनिक प्रवेश कम है।

## निजी स्कूल मान्यता व नवीनीकरण के लिए 10 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन : धीमान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ऊना द्वारा जिला के सभी निजी स्कूलों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मान्यता एवं नवीनीकरण प्रक्रिया संबंधी शेड्यूल जारी कर दिया गया है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक सोम लाल धीमान ने बताया कि शिक्षा का अधिकार 2009 के अंतर्गत पहली से आठवीं कक्षा वाले सभी निजी स्कूलों के लिए हिमाचल प्रदेश प्रारम्भिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है। नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्राइवेट स्कूलों को मान्यता नवीनीकरण एवं नई मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

उन्होंने निजी पाठशालाओं के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी पाठशाला की मान्यता एवं नवीनीकरण मान्यता शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोर्टल के लिंक पर 10 मार्च तक अप्लाई कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी निजी स्कूल का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना द्वारा पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक की मान्यता ऑनलाइन प्रदान की जाएगी। उपनिदेशक ने बताया कि नई मान्यता शुल्क कक्षा पहली से आठवीं तक 10 हजार तथा कक्षा छठी से 8वीं तक 5 हजार और मान्यता नवीनीकरण शुल्क 500 रुपए रहेगा। मान्यता शुल्क सभी आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से ही जमा करवाना होगा।

जिन निजी शिक्षण संस्थानों की मान्यता को पांच वर्ष पूर्ण हो गए हैं उन्हें नई मान्यता के लिए आवेदन करना होगा और अन्य निजी शिक्षण संस्थानों को मान्यता नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाना अनिवार्य है। इस बारे अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष 01975-223088 और 223586 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## बैडमिंटन में राजेश और अजय बने विजेता

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ऊना द्वारा बैडमिंटन मास्टर टूर्नामेंट करवाया गया, जिसमें जिला ऊना के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें सिंगल, डबल मिक्स, डबल मुकाबले खेले गए जिसमें अलग-अलग केटागिरी जिसमें 35+ से लेकर 60+ की विभिन्न विभिन्न श्रेणी में मुकाबले हुए, जिसमें 35+ श्रेणी में बैडमिंटन डबल का फाइनल मुकाबला राजेश ठाकुर, अजय बग्गा व संजीव शर्मा, सौरव शर्मा के बीच खेला गया।



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते एसोसिएशन के सदस्य।

इसमें पहले सेट में संजीव, सौरव ने अच्छी शुरुआत की और पहला सेट 21-17 प्वाइंट से जीत लिया लेकिन दूसरे व तीसरे सेट में राजेश ठाकुर व उनके सहयोगी अजय बग्गा ने शानदार तरीके से वापसी करते हुए 21-15, 21-14 प्वाइंट के साथ 35+ फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन मास्टर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टूर्नामेंट के समापन के मौके पर जिला ऊना बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अशोक ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी

उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 से 24 फरवरी को जिला सिरमौर के नाहन में होगी, जिसमें जिला ऊना से सभी विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता खेलने जाएंगे और जिला ऊना का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनको हमारी तरफ से शुभकामनाएं ताकि वे ऊना जिले का नाम रोशन कर सकें।

## आखिर कब होगा नंगल डैम से रेलगाड़ियों का हिमाचल तक विस्तार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सरहिंद जंक्शन-नंगल डैम- दौलतपुर चौक रेल खंड पर पंजाब का आखिरी रेलवे स्टेशन नंगल डैम है और यहां से ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है, ऐसे में कई रेलगाड़ियों का आवागमन केवल नंगल डैम तक ही सीमित है। इनमें मुख्य रूप से गाड़ी संख्या 14505/06 नंगल डैम-अमृतसर-नंगल डैम दैनिक एक्सप्रेस; गाड़ी संख्या 12325/26 साप्ताहिक गुरुमुखी सुपर फास्ट एक्सप्रेस समेत कई अन्य पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं।

क्षेत्र वासियों में पंजाब और उत्तर प्रदेश में पढ़ाई कर रहे छात्रों समेत व्यापारियों की ओर से कई बार मांग उठाई जा चुकी है। हिमाचल प्रदेश जिला ऊना और कांगड़ा में स्थित डेरा बाबा वड़भाग सिंह, माता चिंतपूर्णी, माता जमासनी देवी, माता ज्वालामुखी समेत कई अन्य धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, पंजाब स्थित कई धार्मिक स्थलों पर आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलेगा।

## हिमोत्कर्ष ने संत बाबा बाल को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष परिषद ने श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां आश्रम राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज में सोमवार को विराट धार्मिक समागम के दौरान राष्ट्रीय संत बाबा बाल महाराज को सम्मानित किया।

हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद व नरेश सैणी, जिला परिषद सदस्य व हिमोत्कर्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णपाल शर्मा, विजय साहनी, अशोक ऐरी, जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया, मंजू मनकोटिया, रमा कंवर, अनीति सूद, राजन पुरी, मुनिंद्र अरोड़ा, संदीप शर्मा, ईशान ऐरी, भूपिंद्र राणा, सुधीर कुमार, मणि कुमार व अन्य ने आश्रम में चल रहे धार्मिक आयोजन में शिरकत की।

वहीं, भागवत कथा का भी श्रवण किया। इस दौरान परिषद सदस्यों ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज को क्षेत्र में धर्म के प्रचार व प्रसार में सराहनीय कार्य करने व लोगों को सामाजिक बुराइयों से दूर करने में प्रमुख भूमिका निभाने पर भगवा चौला व शॉल भेंटकर सम्मानित किया।



हिमात्कर्ष परिषद बाबा बाल जी महाराज के साथ।

परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी के नेतृत्व में जिले के कोटला कलां गांव में हर वर्ष विशाल धार्मिक समागम का आयोजन एक बेहतरीन प्रयास है।

उन्होंने कहा कि बाबा बाल जी महाराज क्षेत्र में धर्म के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। वहीं, लोगों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे है।

## श्रीकृष्ण भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन

**हीना पठानिया, बड़ूही**

उपतहसील जोल के तहत कठोह पंचायत में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में समाजसेवियों एवं गांववासियों की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में श्री सुंदर नारायण गुरुकुल अटया गांव से पधारे कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री के द्वारा कथा के चौथे दिन सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया।



इस कार्यक्रम के यजमान रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा एवं सपरिवार उपस्थित रहे। कथा का पूजन आचार्य पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा मंत्रों उच्चारण से करवाया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए शास्त्री ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंद बाबा के घर में हुआ था, इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार समाप्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में सोमवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन, मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच-कूदकर नंदोत्सव मनाया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे। दोपहर को आरती प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। (अनंत ज्ञान)

## सांसद खेल महाकुंभ में 1300 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ में कुटलैहड़ के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया है क्योंकि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने और एक सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हो रहा है। इस महाकुंभ में 84 टीमों के 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और उत्साह को दर्शाता है।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने इस आयोजन को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, टीम भावना



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर व अन्य जानकारी देते हुए।

**कुटलैहड़ खेल महाकुंभ युवाओं को नशे से दूर रखने और प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर : कंवर**

और परिश्रम का महत्व भी सिखाता है। खेलों के प्रति युवाओं में बढ़ते उत्साह को देखकर आयोजनकर्ताओं ने इसे भविष्य में और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया।

कंवर ने कहा कि पूरे देश में नशे की लत एक बड़ी सामाजिक समस्या बनती जा रही है। इस संदर्भ में सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने का एक प्रभावी माध्यम बन सकती हैं।

वीरेंद्र कंवर ने कहा हमारा लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा युवा इस तरह के आयोजनों में भाग लें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ,कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेन्द्र रिंकू, भाजपा नेता मास्टर रमेश शर्मा मौजूद रहे।

## डेरा बाबा रुद्रानंद व मुकेश की छवि को धूमिल करने वाला हो गिरफ्तार : देवी लाल

**अनंत ज्ञान, घनारी**

सोशल मीडिया पर उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद जी और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के संदर्भ में डाली गई पोस्ट के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। सोमवार को नेहरू युवा मंडल के प्रधान देवीलाल सांडिल ने भी इस पोस्ट के ऊपर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि जिन लोगों ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर डेरे और उपमुख्यमंत्री की सभी को धूमिल करने का प्रयास किया है, आज प्रदेश की जनता जानती है कि डेरा बाबा रुद्रानंद के अनुयायी प्रदेश के साथ-साथ देश और विदेश में रहते हैं, वही उपमुख्यमंत्री नशे के खिलाफ एक बहुत बड़ी मुहीम चला रहे हैं, आज इन दोनों महान हस्तियों पर आरोप लगाना सरासर गलत है और निंदनीय है।

जिन लोगों ने यह दुस्साहस किया है, उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। देवीलाल ने कहा कि ऐसे लोगों ने कुछ एक शरारती तत्वों के बहकावे में आकर अपने थोड़े से फायदे के लिए डेरा प्रेमियों की आस्था को आहत कर उन्हें गहरी ठेस पहुंचाई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले की तह तक जाने की मांग करते हुए कहा कि सिर्फ पोस्ट डालने वाले पर ही नहीं, बल्कि उन लोगों को भी सामने लाना चाहिए, जिन्होंने इस षड्यंत्र को रचकर ऐसी पोस्ट डलवाने का चक्रव्यूह रचा है। उनके चेहरों से नकाब उतार कर उन पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई बराबर की जानी चाहिए।

देवीलाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को डालने के बाद से आहत हुए डेरा प्रेमियों, और आम बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने इसके विरुद्ध पोस्टें डालकर इसकी आलोचना करनी शुरू कर दी है और सरकार से मांग की है कि इस शरारती तत्व पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसा घिनौना कृत्य न करे।

**चुनाव** ठाकुर हरदीप सिंह लगातार तीसरी बार बने प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन गगरेट के अध्यक्ष

## पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण करना उद्देश्य : हरदीप

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक गगरेट के सोमवार को लोक निर्माण विभाग के गगरेट स्थित विश्रामगृह में हुए चुनाव में लगातार तीसरी बार ठाकुर हरदीप सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए हैं। एसोसिएशन के संयोजक व पूर्व प्रधान दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में हुए चुनाव में तमाम कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से कर लिया गया है।

एसोसिएशन को उस समय और बल मिला, जब सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता अश्विनी कुमार बंसल व सेवानिवृत्त सहायक अभियंता विजय कुमार कपाटिया ने एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कर तन-मन से एसोसिएशन को सशक्त बनाने का प्रण लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर हरदीप सिंह इससे पहले सरकारी सेवा में रहते हुए लगातार पांच बार अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ब्लॉक गगरेट इकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद एसोसिएशन में वह लगातार तीसरी बार अध्यक्ष का पदभार संभाल रहे हैं।



एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरदीप सिंह कार्यकारिणी के साथ।

हरदीप सिंह ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण करना है। इसके लिए सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किसी भी संगठन को चलाने के लिए पदाधिकारियों का चयन एक परंपरा है और इस परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है।

एसोसिएशन की ब्लॉक कार्यकारिणी में नरेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, किशोरी लाल को सचिव, विजय कुमार कोषाध्यक्ष, सरेन सिंह व चानन सिंह उप कोषाध्यक्ष, बावा सिंह, बाबू बनारसी दास, अश्विनी कुमार बंसल को मुख्य सलाहकार, सुभाष वर्मा प्रेस सचिव नियुक्त किए गए हैं जबकि जिला प्रतिनिधियों में अश्विनी कुमार बंसल, चानन सिंह, सुभाष वर्मा, सुरेंद्र कुमार, मास्टर सुरेंद्र कुमार, बावा सिंह, वचित्र सिंह, देव पाल वशिष्ठ, विजय कुमार, राम पाल वशिष्ठ, मदन शर्मा, कमाल दीन, नरेंद्र जसवाल, अमिता शर्मा व अनिता शर्मा को लिया गया है।

उन्होंने उन्हें लगातार दूसरी बार एसोसिएशन का प्रधान चुनने पर तमाम सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए भी वह लगातार कर्मचारी हित में आवाज बुलंद करते आए हैं और अब सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवानिवृत्त कर्मचारी साथियों की हकों व समस्याओं को उचित मंच पर उठाने से वह पीछे नहीं हटेंगे।

## डेरा बाबा रुद्रानंद धाम पर कोई अभद्र टिप्पणी स्वीकार नहीं : विवेक

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

कुटलैहड़ विधानसभा में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र डेरा बाबा रुद्रानंद धाम, गांव नारी, उत्तर भारत का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां लाखों श्रद्धालु अपनी आस्था प्रकट करने आते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर इस पवित्र स्थल के प्रति कुछ अशोभनीय और अभद्र टिप्पणियां सामने आई हैं, जो निंदनीय हैं। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने इन टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद धाम न केवल हमारे क्षेत्र का बल्कि पूरे उत्तर भारत का आस्था का केंद्र है और इसके प्रति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं।

विवेक शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस मामले की गंभीरता से जांच करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों की महत्ता को समझना और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। सोशल मीडिया पर की जाने वाली ऐसी अभद्र टिप्पणियां न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं, बल्कि समाज में विभाजन और तनाव भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने जनता से अपील कि वे सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें और किसी भी धार्मिक स्थल या व्यक्तित्व के प्रति सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि डेरा बाबा रुद्रानंद धाम की स्थापना के बाद से ही यह स्थल आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहां नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ, भंडारे और अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें दूर-दूर से श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों की गरिमा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया पर की जाने वाली अभद्र टिप्पणियां न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं, बल्कि समाज में वैमनस्यता भी फैलाती हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी की तलाश में दर-दर भटक रहा बहादुर



**अनंत ज्ञान, मनाली।** नेपाली मूल निवासी चकरा बहादुर पंद्रह दिनों से पत्नी की तलाश में दर-दर भटक रहा है। चकरा बहादुर ने बताया कि जनवरी 27 जनवरी से मनाली के बाजार से लापता हुई उनकी पत्नी सुनीता (28) तमांग को पुलिस अभी भी नही ढूंढ पाई है। उन्होंने बताया कि इनके दो बच्चे हैं, जो नेपाल में रहते हैं। सुनीता के पति चकरा बहादुर तमांग ने बताया कि सुनीता घर से यह बोल कर निकली कि मैं अपने बच्चों से मिलने नेपाल जा रही हूं। तीन दिन लगातार पति चकरा बहादुर ने अपनी पत्नी को फोन किया, तो उसका फोन स्विच ऑफ आया। बहादुर ने बताया कि उसने अपने रिश्तेदारों के वहां फोन कर सुनीता के बारे में भी पता किया, मगर कोई सुराग नहीं लगा, तब चकरा बहादुर ने एक फरवरी को मनाली थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि उक्त महिला की गुमशुदा होने की रिपोर्ट लिखाई गई है। पुलिस सुनीता को ढूंढने की पूरी कोशिश कर रही है।

### राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले से संबंधित जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पतलीकूहल में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मनाली विधानसभा के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर 10 प्रतिष्ठानों और 20 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर रजिस्टर किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य ई. सोनम बौद्ध ने राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले से संबंधित जानकारी मेले में उपस्थित प्रतिष्ठानों और पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से दी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अगामी शैक्षणिक सत्र से संस्थान में कुछ नए व्यवसाय शुरू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चेयरमेन बीडीसी नग्गर खेख राम ठाकुर, सदस्य मंडिया प्रभारी मनाली विधानसभा डीपल नेगी, आईएमसी चेयरमेन सुनील कपूर, सदस्य राकेश ठाकुर, प्यारे लाल आदि उपस्थित रहे।

# कुल्लू व लाहौल में बदला मौसम का मिजाज, पर्यटक हुए उत्साहित

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

कुल्लू जिले के ऊंचे व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मौसम ने फिर करवट बदली है। सोमवार सुबह रोहतांग दर्रा सहित घाटी की ऊंची चोटियों में रुक-रुककर बर्फबारी हुई है।

इससे क्षेत्र में शीतलहर बढ़ गई है। वहीं, जनजीवन एक बार फिर अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल्लू जिले के ऊंचे क्षेत्रों में भी बर्फ के फाहे गिरे हैं। उधर, बर्फ से लदी कुल्लू-लाहौल की वादियों का आनंद लेते के साथ सैलानी साहसिक गतिविधियों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। सोमवार को लाहौल घाटी में 600 से अधिक फोर बाई फोर पर्यटक वाहन पहुंचे, जबकि सोलंगनाला में डेढ़ हजार पर्यटक वाहनों ने दस्तक दी। पहाड़ों पर हो रहे हिमपात से मनाली में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ौतरी हुई है। वाहन चालक संजू, टशी व चंद्र सेन ने बताया कि सोमवार को अटल टनल के दीदार करने गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ।



हिमपात का आनंद लेने को पर्यटकों का मेला लग गया।

पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। मनाली, केलांग सहित केलांग-उदयपुर मार्ग पर छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। मौसम को देखते हुए लाहौल घाटी में बस सेवा शुरू नहीं हुई है। दूसरी ओर पर्यटन स्थल सोलंगनाला में भी दिन भर पर्यटकों की चहल पहल रही। अटल टनल में पर्यटकों ने बर्फ के फाहों में फोटो ग्राफी का आनंद लिया, जबकि सोलंगनाला मैदान में पैराग्लाइडिंग सहित स्नो स्लेज, स्नो स्कूटर, माउंटेन बाइक, स्नो ट्यूब, घुड़सवारी सहित जिप लाइन जैसी साहिसक खेलों का आनंद लिया। होटल एसोसिएशन मनाली के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि सभी को हिमपात का इंतजार है। उन्होंने बताया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात शुरू हो गया है, जिससे पर्यटन नगरी मनाली में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि सुहावने मौसम के चलते मनाली में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

## चिट्टे के कारोबारी की जानकारी दें और पाएं 15 हजार का इनाम



**अनंत ज्ञान, मनाली**

ग्राम पंचायत मनाली में आपको कोई चिट्टा बेचता या इसका इस्तेमाल करता दिखे, तो आप उसकी सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई करवा सकते हैं।

इसके बदले में ग्राम पंचायत मनाली आपको 15 हजार रुपए का इनाम देगी। पंचायत ने चिट्टे की रोकथाम के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है। चिट्टे को लेकर पंचायत मनाली गंभीर हो गई है। युवा पीढ़ी को चिट्टे से बचाने के लिए उन्होंने आज रणनीति बनाई तथा चिट्टा तस्करों पर नकेल कसने को कमेटी का भी गठन किया। गठित कमेटी में पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल और गांव कमेटी के सदस्य शामिल किए। सोमवार को चिट्टे के खिलाफ अभियान पंचायत की ओर से चलाया गया। इस अभियान में गांव कमेटी, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पंचायत प्रधान मोनिका भारती ने कहा कि चिट्टा तस्करों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है।

इसके लिए कमेटी का गठन कर लिया है। चिट्टे से संबंधी जानकारी देने वाले को 15 हजार इनाम रखा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखती है और पंचायत भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव तक चिट्टे का काला कारोबार फैल गया है और युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोग जागरूकता दिखाते हैं, तो चिट्टे के कारोबारियों पर जल्द नकेल कसी जा सकती है।

## छात्रों के खिलाफ नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ काम करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार छात्रों के खिलाफ काम कर रही है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे छात्रों के खिलाफ नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ प्रदेश में काम करें, ताकि युवा पीढ़ी नशे के दलदल में डूबने से बच सके।

एबीवीपी के द्वारा प्रदेश भर में छात्रों के मुद्दों को लेकर ढालपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं, सरकार को भी ज्ञापन भेज कर सभी कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग रखी गई। एबीवीपी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि छात्र संघ चुनाव को बहाल करने के लिए लगातार एबीवीपी मांग उठा रही है, लेकिन सरकार छात्रों के हितों की अनदेखी कर रही है। इसके अलावा आज भी कई कॉलेज में प्राध्यापकों के पद खाली चले हुए हैं और प्राध्यापक न होने के चलते छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। ऐसे में एबीवीपी प्रदेश सरकार से मांग करती है कि वह खाली पड़े पदों को व विश्वविद्यालय में भी कुलपति का पद जल्द भरा जाना चाहिए। अभिनव कश्यप ने बताया कि छात्र हित के लिए लगातार एबीवीपी कम कर रही है और आने वाले समय में भी इन सभी मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## ढालपुर अस्पताल में बढ़ाए जाएंगे पर्ची काउंटर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में मरीजों की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए अब पर्ची काउंटर की संख्या को बढ़ाया जाएगा, ताकि समय पर सभी लोग पर्ची बना सकें और वह डॉक्टर से अपना ईलाज करवा सकें।

सोमवार को जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में मरीजों की काफी भीड़ नजर आई और पर्ची काउंटर पर भी लंबी लाइन लगी रही। ऐसे में इस व्यवस्था से मरीज भी खासे नाराज नजर आए। सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज ने भी स्वयं मौके का निरीक्षण किया और कहा कि अब जल्द ही पर्ची काउंटर की व्यवस्था की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को भी बेहतर किया जाएगा।




## 31 मार्च को प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले स्टूडेंट्स को संगठन करेगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी के पूर्व छात्र संगठन की बैठक सोमवार को संगठन के अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विद्यालय के मुख्याध्यापक उपस्थित रहे। बेली राम और देव राज को संगठन का मुख्य सलाहकार बनाकर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय स्टेट बैंक में संगठन का खाता खोला जाएगा। पूर्व छात्र संगठन के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 31 मार्च को परीक्षा परिणाम में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले छात्रों को संगठन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्कूल में कंपयूटर, डेस्क और अन्य फर्नीचर उपलब्ध करवाने के लिए स्थानीय बैंको और एलायन दुहांगन हाइड्रो प्रोजेक्ट से आग्रह किया जाएगा। विद्यालय में कमरे के निर्माण के लिए संगठन हर संभव प्रयास करेगा। बैठक में राजेंद्र ठाकुर, बेली राम, देव राज शर्मा और संगठन के महासचिव हेम राज अध्यापक सुंदर लाल ठाकुर, अनिल शर्मा, प्रधान लाल चंद आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत भुंतर को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए लगाएगी जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

नगर पंचायत भुंतर ने शहर को स्वच्छ और समृद्ध शहर बनाने के लिए दो माह तक जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया।

इसमें सभी शहरी स्थानीय निकायों में सार्वजनिक शिकायतों के समाधान के लिए वार्ड स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के रूप में दो माह तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर पंचायत भुंतर के सचिव हर्षित शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय में जाकर अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके तहत सभी शहरी निकायों में सार्वजनिक शिकायतों के समाधान के लिए आज से वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ऐसे में शहरी क्षेत्रों की जनता साफ-सफाई से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड स्तर पर लगने वाले शिविरों में अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत कर सकती हैं। लोगों की इन आम समस्याओं का मौके पर ही अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। सचिव हर्षित शर्मा का कहना है कि बहुत से लोग कार्यालयों में जाकर सीधे अधिकारियों तक अपनी समस्या नहीं पहुंचा पाते हैं। ऐसे में सभी शहरी निकायों में वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

### सूखे व गीले कचरे को लेकर करें जागरूक

**शहर** में अपने-अपने वार्डों में साफ-सफाई रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की जाएगी। इसके अलावा घर-घर जाकर लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने को लेकर प्रेरित करेंगे। प्रदेश भर के सभी शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के रूप में दो महीने तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, उन्होंने सूखे व गीले कूड़े की भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वेस्ट मेटीरियल में जो कूड़ा गल जाए, वह गिला कूड़ा होता है। नगर पंचायत की प्रधान रविंद्र डोगरा ने भी सभी से आग्रह किया कि स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के इस अभियान में अपना सहयोग कर सूखे व गीले कचरे को लेकर सभी को जागरूक करें।

## भुंतर स्कूल में 'बिच्छू' नाटक का तीसरा सफल मंचन, दर्शकों को खूब हंसाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रंगमंच गांव गांव आंगन आंगन' की अवधारणा के तहत ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू के कलाकारों ने अपने नाटक 'बिच्छू' का तीसरा सफल मंचन भुंतर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण तथा विद्यालय के बहुत से छात्र जुटे।



नाटक ने शुरू से ही दर्शकों को खिलखिलाना शुरू कर दिया। नाटक में मंच पर नौकर हमेश एक डंडा छील रहा होता है और उसी समय उसके मालिक का बेटा मुनीष आता है अपनी समस्या बताता है कि उसके पिता उसे बीवी लेकर आ रहे हैं, जबकि वह किसी और लड़की से प्यार करता है। इसी दौरान दूसरा नौकर गोपू आता है और उसे आश्वासन देता है कि वह उसका मामला ठीक कर देगा, लेकिन पहले तो मुनीष गोपू के उकसाने से अपने पिता को बोलने के लिए तैयार हो जाता है, लेकिन पिता के आते ही डर के मारे भाग जाता है। अब दोनों नौकर उसके पिता लाला शाम दास को पटाने में लग जाते हैं।

इसी तरह दूसरा लड़का अजु जो लाला राम दास का बेटा है। वह भी एक खानाबदोश लड़की नीलो से शादी करना चाहता है, लेकिन वे खानाबदोष उससे नीलो को उसे देने की एवज में 25 हजार रुपए मांगते हैं, अब वे दोनों लड़के गोपू से अपने-अपने पिता से पैसे निकालने के लिए आग्रह करते हैं। अजु को 25 और मुनीष को 20 हजार की जरूरत होती है, अब गोपू तरह-तरह की कहानियां पिता के पास बनाकर उन्हें तरह तरह की परिस्थितियां दिखाकर उन्हें डराकर उनसे पैसे निकलवाने में कामयाब भी होता है। इस काम में दूसरा नौकर हमेश उसकी पूरी मदद करता है। दोनों लालों को इस चालाकी का पता चल जाता है और गोपू की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं, लेकिन अंततः कहानी कुछ ऐसा मोड़ लेती है, वे दोनों लड़कियां उन दोनों लालों की ही खोई हुई बेटियां निकलती हैं और वे गोपू को इस खुशी के मौके पर माफ कर देते हैं।

## जय बिहारी को एक बार फिर कुल्लू खंड की कमान

### सिविल पेंशनर्स व सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन खंड कुल्लू की त्रैमासिक बैठक गांधी नगर कुल्लू में वैशाली होटल से सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड अध्यक्ष बिहारी लाल भारद्वाज ने की।

इसके अलावा इस बैठक में मुख्यातिथि के रूप में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर रहे। इसके अलावा महासचिव मोहर सिंह सीस, जिला वरिष्ठ उपप्रधान, योगराज शर्मा, नव निर्वाचित सदस्य भुंतर खंड के जिला प्रतिनिधि गिरधारीलाल डोगरा, खेमराज शर्मा, जीसी चंब्यियाल सहित अन्य पदाधिकारी विशेष आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। बैठक में 12 नए पेंशनर्स इस एसोसिएशन में शामिल हुए, जिनमें गुप्त राम गुलेरिया, मोहर सिंह, गुपतराराम, हीरा देवी, जय देई, शकुंतला देवी, विमला राणा, विष्णु देवी, मिने राम, रेवत राम, टेक सिंह, शांतिलाल नेगी शामिल हैं, जिनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्यातिथि



सेस राम ने पेंशनर्स की सदस्यता, उनकी मांगों बारे अपने विचार रखे। वहीं, बिहारीलाल भारद्वाज खंड प्रधान ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे बैठक में पेंशनर्स ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। उसके पश्चात खंड प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी को भंग कर 2025-28 के लिए नए कार्यकारिणी गठित करने के लिए चुनाव करने का फैसला लिया। **नई** कार्यकारिणी चुनने के लिए ज्ञान चंद चम्वयाल को रिटर्निंग अधिकारी, रामलाल शर्मा को सह रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। विभिन्न पदाधिकारियों को नई कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से चुना गया, जिनमें खंड प्रधान एक बार फिर जय बिहारी भारद्वाज, वरिष्ठ उपप्रधान तेज सिंह, उपप्रधान दुगलेराम, सचिव अमर सिंह, संयुक्त सचिव योगराज, संगठन सचिव ईश्वरीराम, कोषाध्यक्ष तीर्थों राणा मनोनीत किए गए। इसके अलावा सेस राम ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर, मोहर सिंह सीस को जिला प्रतिनिधि बनाया गया। वहीं, मुख्य सलाहकार योगराज शर्मा, नाऊ, सलाहकार रूप चंद ठाकुर, सलाहकार खूब राम को बनाया गया। रिटर्निंग ऑफिसर जीसी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।

## लुहरी में टायर चोरी का मामला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस थाना आनी के तहत लूहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में एक टायर दुकान से हुई चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने पिकअप वाहन में करीब 25 टायर लोड कर चोरी की थी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को 4 दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि शिकायतकर्ता सतीश वर्मा ने बताया कि वह कारशा में टायर पंचर और टायर बेचने का काम करता है। उन्होंने अपनी दुकान के पास लगभग 100 पुराने टायर रखे थे, जिनमें से कुछ अच्छी स्थिति में थे। 7 फरवरी की सुबह जब उन्होंने टायरों की जांच की, तो कुछ टायर गायब मिले। स्थानीय भोजनालय के मालिक मोहित ने बताया कि रात में तीन व्यक्तियों को पिक-अप में टायर लोड करते देखा गया था। जांच में पता चला कि आरोपी बबलू (गांव मवला), हरदयाल (गांव सदैहल) और अनु (गांव तेबन) ने मिलकर यह चोरी की थी। चोरी किए गए टायरों की कीमत लगभग दस हजार रुपए आंकी गई है। पीड़ित ने पहले खुद आरोपियों से टायर वापस करने को कहा, लेकिन उनके मना करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिर

**4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे**

**खुशी** भाजपा ने आनी में निकाला विजय जुलूस, कार्यकर्ताओं ने कहा- विकास और विश्वास की जीत

# दिल्ली जीत पर आनी में मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश के आनी उपमंडल में भाजपा ने दिल्ली में मिली ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। सोमवार को विश्राम गृह आनी से पुराने बस अड्डे तक विजय जुलूस निकाला गया।

इस दौरान भाजपा नेता एवं एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व चैयरमैन अमर ठाकुर ने कहा कि दिल्ली अब आम आदमी पार्टी के 10 वर्षों के कुशासन से मुक्त हो गई है। अमर ठाकुर ने कहा कि दिल्ली का जनादेश विकास, विजन और विश्वास की जीत को दर्शाता है, जबकि आडंबर, अराजकता और अहंकार की हार हुई है। उन्होंने हिमाचल की सुक्खू सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया था, 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। वहीं, मोर्चा संभालते हुए आनी के



विधायक लोकेंद्र कुमार ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर चिंता जताई और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक तो पुलिस विभाग में कई पद खाली हैं, जबकि अधिकारी अपनी ड्यूटी में कोताही बरत रहे हैं। विधायक ने कुछेक सरकारी अध्यापकों को भी सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे या तो बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें या फिर राजनीति करने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दें।

लोकेंद्र कुमार ने भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अब सभी राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। आने वाले समय में मोबिलिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में धरना-प्रदर्शन की राजनीति और प्रशासनिक अनिश्चितता ने शहर के विकास को बाधित किया था, जिसे अब दिल्लीवासियों ने दूर कर दिया है। इस विजय जुलूस में, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, पूर्व एपीएमसी अध्यक्ष अमर ठाकुर के अलावा आनी भाजपा के मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, निरमंड मंडल के अध्यक्ष नरोत्तम, दलाश मंडल के अध्यक्ष विवेक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों की मदद करेगा दिव्यांग मित्र केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में अब दिव्यांग बच्चों को न्यूरोलॉजिकल एसेसमेंट के उपचार के लिए बिलासपुर जिले में स्थित एम्स में धक्के नहीं खाने होंगे। दिव्यांग मित्र केंद्र के द्वारा दिव्यांग बच्चों की मदद की जाएगी और एम्स में दिव्यांग बच्चों का डॉक्टर के पास परीक्षण भी करवाया जाएगा। ऐसे में लोक मित्र केंद्र की तर्ज पर कुल्लू अस्पताल में दिव्यांग मित्र केंद्र काम करेगा। जिला कुल्लू कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में सांफिया फाउंडेशन के द्वारा यह दिव्यांग मित्र केंद्र शुरू किया गया है। इस दिव्यांग मित्र केंद्र का शुभारंभ सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार के द्वारा किया गया। दिव्यांग मित्र केंद्र में इसके अलावा सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि सरकार की योजनाओं का भी घरद्वार पर इन सभी दिव्यांग बच्चों को लाभ मिल सके।

**कुल्लू अस्पताल में शुरू हुआ दिव्यांग मित्र केंद्र**

## एमआर संगरोली वरिष्ठ मुख्य सलाहकार मनोनीत

### हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें सभी विभागों के योग्य, कर्मठ पेंशनर्स को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि शिमला जिले से पूर्व में एनजीओ फेडरेशन के प्रदेश महासचिव रहे एमआर संगरोली को वरिष्ठ मुख्य सलाहकार, नरेंद्र कुमार (कांगड़ा) को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रवींद्र भार्गव (निरमंड कुल्लू), रहमत अली चौहान (मंडी), चेतराम ठाकुर, मदन लाल सल्याल, धर्मानंद, प्रमोद कुमार अरोड़ा, पूर्ण चंद यादव (मंडी), खुशाल चंद नेगी, सब्जा चंद, मंगल दास, सुरेश शर्मा, कुलदीप राज शर्मा (कुल्लू), अमरनाथ, प्रीतम शर्मा (बिलासपुर), बीआर हरनोट, बीजाराम ठाकुर, (शिमला), शरद चंद्र (सिरमौर), सुरेंद्र पठानिया (चंबा), शेर सिंह (लाहौल-स्पीति) को प्रदेश उपाध्यक्ष व सुनंदारानी, अंजलि वैद्य, सत्या ठाकुर, रेखा अरोड़ा (मंडी), मोनिका ठाकुर (चंबा), लता गौतम (कांगड़ा), शशि किरण शर्मा (बिलासपुर) प्रेमला ठाकुर, मनोरमा देवी, विजय कंवर, लीला वर्मा, कमलेश गुप्ता, विवेका शर्मा, सुरेंद्र कौर (कुल्लू), कांता पंकज (सोलन), सरिता जनार्था (शिमला), बलविंदर कौर (ऊना) को प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग), प्रेमलाल (कुल्लू) को अतिरिक्त महासचिव, सीताराम ठाकुर (कुल्लू) को मुख्य सलाहकार, एडवोकेट चमन ठाकुर (शिमला) को विधि सलाहकार बनाया गया है। इसके अलावा केडी शर्मा (हमीरपुर) को चेयरमैन सलाहकार समिति, सुदर्शन कुमार चौधरी (नालागढ़) को मुख्य संरक्षक, लाल सिंह चावला (मंडी) को संरक्षक, सीताराम बंसल (मंडी) को अध्यक्ष शिकायत निवारण समिति, सुरजीत सिंह राव (सोलन) को अध्यक्ष समन्वय समिति, धर्मपाल सर्वटा, भीम कटोच (कुल्लू) को उपाध्यक्ष समन्वय समिति, जयकृष्ण ठाकुर, नेसुराम भारती (कुल्लू) को उपाध्यक्ष सलाहकार समिति, जोगिंदर सिंह (बंजार), जयगोपाल शर्मा (सुंदरनगर) को उपाध्यक्ष शिकायत निवारण समिति, पुरुषोत्तम चंद राणा (कांगड़ा) को अध्यक्ष अनुशासन समिति, केशवराम कुल्लवी (कुल्लू) को उपाध्यक्ष अनुशासन समिति, तुलेराम भारती, रामलाल चौहान (कुल्लू), बालकृष्ण शर्मा (शिमला) को संयुक्त सचिव, विनोद कुमार ठाकुर, गुगना देवी, भूमावत्ती (शिमला), हरिकृष्ण चौहान, बेलीराम टैगोर (बिलासपुर), रमेश कुमार, प्रेम सिंह राठौर, दातेंद्र कपूर, रोशनलाल शर्मा (मंडी), विद्याधर कुल्लवी, मेहरचंद डोगरा (मनाली), जयराम नय्यर, सीआर नलवा, मोहनलाल शर्मा, चंद्र कुमार, केहर सिंह ठाकुर, दौतराम पहाड़िया (कुल्लू) को सलाहकार, पवन कुमार शर्मा (ऊना), रामेश्वर, राजीव कुमार, जगदीश चंद (मंडी), कर्मचंद पुंडीर (सिरमौर) को संगठन सचिव, राज कुमार राणा, अमर सिंह, जीत कुमार (हमीरपुर), अशोक कुमार (बिलासपुर) अमीर चंद (केलांग), जयपाल नेगी (सोलन), राजेश चौहान (सिरमौर) को क्षेत्रीय सचिव नियुक्त किया गया। वहीं, धनवंती देवी, नारायण दास (पांगी), शारदा महंत, सुनीता सूद, सरोज शर्मा आदि सदस्य बने।



# डॉग स्टरलाइजेशन ओटी शुरू होने में देरी

## आरटीआई से जानकारी, एमसी पिछले एक वर्ष में नहीं कर पाई एक भी नसबंदी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन शहर के लोगों को आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पा रहा है। हैरानी कि बात है डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम यार्ड बनने के बावजूद आवारा कुत्तों की नसबंदी नहीं की जा रही है। आरटीआई से जुटाई जानकारी के मुताबिक सोलन नगर निगम बीते एक वर्ष में एक भी नसबंदी नहीं कर पाया है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निगम आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कितना संजीदा है। निगम में फिलहाल वेटरनरी ऑफिसर का पद रिक्त है। ऐसे में कुत्तों की नसबंदी करवाने के लिए पशुपालन विभाग से मदद लेनी पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)





**नगर** निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण हो चुका है। इसमें पिंजरे लगना बाकी हैं। इसके बाद पशुपालन विभाग की मदद से आवारा कुत्तों की नसबंदी शुरू हो जाएगी।

### 60 लाख रुपए खर्च

**ठोडो** ग्राउंड के नजदीक करीब 60 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड का निर्माण कार्य किया गया है। इसमें पिंजरे लगना बाकी हैं। इसमें नसबंदी के बाद कुत्तों को सुरक्षित रखने में आसानी होगी। ठोडो ग्राउंड के नजदीक रेन बसेरा बिल्डिंग के बेसमेंट में बने डॉग स्टरलाइजेशन ओटी के लिए बाकायदा केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड से अनुमति ली है यदि सब कुछ ठीक रहा तो डॉग ओटी बनते ही शहर के स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरू हो जाएगा। डॉग स्टरलाइजेशन के लिए ओटी के साथ ही डॉग यार्ड भी बनाया जाएगा, जिसमें स्टरलाइज कुत्तों के रखरखाव और खानपान का प्रबंध होगा।

### सोलन हॉस्पिटल में रोज आते हैं डॉग बाइट के केस

सोलन हॉस्पिटल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग वाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी निर्माण का निर्णय लिया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या का मुद्दा खूब उठा था, तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे, मगर करीब चार वर्ष का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों के झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं, जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ छात्रों की पढ़ाई बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### लोग असुरक्षित माहौल में जीने को मजबूर

नगर निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्ते के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के काटने की घटनाएं सामने आती हैं। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों का अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम ने कुछ वर्ष पहले कुत्तों की नसबंदी का कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन नियम के तहत प्रबंध नहीं होने के चलते यह कार्यक्रम रुक गया। शुरू में जवाहर पार्क व ठोडो ग्राउंड में ओपन डॉग स्टरलाइज किया जाता था, जिस पर केंद्रीय पशु बोर्ड ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमियों ने भी इस पर आपत्ति जताई। साथ ही नसबंदी के बाद कुत्तों का सही रखरखाव भी नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों के चलते यह कार्य आज तक लंबित है।

# रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** नालागढ़ के एसडीएम राजकुमार ने सोमवार को नगर परिषद की ओर से स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित स्टूडेंट्स, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं सफाई कर्मचारियों का आह्वान किया कि वह संदेशवाहक के रूप में लोगों को अपने घर, गांव व शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित व जागरूक करें। स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान के तहत अगले दो महीने तक शहर व सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, रास्तों, बाजारों आदि में सफाई व जागरूकता रैलियां आयोजित की जाएंगी, ताकि स्वच्छता लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बन सके। एसडीएम ने दुकानदारों, ढाबा मालिकों, सब्जी एवं फल विक्रेताओं सहित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों से आग्रह किया कि वे प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करें, जिससे शहर व पर्यावरण को स्वच्छ रखने की परिकल्पना को साकार किया जा सके। नगर परिषद नालागढ़ के कार्यकारी अधिकारी रणवीर सिंह वर्मा ने सफाई कर्मचारियों व अन्य लोगों को सूखा तथा गीला कचरे को अलग-अलग रखने व उठाने के बारे में जानकारी दी।

# स्टेट लेबल कबड्डी टीम का किया विरोध

## सिलेक्टर कमेटी पर सिफारिशी खिलाड़ियों को टीम में जगह देने का आरोप



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नेशनल के लिए चुनी गई हिमाचल प्रदेश की टीम को लेकर विवाद शुरू हो गया है। प्रदेश ओर देश को अव्वल दर्जे के कबड्डी खिलाड़ी देने वाले नालागढ़ हल्के में सिलेक्ट की गई कबड्डी टीम की खिलाफत शुरू हो गई है।

खेल प्रेमियों का आरोप है के पिछले लंबे समय से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जबकि सिफारिशी खिलाड़ियों को टीम में जगह देकर मेहनती खिलाड़ियों का अपमान किया गया है। खेल प्रेमियों ने सीधे-सीधे सिलेक्टर कमेटी पर आरोप लगाया कि कमेटी ने सिफारिशी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, जो कि सरासर प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के साथ धोखा है। इतना ही नहीं भारी संख्या में एकत्रित हुए खेल प्रेमियों ने एसडीएम नालागढ़ कार्यालय तक रोष रैली निकाली और सिलेक्टर कमेटी तथा अर्जुन अवार्ड विजेता कबड्डी प्लेयर व सिलेक्टर कमेटी के अजय ठाकुर के मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

खेल प्रेमी निंदू ठाकुर ने कहा के प्रदेश की चुनी गई स्टेट कबड्डी टीम में उन खिलाड़ियों को जगह दी गई है, जिनका परफार्मेंस जीरो है। मेन टीम में 4-5 खिलाड़ी सिफारिशी चुने गए हैं, जो कभी टीम को जीत नहीं दिला सकते। निंदू ने कहा के पिछले 2 वर्षों से प्रदेश के लगभग सभी कबड्डी टूर्नामेंटों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4-5 खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया गया है, जो कि सरासर गलत है और मेहनती खिलाड़ियों के साथ धोखा है। उन्होंने सलेक्टर कमेटी ओर अजय ठाकुर पर आरोप लगाया कि उन्होंने सिफारिशी खिलाड़ियों का चयन टीम में किया। इस दौरान खेल प्रेमियों ने एसडीएम नालागढ़ को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार व खेल मंत्रालय से मांग उठाई है कि इस स्टेट लेबल कबड्डी टीम को भंग कर नए सिरे से टीम का चुनाव कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व काबलियत रखने वाले खिलाड़ियों का चयन टीम में किया जाए, अगर सरकार ने इस बाबत कोई निर्णय नहीं लिया, तो लोग सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे में नेताओं और पुलिस की संलिप्ता हैरतपूर्ण

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल में चिट्टा की सौदागरी में कुछ नेताओं और पुलिसकर्मियों के सम्मिलित होने का समाचार हैरत पूर्ण है। इससे देवभूमि हिमाचल शर्मसार हुई है। यह बात स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद कही। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों ने हिमाचल की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने की मुहिम छेड़ी है। प्रदेश में आए दिन नशे से युवकों की मौतों के समाचार आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ढुलमुल नीति के कारण समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। सरकार भली-भांति जानती है कि नशे की खेप पंजाब से आती है, तो सीमाओं पर नाकाबंदी क्यों नहीं की जाती। उन्होंने स्वाभिमान पार्टी की तरफ से प्रदेश सरकार से नशे के सौदागरों पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

### कॉलेज में नशे के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** एबीवीपी नालागढ़ इकाई ने कॉलेज में नशे के खिलाफ अपना रोष प्रदर्शन किया। छात्र संगठन का मानना है कि सरकार नशे को रोकने में नाकाम रही है। नालागढ़ इकाई की अध्यक्ष पूनम ने बताया कि अगर प्रशासन और पुलिस नशा माफिया पर सख्त कार्रवाई नहीं करती है, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द नशा तस्करों की गिरफ्तारी नहीं हुई और उनके नेटवर्क को ध्वस्त नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद सड़कों से लेकर विधनसभा तक इस लड़ाई को जारी रखेगी। परिषद ने प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल, शिक्षक और गैर-शिक्षकों की जल्द भर्ती, एचपीयू और सीएसके पालमपुर में स्थायी कुलपति को नियुक्त करने की मांग सरकार से की। विद्यार्थी परिषद ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जल्द इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो छात्र सड़कों पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# नौणी विश्वविद्यालय को मिले नए डीएसडब्ल्यू और लाइब्रेरियन

**अनंत ज्ञान, सोलन**





डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने डॉ. हरि पॉल सांख्यान को डीन छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) और डॉ. डीआर भारद्वाज को सत्या नंद स्टोक्स लाइब्रेरी में नया लाइब्रेरियन नियुक्त किया है।

दोनों ने पिछले हफ्ते अपना कार्यभार संभाल लिया है। डीन छात्र कल्याण के कार्यभार संभालने से पहले डॉ. सांख्यान ने विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन के रूप में अपनी सेवाएं दीं। लाइब्रेरियन के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (बीलिब) कार्यक्रम शुरू करने और धार्मिक साहित्य के लिए एक समर्पित अनुभाग स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान डॉ. सांख्यान ने कई एमएससी और पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन किया है और विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषक भी रहे। डीन छात्र कल्याण के रूप में डॉ. सांख्यान ने छात्रों की बेहतरी के लिए लगातार काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अतिरिक्त डॉ. डीआर भारद्वाज ने सत्या नंद स्टोक्स लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले, वह वानिकी कॉलेज में सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

# बिजली बिल का करें भुगतान, नहीं तो कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, भराड़ीघाट, चंडी, ग्याना, धुंदन, नवगांव, कंधर के तहत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को लंबित बिल जमा करवाने के लिए बिजली बोर्ड ने फरमान जारी किया है, जिन उपभोक्ताओं ने कई महीनों से बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं। उन्हें 17 फरवरी से पहले बिल का भुगतान करने के निर्देश जारी किए हैं यदि इस दौरान जो उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं करता है, तो उनके बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। बिजली बोर्ड दाड़लाघाट के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि कई महीनों से कुछ उपभोक्ता बिजली का बिल जमा नहीं करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता बिजली के बिल उपमंडल के कार्यालय या ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं।

# राष्ट्रीय एकता युवा व सांस्कृतिक शिविर में हिमाचल की रही सक्रिय भागीदारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में राष्ट्रीय युवा योजना व युवान अहिल्यानगर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता युवा एवं सांस्कृतिक शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में देश के 27 राज्यों के 300 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इसमें हिमाचल प्रदेश की टीम में सोलन से प्रदेश समन्वयक यशपाल कपूर, मदन सिंह, कमलराज चौहान, आदित्य और वल्लभ कॉलेज मंडी की मोनिका, सावित्री देवी, ऊमा देवी, प्रेरणा ठाकुर, लता देवी, तनुष्का, अखिल शर्मा, जितेंद ठाकुर, अर्पित शर्मा, बृजमोहन ठाकुर और नीरज कौंडल शामिल रहे। शिविर के समापन अवसर पर अहिंसा, शांति और युवाओं के प्रेरणास्रोत और राष्ट्रीय युवा योजना के संस्थापक डॉ. एसएन सुब्बाराव की 96वीं जयंती धूमधाम से मनाई। शिविर में हिमाचल के सबसे छोटे शिविरार्थी सोलन निवासी आदित्य ने केक काटा। इस मौके पर जापान के निवानो शांति पुरस्कार से सम्मानित पीवी राजगोपाल (राजा भैया) मुख्यातिथि थे, जबकि देश के आदर्श गांव हिवरे बाजार (महाराष्ट्र)के सरपंच पद्मश्री पोपट राव पवार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा योजना हिमाचल के समन्वयक यशपाल कपूर के नेतृत्व में हिमाचल की 15 सदस्यीय टीम ने भाग लिया।

इस मौके पर हिमाचली युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का नमूना पेश किया। साथ ही अहिल्या नगर स्थित टैंक म्यूजियम में भारतीय सेना के करीब 2000 जवानों के समक्ष भी हिमाचली नाटी की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी।

# डोडे रा बूटडु गाने का विमोचन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट निवासी बीआर चौहान के नए गाने डोडे रा बूटडु का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में दाड़लाघाट के वरिष्ठ नागरिक शंकर दास गुप्ता ने गाने का विमोचन किया। इस गाने को बीआर चौहान ने गाया व इसके लिरिक्स भी उन्होंने ही लिखे हैं। गाने को संगीत अभि चौधरी ने दिया है, जबकि इसके वीडियो में बीआर चौहान और निमिषा ने अभिनय किया है। गाने के निर्देशक बीआर चौहान और टीम है, जबकि इसके कोरियोग्राफर साहिल शर्मा हैं। गाने का मेकअप कविता चौहान ने किया है, जबकि इसके वीडियो प्रोडक्शन और कॉस्ट्यूम कमल कुमार ने संभाले हैं। गाने के वीडियो में दाड़लाघाट, घनागुघाट, जाबलू और नौणी के स्थानों को दिखाया गया है। विमोचन समारोह में दाड़लाघाट के वरिष्ठ नागरिक शंकर दास गुप्ता ने गाने की सराहना की और इसके निर्माताओं को बधाई दी।

# कंडाघाट में फोरलेन सुरंग मार्ग पर गड्ढे बने परेशानी

## बारिश के कारण भर रहा है कीचड़, वाहन चालक हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में लोक निर्माण विश्राम गृह के पास से बनाई गई फोरलेन सुरंग सड़क में गड्ढे और बारिश के कारण भारी कीचड़ लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बना हुआ है।

इसकी हालत सुधारने के लिए एनएचआई और प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कंडाघाट में शिमला-कालका राजमार्ग से लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह तक संपर्क सड़क बनी हुई है। इस मार्ग पर लोक निर्माण विभाग और बिजली बोर्ड का उपमंडल कार्यालय, विश्राम गृह, धर्मशाला, पावर हाऊस और कई स्थानीय बस्तियां हैं, जहां से हर समय लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लोक निर्माण विश्राम गृह से ऊपर पहाड़ी पर फोरलेन मार्ग की सुरंग तक एनएचआई ने तदर्थ सड़क बनाई है। इस सड़क से भारी वाहन चलते हैं, जो सुरंग निर्माण की सामग्री और मिट्टी ढोने का काम करते हैं। सुरंग के मुहाने के पास कंडाघाट का फलाई ओवर बन रहा है, जहां से फोरलेन गुजरेगा। निर्माणाधीन सुरंग के मुहाने तक बनी ढलानदार सड़क से एक तरफ बारिश से पानी और कीचड़ बहकर रेस्ट हाऊस की संपर्क सड़क तक पहुंच रहा है। दूसरी तरफ सड़क में रेस्ट हाऊस के पास भारी गड्ढे पड़े हुए हैं। इस कारण सड़क में चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश में यहां कीचड़ समस्या को और गंभीर बना देता हैं। स्थानीय लोग यहां पानी की निकासी और गड्ढे भरने की मांग कर रहे हैं।



# वॉलीबाल प्रतियोगिता में परवाणू ने नेहरू युवा क्लब तून को हराकर जीती ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

पंचायत चाखड़ के नेहरू युवा क्लब तून की 26वीं दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जो इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण था।

समापन समारोह में प्रदेश हैंडबॉल उपाध्यक्ष देश राज ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पंचायत चाखड़ के उपप्रधान मनसा राम ठाकुर विशिष्टातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। आयोजक शशि पाल, राकेश कुमार और रोशन लाल ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में कई स्थानीय टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर विजेता परवाणू की टीम, वहीं नेहरू युवा क्लब तून उपविजेता रहा व इन टीमों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपप्रधान मनसा राम ठाकुर ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे समुदाय के युवाओं को एकजुट करने और उनकी प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा माध्यम है। देशराज ने विजेता और उपविजेता टीम को बधाई दी और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

# पेंशनर्स की बकाया राशि एकमुश्त देने की मांग

**अनंत ज्ञान, अर्की।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर फेडरेशन खंड अर्की जिला सोलन की मासिक बैठक खंड प्रधान मदन लाल गर्ग अध्यक्षता में समुदायिक भवन अर्की में संपन्न हुई। प्रेस सचिव रोशन लाल वर्मा ने बताया कि बैठक में 28 फरवरी को डीसी सोलन से होने वाली बैठक के मुद्दों पर चर्चा की गई व सदस्यों से बैठक में भाग लेने को अनुरोध किया।

बैठक में केंद्र सरकार को टैक्स सीमा को बारह लाख करने पर धन्यवाद किया। साथ ही रुके हुए चिकित्सा भत्ता बिल के एक साथ भुगतान करने, 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के बकाया राशि को एकमुश्त देने का भी अनुरोध किया। बैठक में दुर्गा राम, गोपाल गुप्ता, रमेश वर्मा, श्याम डोगरा, सत्यम वर्मा, सावित्री वर्मा, लीला शंकर शर्मा, श्याम लाल पाल, लेख राम पाल, गोपाल सिंह ठाकुर, चंदू राम वर्मा, दौलत राम वर्मा, जीत राम पाल, लेख राम शर्मा, नवनीत गुप्ता, लेख राम, मदन लाल शर्मा, रोहित शर्मा, नरदेव शर्मा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन ने किया युक्तिकरण का विरोध




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक सुखराम नड्डा की अध्यक्षता में हुई।

अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम बोर्ड में युक्तिकरण के घटिया रवैए पर दुख जाहिर किया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह के रवैए से बिजली बोर्ड कंपनियों में सम्मिलित करने का इरादा बिजली बोर्ड और सरकार की सोची समझी रणनीति है, जिसको सेवानिवृत्त एसोसिएशन कभी भी नहीं मानेगी। उन्होंने आगे बताया कि इसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भले ही बिजली बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों के साथ आंदोलन करना पड़े वह करने के लिए तैयार हैं। इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड प्रबंधन से दो मांगें की। उन्होंने आग्रह किया कि एक जनवरी-2016 से की गई बकाया राशि का भुगतान किया जाए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मेडिकल बिलों का भुगतान काफी समय से रोका गया है, उसे भी रोका दिया जाए।

**आयोजन** नगर निगम सोलन में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# स्वच्छता के लिए जन सहभागिता अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**



डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही समृद्ध शहर का आधार है और स्वच्छता सुनिश्चित बनाने के लिए शत-प्रतिशत जन सहभागिता अनिवार्य है।

डीसी सोमवार को स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत नगर निगम सोलन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डीसी ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित बनाने के लिए कचरे का समुचित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक है। इस दिशा में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबंधन के लिए परिणाम मूलक पहल की जाएंगी। कचरे के उत्पन्न होने के स्थान पर कचरे के वर्गीकरण एवं पृथक्करण की दिशा में यह कार्यक्रम परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। इस दिशा में लोगों को जागरूक बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डीसी ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए नागरिक सेवा पोर्टल भी कार्य कर रहा है। इस पोर्टल पर आरंभ में 9 आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसमें से 7 सेवाएं नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप होंगी। इसके माध्यम से व्यापार लाइसेंस, संपत्ति कर प्रबंधन, शिकायत निवारण, सामुदायिक स्थानों की बुकिंग सहित अनेक जनसेवाएं लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। भविष्य में इस प्लेटफार्म के माध्यम से 45 सेवाएं प्रदान की जाएंगी। लोगों के जीवन को सुगम बनाने तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए सरकार नवाचार के माध्यम से सतत प्रयत्नशील है। भविष्य में जिला सोलन को स्वच्छ रखने के लिए सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। डीसी ने कहा कि सोलन के शहरी निकायों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबंधन के लिए विभिन्न पहल की जाएंगी। नगर निगम की महापौर उषा शर्मा ने कहा कि नगर निगम सोलन द्वारा कचरा एकत्रित करने तथा निपटारे के लिए व्यापक स्तर पर तंत्र विकसित किया गया है।

इसके वैज्ञानिक निपटारे के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। शहरी स्थानीय निकायों में पार्किंग, पार्क व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त विमला वर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर, राजीव कौड़ा, रजनी, सुषमा देवी, पूजा, ईशा पराशर, मनोनीत पार्षद विजय ठाकुर सहित शहरी निकायों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# नौणी ने एनसीसी जॉर्जिया के साथ एमओयू साइन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने हाल ही में कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं को बढ़ावा देने और प्राकृतिक खेती तकनीकों को आगे बढ़ाने के लिए नट्स कल्टीवेशन कंपनी (एनसीसी), जॉर्जिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एनसीसी वर्तमान में जॉर्जिया में 1,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बादाम और हेजलनट के बगीचों का प्रबंधन करती है और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण (वीईटी) कार्यक्रम के माध्यम से छोटे किसानों को जैविक खेती के तरीकों में प्रशिक्षण देने में सक्रिय रूप से शामिल है। इस पहल के अंतर्गत एनसीसी का लक्ष्य जॉर्जिया में जैविक प्रथाओं को बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती तकनीकों को एकीकृत करना है, जिससे उत्पादकों को पौधों के पोषण और कीट प्रबंधन के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने की प्रशिक्षित किया जा सके।

# छात्राओं ने जानी सीवरेज ट्रीटमेंट और वाटर ट्रीटमेंट की बारीकियां



**अनंत ज्ञान, सोलन**

एमएम नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने सीवरेज ट्रीटमेंट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट चंडीगढ़ का शैक्षणिक दौरा किया।

रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने बताया कि एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुमारहट्टी सोलन के बीएससी नर्सिंग के पांचवें सेमेस्टर और जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं को 50 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सेक्टर-47, चंडीगढ़ और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सेक्टर-39, चंडीगढ़ का शैक्षणिक दौरा करवाया गया। दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सीवरेज जल के पुनर्चक्रण और इसका उपयोग सार्वजनिक उद्यानों और विभिन्न कृषि क्षेत्रों में सिंचाई के उद्देश्य से कैसे किया जाता है, उसके बारे में जागरूक करना था। यह छात्राओं के लिए कुछ नया सीखने के महत्व से एक अविश्वसनीय दौरा रहा। इस दौरे का आयोजन हरप्रीत कौर (वाइस प्रिंसिपल), कल्पना चौहान (सहायक प्रोफेसर), अनुभा पाल (नर्सिंग ट्यूटर), प्रियंका वर्मा (नर्सिंग ट्यूटर) और कविता (क्लिनिकल प्रशिक्षक) की देखरेख में किया गया।

सुनील (जेई) और रामकृष्णन ने नर्सिंग की छात्राओं को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस प्लांट की क्षमता 50 एमएलडी है, यह संयंत्र चंडीगढ़ के आवासीय क्षेत्रों से सीवरेज एकत्र करता है। छात्रों को औद्योगिक वातावरण और अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र की विभिन्न इकाइयों से परिचित करवाया गया। छात्राओं ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि अपशिष्ट कीचड़ को कैसे एकत्र किया जाता है, संसाधित किया जाता है और कीचड़ का निपटान कैसे किया जाता है। दौरे के माध्यम से, छात्राओं को उपचार संयंत्र के विभिन्न घटकों के बारे में गहराई से जानकारी मिली।

# 22 मार्च को आठवां दीक्षांत समारोह

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय अपने स्नातक छात्रों की उपलब्धियों क लिए 22 मार्च को अपने आठवें दीक्षांत समारोह की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय ने उन सभी छात्रों को बधाई दी है, जिन्हें इस भव्य अवसर पर डिग्री प्रदान की जाएगी।

शूलिनी विश्वविद्यालय, एक शीर्ष रैंक वाला अनुसंधान-संचालित संस्थान, जिसने अकादमिक नवाचार, उद्योग सहयोग और वैश्विक अनुसंधान प्रभाव में लगातार मानक स्थापित किए हैं। दीक्षांत समारोह से पहले, 21 मार्च को एक अनिवार्य रिहर्सल होगी। स्नातक छात्रों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रिहर्सल में आना अनिवार्य है। सूची 12 फरवरी से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.shooliniuniversity.com) पर उपलब्ध होगी। छात्रों को यह सत्यापित करना होगा कि उनके नाम अंग्रेजी (10वीं की मार्कशीट के अनुसार) और हिंदी दोनों में सही ढंग से लिखे गए हैं। शूलिनी विवि रजिस्ट्रार प्रोफेसर सुनील पुरी के अनुसार, किसी भी विसंगति की सूचना 22 फरवरी तक ईमेल के माध्यम से दी जा सकती है।

# पंजाब कांग्रेस का दावा, 'आप' के 30 विधायक हमारे संपर्क में

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पंजाब में भी उथल-पुथल शुरू हो गई है। पंजाब कांग्रेस का दावा है कि आम आदमी पार्टी (आप) के 30 विधायक उनके संपर्क में हैं। पंजाब में 2022 में सभी 117 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए थे, इसमें 'आप' ने 92, कांग्रेस 18, भाजपा 2, शिरोमणि अकाली दल 3 और बसपा 1 सीट जीती थी। पंजाब में बहुमत का आंकड़ा 59 का है। ऐसे में अगर 30 विधायक पार्टी छोड़ भी देते हैं तो भी 'आप' के पास 62 विधायक रहेंगे और सरकार को कोई खतरा नहीं होगा।

पंजाब सरकार की कैबिनेट की बैठक सोमवार को बुलाई गई थी। दिल्ली के नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पंजाब के सभी विधायकों को दिल्ली बैठक के लिए बुलाया है। ऐसे में अब कैबिनेट की बैठक 13 फरवरी को होगी।

दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आम आदमी पार्टी में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है। इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

पटियाला से कांग्रेस सांसद डॉ धर्मवीर गांधी ने कहा कि 'आप' की केंद्रीय लीडरशिप को लेकर पंजाब के विधायकों के अंदर आक्रोश है। यह लोग पंजाब संसाधनों व स्रोतों पर कब्जा कर रहे हैं। राज्यसभा में इन्होंने पंजाब से बाहर के लोगों को भेजा। ये बहुत से तरीके से शोषण कर रहे हैं। यह मौकापरस्त लोग हैं। सिद्धांतवादी लोग पहले ही पार्टी छोड़ गए थे। इनके विधायक भाजपा और कांग्रेस में कहीं भी जा सकते हैं। इनका पंजाब में कोई अस्तित्व नहीं बचा है।

## मुख्यमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया संबोधित

# विद्यार्थी जीवन में चुनौतियों से घबराएं नहीं : सैनी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि वे जीवन में चुनौतियों को स्वीकार करें और उनसे घबराए नहीं। चुनौती स्वीकार करते हुए काम करेंगे तो बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते है। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी अनुभव है कि जितनी बड़ी चुनौती होगी, उसको पूरा करने में उतना ही बड़ा आनंद होगा।



मुख्यमंत्री सोमवार को शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-20 पंचकूला में आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा-2025' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। सैनी ने परंपरागत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्कूल प्रांगण में शहीद मेजर अनुज राजपूत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शहीद के पिता कुलवंश और माता ऊषा रोहिल्ला भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जिला के विभिन्न स्कूलों के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री का 'परीक्षा पे चर्चा-2025' कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री देश के करोड़ों विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल

**प्रधानमंत्री** ने देश के विभिन्न कौने-कौने से आए विद्यार्थियों से बातचीत की और उनको परीक्षा के दिनों में तनाव मुक्त रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के गुर दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के परीक्षा से संबंधित प्रश्नों और शंकाओं का निवारण भी किया। उन्होंने कहा की विद्यार्थी अपने मन को स्थिर रख कर जीवन में किसी भी चुनौती का सामना कर सकते है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया किया कि वे अपने बच्चों की इच्छा और क्षमताओं को जानने का प्रयास करें और जीवन की दिशा तय करने में सहायता करे।

### जो विद्यार्थी आज में जिएंगे, वे हर चुनौती करेंगे पार : शिक्षा मंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पानीपत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह के सभागार में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2025 के लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्कूली बच्चों के साथ की गई वार्ता को सुना। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक घंटे के इस कार्यक्रम में बच्चों को खुला आसमान देने व अच्छी लेखनी के साथ तनाव पूर्ण माहौल से दूर रहकर परीक्षा देने की जो सलाह दी है, इस पर बच्चे अमल करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने जीवन की परीक्षा को निडरता से पार करना है। परीक्षा चुनौती जरूर है, लेकिन ऐसा नहीं है कि उससे पार नहीं पाया जा सकता। इसके लिए अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता है। वे तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें। वे समय का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि बगैर शिक्षक के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से उन्हें भी बहुत कुछ सीखने को मिला है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने पानीपत के महर्षि कश्यप राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, जाटल में आज सरकारी इंजीनियरिंग, बहुतकनीकी संस्थानों के इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल व इंस्ट्रूमेटेशन विभागों के 65 शिक्षकों को दिल्ली के आईआईटी की पहली एक्सपोजर विजिट का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं उच्च संस्थानों के दौरे से उनके शिक्षण एवं प्रैक्टिकल की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि अच्छे परिणाम लाने का प्रयास करें। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा के निदेशक केके कटारिया व विभिन्न संस्थानों के फैकल्टी सदस्य मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री धामी ने परिवार के साथ किया संगम स्नान



**अनंत ज्ञान, महाकुंभ नगर**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में स्नान किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री धामी ने महाकुंभ को धार्मिक महापर्व बताया और कहा कि संगम में डुबकी लगाना पुण्य का काम है।

संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है।'' धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ की तैयारियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है ताकि वहां होने वाले कुंभ को भी प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जा सके।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महाआयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी और साथ ही आयोजन को भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। संगम स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी बच्चे के साथ लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखाई दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### रूट्स कंट्री स्कूल में द्वितीय वार्षिकोत्सव की धूम



**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** रूट्स कंट्री स्कूल ने अपने द्वितीय वार्षिकोत्सव 'परंपरा और आश्चर्य की प्रतिध्वनियां' को भव्य और अनूठे अंदाज में मनाया। इस समारोह के मुख्य अतिथि परम विशिष्ट सेवा मेडल एवं अति विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त लेफ्टिनेंट जनरल कमलजीत सिंह (सेवानिवृत्त) और उनकी धर्मपत्नी अनीता सिंह रहीं। विद्यालय के निदेशक सुनील रोथा एवं कृति रोथा ने समारोह की अध्यक्षता की। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां प्रिंसिपल सूजन भागरा व शिक्षकों ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। मुख्यातिथि ने एआई रोबोटिक्स लैब का उद्घाटन किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक संध्या का प्रारंभ हुआ। प्राचार्या सूजन भागरा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में आधुनिक शिक्षा में तकनीक के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थितजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत, सभी के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। अंत में प्रिंसिपल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर समारोह का विधिवत समापन हुआ।

# क्लब एनपीसी और आईआईआईडी ने 'किरण' सत्र में दिग्गजों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



क्लब एनपीसी (नेटवर्क ऑफ पीपल ऑफ कंस्ट्रक्शन) ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनिंग (आईआईआईडी) के सहयोग से सेक्टर-17 परेड ग्राउंड में आयोजित की जा रही आर्कएक्स प्रदर्शनी के तहत 'किरण' नामक एक विशेष सत्र का आयोजन किया।

यह आयोजन आर्किटेक्चर, कंट्रक्शन और इंटीरियर/एक्सटीरियर डिजाइन उद्योगों के 200 से अधिक प्रोफेशनल्स के लिए एक गतिशील मंच के रूप में उपयोगी साबित हुआ जिससे नेटवर्किंग, इनफार्मेशन और भविष्य की कोलैबोरेशन को बढ़ावा मिला। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पुनिता बावा ने इस तरह के मंचों के महत्व को उजागर किया, जो कि इनोवेशन और एक्सीलेंस को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उन प्रोफेशनल्स का सम्मान था, जिन्होंने उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मानित व्यक्तियों में आर्किटेक्ट दीपिका गांधी, आर्किटेक्ट नूर दशमेश, चरणजीत सिंह, रॉबिन कश्यप और दिनेश बत्रा सहित अन्य नाम शामिल थे।

## ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसो. के सदस्य राज्यपाल से मिले

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सोमवार को ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। इस बैठक में संजय टंडन की उपस्थिति में अनाज मंडी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष मोहित सूद, चेयरमैन राजकुमार बंसल, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, महासचिव राहुल गोयल और उपाध्यक्ष प्रभात जैन शामिल हुए। उन्होंने राज्यपाल महोदय के समक्ष अनाज मंडी में स्वच्छता, अतिक्रमण, पार्किंग और सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को रखा और इनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। राज्यपाल महोदय ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रेन मार्केट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

# रेडक्रॉस के साथ युवा कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र के नव निर्माण में करें सहयोग : मुकेश

**अनंत ज्ञान, हरिद्वार**

धर्मनगरी हरिद्वार की पावन धरा पर नंगली बेला आश्रम भूपतवाला हरिद्वार में भारतीय रेडक्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर (लड़कियों के लिए) समापन समारोह में भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि ने कहा कि रेडक्रास विश्व का सबसे बड़ा सेवाभावी संगठन है। भारतीय संस्कृति के अनेक ऐसे सूत्र हैं, जो मानव को मानव की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य बन कर रेडक्रॉस के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यूथ रेडक्रॉस संगठन से जुड़कर मानव




कल्याण करने के लिए प्रेरित हों। मानव कल्याण, श्रद्धा, विश्वास, बुजुर्गों की सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में लागू करें। रेडक्रॉस संगठन का मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता जैसे सिद्धांतों में विश्वास है। मुझे प्रसन्नता है कि रेडक्रॉस हरियाणा ने सेवा और अन्य दूसरे सामाजिक कार्यों में पूरे भारत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। जरूरतमंदों की सेवा हो, रक्तदान हो, सभी में रेडक्रॉस हरियाणा अपनी एक अलग पहचान रखता है। इसी प्रकार वह रक्त जिसे चढ़ाया जाता है, उससे भी इन विषयों के बारे में नहीं पूछा जाता।

## मणिपुर में हथियारों के साथ 8 उग्रवादी गिरफ्तार



**मणिपुर।** मणिपुर में सेना ने ज्वॉइंट ऑपरेशन में 8 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। सेना ने बताया कि असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस ने काकचिंग, थौबल, टेंग्नौपाल, विष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और चंदेल जिलों में ज्वांइट ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान उग्रवादियों से 25 हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। वहीं, उग्रवादी संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी के सशस्त्र कैडरों ने थौबल जिले में मणिपुर राइफल्स की एक चौकी से कई हथियार और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद लूट लिया था, जिसके एक दिन बाद पुलिस ने हथियार और गोला-बारूद बरामद कर लिया है।

## विमान को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सोमवार सुबह उतरे एक अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिला है, जिसके बाद अधिकारियों ने विमान की तलाशी ली। एक अधिकारी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि एक सीट के नीचे धमकी भरा पत्र मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने एनआईए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तिहाड़ जेल में फोन कॉल और 'ई-मुलाकात' सुविधाओं को वापस लेने के खिलाफ अलगाववादी नेता नईम अहमद खान की याचिका पर तिहाड़ जेल अधिकारियों और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से उनका रुख पूछा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने एनआईए और तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता तारा नरूला ने तर्क दिया कि एनआईए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने के बहाने नवंबर 2023 से टेलीफोन सुविधाएं 'मनमाने ढंग से' वापस ले ली गईं। जुलाई, 2017 में गिरफ्तार खान, 26/11 मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद से जुड़े आतंकवाद-वित्तपोषण मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में है।

## देश-विदेश

### सुप्रीम कोर्ट की देश में अलग साइकिल ट्रैक बनाने की याचिका पर टिप्पणी

# झुग्गी-झोपड़ियों में लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा, आप साइकिल ट्रैक के सपने देख रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि देश में राज्यों के पास किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए धन नहीं है तथा लोगों के पास पीने का स्वच्छ पानी नहीं है, ऐसी स्थिति में साइकिल ट्रैक के बारे में कल्पना करना ठीक नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने देश में अलग साइकिल ट्रैक बनाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता से कहा कि उन्हें अपनी प्राथमिकताएं सही रखनी होंगी और अन्य अधिक जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। याचिकाकर्ता से कहा कि झुग्गी-झोपड़ियों में जाइए, पता लगाइए कि लोग किस हालत में रह रहे हैं। राज्यों के पास किफायती आवास मुहैया कराने के लिए पैसे नहीं हैं और हम दिन में सपने देख रहे हैं।

लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, ऐसे में आप दिन में सपना देख रहे हैं कि साइकिल ट्रैक होना चाहिए। हमारी प्राथमिकताएं गलत हो रही हैं। हमें अपनी प्राथमिकताएं सही रखनी होंगी। हमें संविधान के अनुच्छेद-21 के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए। लोगों के पास पीने के लिए साफ पानी नहीं है। सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और आप साइकिल ट्रैक चाहते हैं?

# अब स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहा कि अब स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। उनका मानना है कि यह देश की व्यापार प्रणाली में संरचनात्मक परिवर्तन का हिस्सा है। ट्रंप ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान किया गया वादा करने के समय आ गया है।

द वाल स्ट्रीट जनरल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार या बुधवार को यह घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि इसके पीछे उनका मकसद अमेरिकी उद्योगों की रक्षा करना और ट्रेड बैलेंस में सुधार करना है। ट्रंप ने यह संकेत रविवार को न्यू ऑरलियंस में एयर फोर्स वन में संवाददाता सम्मेलन में दिए। उन्होंने कहा कि यह सभी देशों पर लागू होगा। गौर रहे कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016-2020 तक अपने पहले कार्यकाल में स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्यूमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील समेत कई ट्रेड पार्टनर्स को ड्यूटी फ्री कोटा दिया था। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस कोटा को ब्रिटेन, जापान और यूरोपीय संघ तक बढ़ा दिया था।

### मेक्सिको की खाड़ी का नाम अब अमेरिका खाड़ी

**डोनाल्ड** ट्रंप ने मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप इस आदेश पर उस समय हस्ताक्षर किए, जब वह खुद अपने आधिकारिक विमान एयरफोर्स वन से अमेरिका की खाड़ी के ऊपर उड़ान भर रहे थे। ट्रंप दरअसल न्यू ऑर्लियंस में सुपर बाउल में शामिल होने जा रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने का एलान कर दिया था और अब आधिकारिक तौर पर उस आदेश पर हस्ताक्षर किए।

## पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने सात आतंकी मार गिराए

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग मुठभेड़ों में सात आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक शहीद हो गया। सुरक्षाबलों ने 8 और 9 फरवरी की रात को इलाके में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी की सूचना पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी इलाके में खुफिया ऑपरेशन शुरू किया। इस्माइल खान जिले के खुफिया ऑपरेशन में तीन आतंकवादी



मारे गए और दो अन्य घायल हो गए।

तीनों आतंकवादी तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और बम बनाने में विशेषज्ञ थे। इसके बाद आतंकवादियों के खिलाफ एक और ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली तहसील में चलाया गया। सुरक्षाबलों ने यहां चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस बीच, पेशावर और कोहाट के बीच सीमा पर हसन खेल उपखंड में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एक सैनिक शहीद हो गया और तीन अन्य घायल हो गए।

## भारत करेगा 6-7 मार्च को वैश्विक सड़क अवसंरचना शिखर सम्मेलन की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वैश्विक** सड़क अवसंरचना शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (जीआरआईएस) का आयोजन अगले महीने 6-7 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने सोमवार को कहा कि इस सम्मेलन में दुनियाभर से लगभग 300 प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन सुरक्षित अवसंरचना के लिए प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, शहरी नियोजन के साथ सड़क सुरक्षा को जोड़ने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने पर केंद्रित होगा।

सुरक्षित सड़कों के लिए टिकाऊ अवसंरचना और नीति' है। आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का मकसद सड़क डिजाइन, निर्माण और प्रबंधन के हर पहलू में सुरक्षा को प्राथमिकता देना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं बहुत कम करके अंततः शून्य मृत्यु दर का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# सोना पहली बार साढ़े 85 हजार के पार 41 दिन में 9,503 रुपए कीमत बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सोना** सोमवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 966 रुपए बढ़कर 85,665 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 84,699 रुपए प्रति दस ग्राम के ऑलटाइम हाई पर था। चांदी में भी बढ़त रही। 1 किलो चांदी की कीमत 132 रुपए बढ़कर 95,533 रुपए किलो पर पहुंच गई है। पहले चांदी का भाव 95,391 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्तूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब यह 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

## ममता कुलकर्णी ने छोड़ा महामंडलेश्वर पद

**नई दिल्ली।** किन्नर अखाड़े में विवाद के बीच ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। इस बात की घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके की है। ममता ने कहा कि किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर विवाद है। उसके चलते इस्तीफा दे रही हूं। मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप लग रहे थे। हालांकि, अब ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरि ने अपने हाथों से अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे।

# रूसी सुखोई-57 और अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट की गड़गड़ाहट से गूंजा बेंगलुरु का आसमान

### बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया एयर शो 'एयरो इंडिया 2025' का शुभारंभ

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**एशिया** के सबसे बड़े एयर शो में से एक एयरो इंडिया 2025 की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह शो बेंगलुरु के येलाहेंका एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है, जो 14 फरवरी तक चलेगा।

एयर शो में तेजस मार्क 1ए विमान ने हवा में 360ए चक्कर लगाया। वहीं, सुखोई एसयू-30 एमकेआई ने भी आसमान में करतब दिखाया। सूर्य किरण ने हवा में उड़ान के दौरान तीन रंग फैलाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। शो में करीब 30 देशों के रक्षामंत्री या प्रतिनिधि और 43 देशों के वायुसेना प्रमुख और सचिव मौजूद रहेंगे। शो के



पहले 3 दिन बिजनेस विजिटर्स और आखिरी 2 दिन आम लोगों के लिए रहेंगे। इसमें पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट भी शामिल किए हैं। अमेरिकी एयरफोर्स ने अपने पांचवीं जनरेशन के फाइटर जेट एफ-35 को और रूस ने अपने सुखोई-एस-57 को बेंगलुरु के एयर शो में प्रदर्शन के लिए भेजा है।

# सेंसेक्स 548 अंक गिरकर 77,311 पर बंद, निफ्टी भी 178 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**





**सेंसेक्स** सोमवार को 548 अंक की गिरावट के साथ 77,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 178 अंक की गिरावट रही, ये 23,381 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी देखने को मिली। आज एनर्जी, आईटी और मेटल शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टाटा स्टील और पावरग्रिड के शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। अजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ आज से ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए 13 फरवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 17 फरवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जसप्रीत बुमराह एनसीए में शुरू करेंगे गेंदबाजी और जिम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी को लेकर नया अपडेट आया है। बुमराह नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। शुक्रवार को बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट अकादमी में उनका स्कैन किया गया था। स्कैन की रिपोर्ट को लेकर मेडिकल टीम और बीसीसीआई के बीच चर्चा हुई है। अब अगले 24-48 घंटे उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उनके कुछ जिम वर्क और हल्की गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वह स्क्वॉड में शामिल हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि, सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है।



### डब्ल्यूटीए 125 मुंबई ओपन

### जिल टीचमैन ने एकल, अंशबा और प्रिडांकिना ने युगल खिताब जीता

**एजेंसी, मुंबई।** भारत की प्रार्थना थोंबारे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो यहां मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के युगल फाइनल में अमीना अंशबा और एलेना प्रिडेंकिना की रूसी जोड़ी से हार गईं, जबकि जिल टीचमैन ने मंत्रया सवांगकाव को हराकर एकल खिताब जीता। स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाव को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडेंकिना की जोड़ी ने थोंबारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 अमेरिकी डॉलर का इनाम जीता।



### कायनात का बिंदास स्टाइल

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर कायनात इम्तियाज ने सगाई कर ली है। क्रिकेटर ने अपनी सगाई की जानकारी सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए दी है जिसके बाद उनके फैंस ने उन्हें बधाइयां दी।



### भारतीय गोल्फर अदिति अशोक फाउंडर्स कप में संयुक्त 34वें स्थान पर

**ब्रैडेनटन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने फाउंडर्स कप में चार बर्डी की मदद से लगातार दूसरी बार 69 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 34वें स्थान पर रहीं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एलपीजीए टूर में सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में चार दौर में 72-70-69-69 का स्कोर बनाया। उन्होंने रविवार को यहां 17वें और 18वें होल में बर्डी बनाकर अपने अभियान का समापन किया। इस बीच येलीमी नोह विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जिन यंग को को चार स्ट्रोक से पीछे छोड़कर ब्रैडेनटन कंट्री क्लब में पहली बार विजेता बनीं। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया।



---

**ट्राई सीरीज, दूसरा वनडे: मैथ्यू ब्रीत्ज़के के शतक पर भारी पड़ी केन विलियमसन की सेंचुरी**

# न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को 6 विकेट से हराया

**एजेंसी, लाहौर**

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्राई सीरीज खेली जा रही है। सोमवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 304 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 4 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कीवी टीम से पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने शतक लगाया, उनकी यह सेंचुरी वनडे में पूरे 2059 दिन बाद आई। डेवोन कॉन्वे 97 रन बनाकर आउट हुए।

साउथ अफ्रीका से डेब्यू मैच खेल रहे विकेटकीपर बैटर मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने 150 रन की पारी खेली। यह डेब्यू वनडे में किसी प्लेयर का हाईएस्ट स्कोर है। गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका से मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने 148 बॉल पर 150 रन बनाए। उनके अलावा मुल्डर ने 60 बॉल पर 64 रन बनाए। जेसन स्मिथ ने 41 और कप्तान टेम्बा बवुमा ने 20 रन बनाए। चौथे विकेट के लिए ब्रीत्ज़के और मुल्डर के बीच 114 बॉल पर 131 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी और विल ओरूर्के ने 2-2 विकेट लिए। माइकल ब्रेसवेल को भी 1 सफलता मिली। जेसन स्मिथ रनआउट हुए। 305 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कीवी टीम ने 10वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। विल यंग 10 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर उतरे केन विलियमसन ने ओपनर डेवोन कॉन्वे के साथ पारी संभाली। दोनों ने 183 रन की पार्टनरशिप की और टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

कॉन्वे 97 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें जूनियर डाला ने पवेलियन भेजा। डेरिल मिचेल 10 रन और विकेटकीपर टॉम लैथम खाता खोले बगैर आउट हो गए। आखिर में ग्लेन फिलिप्स ने 28 रन बनाकर विलियमसन के साथ टीम को जीत दिला दी। विलियमसन ने 133 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से सेनुरन मुथुसामी ने 2 विकेट लिए। ईथन बॉश और जूनियर डाला को 1-1 विकेट मिला।



केन विलियमसन ने बनाए 133 रन



मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने बनाए 150 रन

---


# इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**एजेंसी, कटक**

इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की।

बटलर ने कहा,''ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए, वास्तव में निराशाजनक है, क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।''

बाएं हाथ के बल्लेबाज 21 वर्षीय बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह चोटिल होने के कारण दूसरे वनडे में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ने उनके कवर के रूप में टॉम बैंटन को टीम में शामिल किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। इंग्लैंड 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।



---

# सेमीफाइनल में पहुंची महिला हैंडबॉल टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उत्तराखंड में चल रही नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए अपना क्वार्टर फाइनल मैच भी एकतरफा जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ महासचिव राजेश भंडारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपने तीनों मैचों की तरह हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम ने अपना क्वार्टर फाइनल मैच भी एक तरफा जीत के सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल महिला टीम से मेनिका खिलाड़ी मेनिका हीपाल ने 5, जस्सी ने 2 मितली ने 3, शालिनी ने 3, रिम्पल ने 4, जाग्रति ने 3, पायल ने 3, कृतिका ने 4, शालिनी ने 4, शैवज 3, संजना ने 2 गोल किये। वहीं दीक्षा ठाकुर, संजना व हेमलता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ ने हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम की क्वार्टर फाइनल में एकतरफा जीत पर खुशी व्यक्त की है। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, सह सचिव डीडी तनवर, मुनीश राणा, चंदन ठाकुर, दीपक ठाकुर, रणदीव ठाकुर, कर्ण चंदेल, मनोज ठाकुर, स्नेहलता, कांता पराशर, परवीन दुबे, ने टीम को बधाई दी है व उम्मीद जताई है कि फाइनल मैच जीत कर जिला व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



---

# पहली बाजी गंवाने के बाद डी गुकेश की नजरें करुआना के खिलाफ वापसी पर

**एजेंसी, हैम्बर्ग (जर्मनी)**

विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे। रविवार को 'सामान्य टाइम कंट्रोल' के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे।

भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं, जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है।

पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया। मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।



---

# पाकिस्तान घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक टीम उसे सेमीफाइनल में पहुंचना चाहिए: शास्त्री

**एजेंसी, दुबई**

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। गत चैंपियन पाकिस्तान ने हाल में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन वनडे सीरीज जीतीं, जिससे वह आत्मविश्वास के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में उतरेगा।

शास्त्री ने कहा, ''मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'' पाकिस्तान की टीम के महत्वपूर्ण सदस्य अयूब चोटिल होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन शास्त्री का मानना है कि इसके बावजूद उसकी टीम में काफी अच्छे खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा,''उस शीर्ष क्रम में अयूब की कमी महसूस होगी क्योंकि वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, लेकिन पाकिस्तान की टीम घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक टीम है। मेरा मानना है कि उसे सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करना चाहिए। इसके बाद कोई भी टीम जीत सकती है।''

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की बात पर सहमति व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण का जिक्र किया, जिसमें शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन शामिल हैं। रिकी पोंटिंग ने कहा, ''मैं रवि से पूरी तरह सहमत हूं। अयूब शानदार खिलाड़ी है और उनकी कमी पूरा करना मुश्किल होगा, लेकिन पाकिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण बहुत अच्छा है।



---

**एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप**

# सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

**एजेंसी, किंगदाओ (चीन)**

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारत टीम को इसके बाद वीरवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है, लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीता था।

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



फाइल फोटो

---

# मैच दौरान 'फ्लडलाइट' में गड़बड़ी को लेकर ओसीए से मांगेंगे स्पष्टीकरण : खेल मंत्री

**एजेंसी, कटक।** ऐतिहासिक बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच 'फ्लडलाइट' में खराबी के कारण करीब 30 मिनट तक बाधित रहने को लेकर खेल मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने रविवार को कहा कि सरकार ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) से स्पष्टीकरण मांगेगी। सूरज इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ स्टेडियम में मौजूद थे। उन्होंने कहा, ''फ्लडलाइट में गड़बड़ी के बारे में ओसीए से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। ओसीए द्वारा सभी सावधानियां बरतने और व्यापक पूर्व व्यवस्था करने के बावजूद यह घटना हुई।'' हालांकि, ओसीए सचिव संजय बेहरा ने कहा कि प्रत्येक फ्लडलाइट टावर को दो जनरेटर से जोड़ा गया था। बेहरा ने कहा, ''जब एक जनरेटर खराब हो गया, तो हमने दूसरा जनरेटर चालू कर दिया लेकिन जनरेटर को हटाने में कुछ समय लगा, क्योंकि खिलाड़ियों का वाहन टावर और दूसरे जनरेटर के बीच में खड़ा था।'' इस बीच, स्टेडियम में मौजूद बाराबती-कटक से कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस ने फ्लडलाइट में आई गड़बड़ी की निंदा की।

---

**क्रिकेट**

**इंग्लैंड पर जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा बोले-**

# मैं खास प्लानिंग के साथ उतरा था बल्लेबाजी करने

**एजेंसी, कटक**

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने कटक वनडे 4 विकेट से जीता। 305 रन के स्कोर को रोहित की शानदार शतकीय पारी के चलते भारत ने 44.3 ओवर में हासिल कर लिया। रविवार को प्लेयर ऑफ द मैच रोहित बोले, मैं अपने प्लान के साथ खेलने आया था। इंग्लिश कैप्टन बटलर ने कहा, रोहित वनडे क्रिकेट के टॉप क्लॉस बैटर हैं। शुभमन ने कहा, रोहित की बैटिंग देखना अलग अहसास है।

प्लेयर ऑफ द मैच कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टीम के लिए रन स्कोर करने के बाद अच्छा लगा। सीरीज हमारे नाम हो गई। मैंने शानदार बल्लेबाजी की। वनडे एक ऐसा फॉर्मेट है, जो टी-20 क्रिकेट से लंबा और टेस्ट से काफी छोटा है। फिर भी, आपको सिचुएशन के हिसाब से बल्लेबाजी करने की जरूरत होती है। कटक की पिच काली मिट्टी की है, इस पर आपको बाउंस का अंदाजा नहीं होता है। ऐसी पिच पर सीधे बल्ले से खेलना सही होता है।

उन्होंने आगे कहा कि इंग्लिश बॉलर्स बॉडी लाइन गेंदबाजी कर रहे थे। मैं अपने प्लान के साथ आया था। बॉलर्स रूम नहीं दे रहे थे। मैंने बॉल गैप्स में डालकर रन बनाए। गिल और श्रेयस ने अच्छा साथ दिया। एक टीम के तौर पर मैं और गिल एक-दूसरे की बल्लेबाजी को देखते हैं। गिल टॉप क्लास प्लेयर हैं। वे मुश्किल सिचुएशन में घबराते नहीं हैं।

इंग्लैंड की तरफ से 65 रन बनाने वाले बेन डकेट ने कहा कि हमने अच्छी शुरुआत की थी। पावरप्ले के ओवर्स में गेंद नीचे रह रही थी। स्लॉट के साथ हमने डिसाइड किया था कि मैं तेज खेलूंगा और वे मेरा साथ देंगे। उन्होंने मुझे ज्यादा स्ट्राइक दी, क्योंकि मैं गेंद को अच्छी तरह से टाइम कर रहा था। 300 एक अच्छा स्कोर था।



### रोहित वनडे क्रिकेट के टॉप क्लॉस बैटर : बटलर

**इंग्लिश** कप्तान जोस बटलर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने मैच में कई सारी चीजें सही कीं। पहले बल्लेबाजी कर 300 रन अच्छा स्कोर था। हम उस स्कोर में 50 रन और जोड़ सकते थे। रोहित ने तेजी से बल्लेबाजी की। वे वनडे क्रिकेट के टॉप क्लॉस बैटर हैं। भारत ने हर फील्ड में शानदार खेल दिखाया। हार के बावजूद हमने कई बॉक्स टिक किए। टीम को पॉजिटिव रहने की जरूरत है।



### रोहित की बैटिंग देखना अलग अहसास : शुभमन



**शुभमन** ने कहा कि बैटिंग के दौरान मैं अच्छा महसूस कर रहा था। रोहित भाई के साथ बैटिंग करना हमेशा अच्छा रहता है। नॉन-स्ट्राइकर एंड से उनकी बैटिंग देखने का अहसास अलग रहता है। पिच पर कुछ गेंदें धीमी रह रही थीं, लेकिन सेट होने के बाद सब कुछ ठीक रहा। रोहित के होने के बाद बातें हो रही थीं कि सेट होने के बाद गेंदबाजों को डॉमिनेट करना है।

---

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर शिकंजा कसा

**कोलकाता।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। मुंबई ने सलामी बल्लेबाज आकाश आनंद (10), आयुष म्हात्रे (31) और सिद्धेश लाड (43) के विकेट जल्दी गवा दिए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय रहाणे के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे 30 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले हरियाणा ने अपनी पहली पारी सुबह पांच विकेट पर 263 रन से आगे बढ़ाई और केवल 38 रन के अंदर अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। मुंबई की तरफ से शार्दुल के अलावा शम्स मुलानी और तनुश कोटियान ने दो-दो विकेट लिए।